आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.35
सूर्यास्त 06.44

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष दशमी 06:07 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 26 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 60, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



बंगाल में गरीबों की नहीं, अमीरों की मदद कर रहीं ममता : राहुल गांधी - 12



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं- देश के शेयर बाजार का सफर लम्बा और उपलब्धियां विश्वस्तरीय - 12



जिस भी देश में आप रहते हैं उसके प्रति पूरा वफादार बनें : होसबाले - 13



कैच पकड़ने के प्रयास में लुंगी एनगिडी हुए चोटिल - 14

# हाईस्कूल में अक्षत, इंटरमीडिएट में गीतिका और सुशीला ने मारी बाजी

## उत्तराखंड बोर्ड के नतीजे घोषित, बालिकाएं फिर रहीं अव्वल, हाईस्कूल में एक तो इंटरमीडिएट में दो ने किया उत्तराखंड टॉप

मुख्य संवाददाता, रामनगर/देहरादून

**अमृत विचार:** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम शनिवार को विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने रामनगर स्थित विद्यालयी शिक्षा परिषद के सभागार में जारी किए। इस साल इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 85.11 फीसदी जबकि हाईस्कूल का 92.10 फीसदी रहा है।





परीक्षा परिणाम जारी करते विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और बोर्ड के पदाधिकारी।

राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी परीक्षार्थियों को सफलता पाने पर बधाई दी। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 12वीं बोर्ड परीक्षा की संयुक्त श्रेष्ठता सूची में सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज बागेश्वर की गीतिका पंत व भंजूराम अमर इंटर कॉलेज ऊधमसिंह नगर की सुशीला मेंहदीरत्ता ने 98 फीसदी अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास विकास ऋषिकेश के आर्यन ने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि सरस्वती विद्या मंदिर मायापुर हरिद्वार की वंशिका ने 97 फीसदी अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### परीक्षा परिणामों की खास बातें

इस साल हाईस्कूल परीक्षा में 1,12,266 पंजीकृत परीक्षार्थियों में सम्मिलत 1,08,983 में से 1,00,373 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए। परीक्षा का कुल परिणाम 92.10 प्रतिशत रहा जो वर्ष 2025 की तुलना में 1.33 प्रतिशत अधिक है। बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 96.07 जबकि बालकों का 88.03 प्रतिशत दर्ज किया गया। संस्थागत परीक्षार्थियों का परिणाम 92.47 प्रतिशत और व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का 65.05 प्रतिशत रहा। श्रेणीवार परिणाम में 7.28 प्रतिशत परीक्षार्थी सम्मान सहित, 28.20 प्रतिशत प्रथम श्रेणी, 42.86 प्रतिशत द्वितीय श्रेणी तथा 13.75 प्रतिशत तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

इसी प्रकार हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा की श्रेष्ठता सूची में एमपी हिन्दू इंटर कॉलेज रामनगर नैनीताल के अक्षत गोपाल ने 98.20 फीसदी अंक हासिल कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। एसवीएम. इंटर कॉलेज चिन्यालीसौड, उत्तरकाशी के इशांत कोठारी तथा जीबी पंत जीआईसी खैरना, नैनीताल की भूमिका ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप दूसरा स्थान प्राप्त किया है। विवेकानंद वीएमआईसी मंडलसेरा बागेश्वर के योगेश जोशी ने 97.80 फीसदी अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बोर्ड परीक्षाओं में बागेश्वर जनपद का प्रदर्शन शानदार रहा है। बागेश्वर जनपद ने इंटरमीडिएट में कुल 94.84 फीसदी व हाईस्कूल में 96.98 फीसदी परीक्षाफल के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**हाईस्कूल टॉपर**



98.20%
अक्षत गोपाल

**इंटरमीडिएट टॉपर**



98 %
सुशीला



98%
गीतिका





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सीएआरआई एशिया के पोल्ट्री हब की गौरवगाथा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# अमेरिकी अधिकारियों से बिना मिले लौटे ईरानी विदेश मंत्री, अधर में वार्ता

## अराघची ने पाकिस्तान को शर्तें सौंपी, अमेरिकी डेलिगेशन नहीं भेजेंगे ट्रंप

- ईरान के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की

इस्लामाबाद, एजेंसी

अमरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की संघर्षविराम वार्ता अधर में पड़ती नजर आ रही है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शनिवार शाम इस्लामाबाद से अमेरिकी अधिकारियों से बिना मिले ही लौट गए। उन्होंने अपने दौरे के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। रवाना होते वक्त पाकिस्तानी अधिकारियों ने उन्हें एयरपोर्ट पर विदाई दी।

अराघची ने पाकिस्तान को ईरान की शर्तें और अमेरिकी मांगों पर अपनी आपत्तियां भी सौंप दी हैं। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अब वह विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर को इस्लामाबाद नहीं भेजेंगे। ईरान ने अमेरिका से सीधे बातचीत करने से इनकार कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने कहा कि ईरान अपनी बात पाकिस्तान के जरिए ही अमेरिका तक पहुंचाएगा।



ईरान के विदेश मंत्री का स्वागत करते पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार।

इससे पूर्व ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शनिवार को पाकिस्तान के शीर्ष असैन्य और सैन्य नेतृत्व से मुलाकात की और क्षेत्रीय स्थिति तथा अमेरिका के साथ शांति वार्ता को लेकर चर्चा की। इस सप्ताह हालांकि अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर की संभावना कम होती नजर आ रही है। शुक्रवार को इस्लामाबाद पहुंचे अराघची ने शनिवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से मुलाकात की। वार्ता के बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। ईरानी दूतावास द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो के अनुसार, बैठक में ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई और ईरान के राजदूत रजा अमीरी मोघदम भी उपस्थित थे। अधिकारी ने कहा, ऐसा लगता है कि अराघची ने पाकिस्तान को ईरान की 'कुछ चिंताओं' से अवगत कराया है, जिन्हें इस्लामाबाद अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के आगमन पर उनके साथ साझा करेगा। यदि अमेरिका इन चिंताओं को दूर करने और कुछ समझदारी दिखाने के लिए सहमत होता है, तो बाद में इस्लामाबाद में दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत का दूसरा दौर होगा। इससे पहले दिन में, ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बगाई ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच कोई बैठक आयोजित करने की योजना नहीं है। ईरान का पक्ष पाकिस्तान को बता दिया जाएगा।

### नाकेबंदी जारी रही तो कड़ा जवाब देंगे : ईरान

**तेहरान।** ईरान की सेना ने अमेरिका को चेतावनी दी कि अगर ईरानी बंदरगाहों पर नाकेबंदी जारी रही, तो वह जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार और प्रतिबद्ध है। हजरत खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय ने कहा कि देश की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए ईरानी सशस्त्र बलों के पास अब पहले से कहीं अधिक शक्ति और तत्परता है।

## ब्रीफ न्यूज

### 16 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी का भंडाफोड़ दो फर्जी निदेशक पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने म्यूल बैंक खातों और मुखौटा कंपनियों से जुड़े साइबर धोखाधड़ी को बढ़ावा देने वाले एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और आठ दिनों के भीतर 16 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन का पता लगाने के बाद दो फर्जी निदेशकों को गिरफ्तार किया है। म्यूल बैंक खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं, जिन्हें दूसरों के नाम से खुलवाया जाता है और जिनका इस्तेमाल अवैध तरीके से अर्जित धन के लेनदेन के लिए किया जाता है। आरोपी सोनू और अमिंदर एक प्राइवेट कंपनी के फर्जी निदेशक के रूप में काम कर रहे थे।

# जनहित से जुड़े प्रकरणों का प्रभावी निस्तारण करें अधिकारी : धामी

- मुख्यमंत्री ने मुख्य सेवक सदन में आमजन से किया सीधा संवाद
- प्रदेश भर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं, कई का मौके पर समाधान

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि, जनहित से जुड़े प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण किया जाए। सीएम कैंप ऑफिस स्थित मुख्य सेवक सदन में शनिवार को मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

इस दौरान उन्होंने आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया। मुख्यमंत्री ने सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आर्थिक सहायता से संबंधित विभिन्न मामलों पर त्वरित कार्यवाही के अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि, समस्याओं के समाधान में अनावश्यक विलंब न हो तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।



मुख्य सेवक सदन में छात्राओं से बात करते मुख्यमंत्री धामी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य शासन-प्रशासन को आमजन के प्रति संवेदनशील, जवाबदेह एवं पारदर्शी बनाना है, ताकि जनता को त्वरित राहत मिल सके। जनसुनवाई सरकार और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है, जिससे न केवल समस्याओं का त्वरित समाधान होता है, बल्कि शासन की कार्यप्रणाली में भी निरंतर सुधार होता है।

इस अवसर पर उत्तराखंड फिल्म टेलीविजन एंड रेडियो एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राज्य में प्रभावी एवं दूरदर्शी फिल्म नीति लागू करने पर मुख्यमंत्री को अभिनंदन पत्र सौंपते हुए उनका आभार व्यक्त किया। कहा कि नई फिल्म नीति से उत्तराखंड फिल्म निर्माण के क्षेत्र में एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है, जिससे स्थानीय कलाकारों, तकनीशियनों एवं युवाओं को नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। वहीं, जन जागरण अभियान समिति के तत्वावधान में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने राज्य सरकार द्वारा संचालित 15 उत्कृष्ट योजनाओं पर आधारित आकर्षक पोस्टर तैयार कर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए। छात्राओं ने इन योजनाओं के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को मिल रहे लाभ के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां न केवल विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें समाज और शासन से जुड़े विषयों के प्रति संवेदनशील भी बनाती हैं।

कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं युवा विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

# वेतन बढ़ाने की मांग पर श्रमिकों-पुलिस में झड़प



वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हंगामा कर रहे श्रमिकों को रोकती पुलिस।

- कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने लाठी फटकारी जमकर धक्कामुक्की

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नोएडा की तरह औद्योगिक आस्थान सिडकुल में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर वी गार्ड कंपनी के श्रमिकों ने शनिवार सुबह कार्य बहिष्कार कर गेट के बाहर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने श्रमिकों को समझाने की कोशिश की तो दोनों पक्षों में झड़प और धक्कामुक्की हो गई। पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उग्र श्रमिकों को लाठी फटकारकर खदेड़ने का प्रयास किया लेकिन श्रमिक धरना प्रदर्शन पर अड़े रहे।

शुक्रवार सुबह कंपनी के काफी संख्या में श्रमिकों ने गेट के बाहर आकर कार्य बहिष्कार कर वेतन वृद्धि का मुद्दा उठाया था। उनका दावा था कि भारत सरकार ने न्यूनतम वेतन वृद्धि 21 हजार करने का शासनादेश जारी किया है, जिसे धरातल पर उतारा जाए। काफी समझाने के बाद भी श्रमिक नहीं माने और पूरी रात फैक्ट्री गेट पर ही डटे रहे। शनिवार सुबह श्रमिकों ने फिर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर तहसीलदार दिनेश कुटोला, सीओ पंतनगर डीआर आर्या और थाना पंतनगर नंदन सिंह रावत भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने श्रमिकों को कंपनी गेट से दो सौ मीटर दूर जाने को कहा तो श्रमिक नहीं माने और गेट पर ही धरना प्रदर्शन को लेकर अड़ गए। जिसके बाद पुलिस ने लाठियां फटकार उन्हें खदेड़ने की कोशिश की। इस दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया। श्रमिकों ने चेतावनी दी कि न्यूनतम वेतनमान 21 हजार रुपये का मुद्दा उग्र आंदोलन में तब्दील होगा। हंगामे की सूचना पर एएलसी अरविंद सैनी ने भी श्रमिकों को समझाने की कोशिश की, लेकिन श्रमिक नहीं माने और आंदोलन जारी रहा। एहतियात के तौर पर मौके पर पुलिस फोर्स तैनात की गई है।

# सरकार ने नीति आयोग का किया पुनर्गठन

- अशोक कुमार लाहिड़ी को वाइस चेयरमैन तथा पांच पूर्णकालिक सदस्यों की नियुक्ति की
- अर्थशास्त्री केवी राजू, एम्स के निदेशक एम श्रीनिवास और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय करंदीकर शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन करते हुए अशोक कुमार लाहिड़ी को वाइस चेयरमैन तथा पांच पूर्णकालिक सदस्यों की नियुक्ति की है, जिनमें अर्थशास्त्री केवी राजू, एम्स के निदेशक एम श्रीनिवास और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय करंदीकर शामिल हैं।



प्रधानमंत्री मोदी ने लाहिड़ी और वैज्ञानिक गोबर्धन दास और पूर्व कैबिनेट सचिव राजीव गौबा सहित नए पूर्णकालिक सदस्यों को उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नीति आयोग भारत की नीतिगत संरचना में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरा है, जो सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने, सुधारों को आगे बढ़ाने और जीवन सुगमता को प्रोत्साहित करने का काम कर रहा है। यह विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और दीर्घकालिक रणनीतिक सोच के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है। प्रधानमंत्री नीति आयोग के चेयरमैन हैं। नियुक्ति के बाद लाहिड़ी ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की। पश्चिम बंगाल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक लाहिड़ी भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार और 15वें वित्त आयोग के सदस्य रह चुके हैं।

# अमेरिका में एच-1बी वीजा पर लग सकती तीन साल तक रोक

- संसद में पेश किया विधेयक भारतीयों की नौकरी पर खतरा





**वाशिंगटन।** अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों के एक समूह ने कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में एच-1बी वीजा कार्यक्रम को तीन साल के लिए स्थगित करने संबंधी विधेयक पेश किया है।

रिपब्लिकन सांसदों का तर्क है कि इस कार्यक्रम का दुरुपयोग करके अमेरिकी कामगारों की जगह कम दाम में विदेशी कर्मी लाए जा रहे हैं। विधेयक में एच-1बी कार्यक्रम में सुधारों का प्रस्ताव है, जिसमें वार्षिक सीमा को 65,000 से घटाकर 25,000 करना, न्यूनतम वेतन 2,00,000 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष निर्धारित करना और एच-1बी वीजा धारकों को आश्रितों को अमेरिका लाने की अनुमति नहीं देना शामिल है।

# कर निरीक्षक के घर पर गोली चली

**हल्द्वानी:** सुभाषनगर इलाके में शनिवार रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब नगर निगम में कार्यरत कर निरीक्षक डुंगर सिंह परमार के घर पर गोली चला दी गई। उस वक्त डुंगर सिंह अपने पोते के साथ घर के सामने टहल रहे थे। गोली से उनके घर की खिड़की का शीशा टूट गया। गनीमत रही कि इस दौरान किसी को गोली नहीं लगी। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेते हुए पिस्टल बरामद कर ली है। डुंगर सिंह ने बताया कि, घर के बाहर टहलते समय सामने की ओर से अचानक आए एक व्यक्ति ने उनकी तरफ गोली चलाई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी का पास के ही एक युवक से लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था।

**सुप्रीम आदेश** — स्वास्थ्य सेवाओं पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर, कहा- राज्य तीन हफ्तों में बनाएं एक्शन प्लान

# आईसीयू के लिए एक समान हों मानक, कार्ययोजना करें तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाइयों) के लिए न्यूनतम मानकों को लागू करने के संबंध में एक वास्तविक और व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करें।

शीर्ष अदालत को बताया गया कि गहन चिकित्सा सेवा की आपूर्ति करने वाले और संगठनों के लिए दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं, इनपर सहमति बन गई है। ये व्यावहारिक, कार्यान्वयन योग्य तथा आईसीयू के लिए न्यूनतम मानकों के रूप में आवश्यक हैं। न्यायमूर्ति एहसानुद्दीन अमीनुल्ला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि इन दिशानिर्देशों की प्रतियां सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजी जानी चाहिए।



पीठ ने 20 अप्रैल के अपने आदेश में कहा, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख अतिरिक्त मुख्य सचिव/सचिव सभी संबंधित विशेषज्ञों की बैठक बुलाएं ताकि दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन के लिए एक कार्ययोजना तैयार की जा सके। यह योजना वास्तविक व व्यावहारिक होनी चाहिए। शीर्ष अदालत स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी।

### पांच बुनियादी जरूरतों की पहचान कर प्राथमिकता दें

पीठ ने कहा कि शुरुआती चरण में पांच बुनियादी जरूरतों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता दी जाए। इनमें मानव संसाधन, प्रशिक्षित स्टाफ, उपकरण, लॉजिस्टिक्स और जरूरी ढांचे से जुड़े मुद्दे शामिल होंगे। साथ ही इन मानकों के पालन और निगरानी के लिए स्पष्ट व्यवस्था भी बनाई जाए। अदालत ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया तुरंत शुरू होनी चाहिए और पहली बैठक एक सप्ताह के भीतर आयोजित की जाए। संबंधित अधिकारी इस बैठक में व्यक्तिगत रूप से शामिल हों। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा तैयार रिपोर्ट भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग सचिव को भेजी जाएगी, जो उसे सभी राज्यों के साथ साझा करेंगे। इसके बाद एक संयुक्त बैठक कर अंतिम साझा मसौदा तैयार किया जाएगा।

### भविष्य की जरूरतों को देखते हुए नर्सिंग स्टाफ को करें प्रशिक्षित

सुनवाई के दौरान, सुझाव दिया गया कि भविष्य की जरूरतों को देखते हुए, नर्सिंग स्टाफ को विभिन्न स्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए, क्योंकि वे मरीज के साथ 24 घंटे रहते हैं, जबकि चिकित्सक समय-समय पर ही आते हैं। पीठ ने कहा, हम इस सुझाव का पूरी तरह समर्थन करते हैं, जो न केवल व्यावहारिक है, बल्कि अत्यंत आवश्यक भी है। लिहाजा, इंडियन नर्सिंग काउंसिल और पैरा मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया को प्रतिवादी के रूप में इस मामले में शामिल किया जाता है।

स्टेट ब्रीफ

## शराबियों की बारात लेकर थाने पहुंची पुलिस

**देहरादून:** डोईवाला पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत शनिवार को सार्वजनिक स्थलों और सड़क किनारे शराब पीने वालों के खिलाफ औचक अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीम बस लेकर क्षेत्र में घूमी और जहां भी कोई सार्वजनिक स्थल पर शराब पीता मिला, उसे हिरासत में लेकर बस में बैठा लिया गया। पुलिस के अनुसार, अभियान के दौरान 14 लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया, जहां उनका पुलिस एक्ट में चालान किया गया।

## राज्य में जल्द करवट लेगा मौसम

**देहरादून:** राज्य में चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में छिटपुट स्थानों पर गरज, बिजली और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं की चेतावनी जारी की गयी। आईएमडी ने शनिवार को बताया कि, राज्य के विशेष रूप से 4400 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में छिटपुट स्थानों पर बारिश या बर्फबारी का अनुमान है। हालांकि राज्य के मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक रहने का अनुमान है। देहरादून में शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि पंतनगर में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

# जनकल्याण को समर्पित रहा स्व. बहुगुणा का जीवन: धामी

### मुख्यमंत्री ने पूर्व सीएम स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को दी श्रद्धांजलि



पूर्व सीएम स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा की 107वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

शनिवार को एमडीडीए कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्व. बहुगुणा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई और अपने दूरदर्शी नेतृत्व से देश एवं समाज को नई दिशा प्रदान की।

उन्होंने कहा कि स्वर्गीय बहुगुणा केवल एक कुशल राजनेता ही नहीं, बल्कि जनसेवा के प्रति समर्पित एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. बहुगुणा ने पर्वतीय क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल की। उनके प्रयासों से क्षेत्रीय विकास को नई गति मिली। स्व. बहुगुणा का संपूर्ण जीवन जनकल्याण, सामाजिक समरसता और समावेशी विकास के मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। उनके आदर्श और विचार आज भी समाज को प्रेरित करते हैं और हमें जनहित में कार्य करने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय बहुगुणा का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, सौरभ बहुगुणा, खजान दास, विधायक दुर्गेश्वर लाल एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सीएम योजना में मौन पालन को प्राथमिकता

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर में शहद उत्पादन प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस वर्ष यहां मात्र 45 दिनों में 520 किलोग्राम शहद का उत्पादन किया गया, जिसे उन्होंने सराहनीय बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के पर्वतीय और वन क्षेत्रों में मधुमक्खी पालन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन क्षेत्रों में बी-बॉक्स स्थापना के लिए प्रभावी नीति तैयार की जाए, जिससे स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत मधुमक्खी पालन को प्राथमिकता दी जाएगी और इससे जुड़े किसानों व उद्यमियों को विशेष सब्सिडी प्रदान की जाएगी। उन्होंने इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बताया।

मुख्यमंत्री ने उद्यान प्रभारी दीपक पुरोहित को निर्देश दिए कि वर्षभर शहद उत्पादन के लिए उपयुक्त पुष्पीय और परागयुक्त पौधों का रोपण किया जाए। साथ ही 'थ्री-बी' गार्डन विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस व हरेला जैसे मौकों पर ऐसे पौधारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण के साथ शहद उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सकता है।

# यह उपलब्धि परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम: सीएम

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



उत्तराखंड बोर्ड के टॉपर्स से बात कर बधाई देते मुख्यमंत्री धामी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों से दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हाईस्कूल परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशः एम.पी. हिन्दू इंटर कॉलेज, रामनगर (नैनीताल) के अक्षत गोपाल, एस.वी.एम. इंटर कॉलेज, चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) के इशांत कोठारी, जी.बी. पंत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, खैरना (नैनीताल) की भूमिका तथा विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मंडलसेरा (बागेश्वर) के योगेश जोशी से फोन पर संवाद कर उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाली सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज बागेश्वर की गीतिका पंत, भंजूराम अमर इंटर कॉलेज, भूरारानी (उधमसिंह नगर) की सुशीला मेहंदीरत्ता, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, आवास विकास ऋषिकेश के आर्यन तथा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मायापुर (हरिद्वार) की वंशिका से भी दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण का परिणाम है। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों के योगदान की भी सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही छात्र-छात्राएं इस प्रकार की सफलता प्राप्त कर पाते हैं। मुख्यमंत्री ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर आगे बढ़ें तथा राज्य एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है तथा मेधावी विद्यार्थियों को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### अपेक्षित परिणाम नहीं मिला तो न हों हतोत्साहित

मुख्यमंत्री ने कहा कि, उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में जिन विद्यार्थियों को इस बार अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सका है, वे हतोत्साहित न हों। धैर्य, सकारात्मक सोच और सतत प्रयास के साथ आप निश्चित रूप से सफलता हासिल करेंगे। मुख्यमंत्री ने परीक्षा में सफल विद्यार्थियों के परिजनों को भी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# केदारनाथ की 31,450 हेली सीट 90 मिनट में बुक

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** केदारनाथ हेलीकॉप्टर शटल सेवा की 22 अप्रैल से 15 जून के बीच उपलब्ध सभी 31,450 सीट पोर्टल खुलने के महज 90 मिनट के भीतर बुक हो गईं।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि, बुकिंग प्रक्रिया 15 अप्रैल को शाम छह बजे शुरू हुई और शाम सात बजकर 28 मिनट पर अंतिम टिकट जारी हुआ। इस दौरान आईआरसीटीसी के आधिकारिक पोर्टल पर 10,855 टिकट बुक किए गए। हेलीकॉप्टर शटल सेवा श्रद्धालुओं को आधार शिविर से हिमालय के इस पवित्र धाम तक हवाई मार्ग से जोड़ती है। गुप्तकाशी, फाटा और सिरसी से संचालित होने वाली यह सेवा 16 किमी के दुर्गम पैदल मार्ग से राहत दिलाती है। उत्तराखंड पर्यटन विभाग के हेल्पलाइन नियंत्रण केंद्र ने प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए औचक रूप से 565 सत्यापन कॉल कीं। जांच में पाया गया कि बुकिंग में उपयोग किए गए 10,859 मोबाइल फोन नंबर में से 4,400 नंबर वास्तविक यात्रियों के थे। अधिकारियों ने बताया कि विश्लेषण से पता चला कि 51 प्रतिशत बुकिंग सीधे श्रद्धालुओं ने की, जबकि शेष 49 प्रतिशत अन्य अधिकृत माध्यमों से हुई। सबसे ज्यादा बुकिंग शाम 6 बजकर 10 मिनट से 6 बजकर 32 मिनट के बीच हुई। छह बजकर 10 मिनट पर 849 बुकिंग दर्ज की गईं और अगले 20 मिनट में यह संख्या बढ़ती रही। राज्यवार बुकिंग में महाराष्ट्र 1,708 बुकिंग के साथ सबसे आगे रहा।

# लोक भवन के सुरक्षा अधिकारियों को लगे बैज

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** लोक भवन में तैनात सुरक्षाकर्मियों को विशिष्ट पहचान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने बैज अलंकरण कार्यक्रम में उन्हें विशेष बैज प्रदान किए। इस पहल के अंतर्गत सुरक्षाकर्मियों को ऐसे विशेष बैज दिए गए हैं, जिन्हें वे अपने ड्यूटी के दौरान धारण करेंगे।

विशिष्ट पहचान के प्रतीक के रूप में इस बैज में ऊपर 'गवर्नर्स सिक्योरिटी' तथा नीचे 'उत्तराखंड पुलिस' अंकित है, जो सुरक्षाकर्मियों की भूमिका, उत्तरदायित्व और गरिमा को दर्शाता है। राज्यपाल ने कहा कि यह पहल न केवल सुरक्षाकर्मियों को एक विशिष्ट पहचान प्रदान करेगी, बल्कि उनके मनोबल को सुदृढ़ करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण



लोकभवन में राज्यपाल गुरमीत सिंह के साथ सुरक्षा अधिकारी। ● अमृत विचार

कदम है। लोक भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि संवैधानिक गरिमा, प्रशासनिक उत्तरदायित्व और राज्य की प्रतिष्ठा का प्रतीक है, जिसकी सुरक्षा में तैनात प्रत्येक कार्मिक एक सजग और समर्पित संरक्षक की भूमिका निभाता है। इस अवसर पर सचिव, राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव राज्यपाल रीना जोशी, परिसहाय राज्यपाल अमित श्रीवास्तव, मेजर सुमित कुमार शादिजा, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव एवं मुख्य सुरक्षा अधिकारी लोक भवन पंकज कोठियाल मौजूद रहे।

### 'मिस्टी' की विशेष स्क्रीनिंग

**देहरादून:** लोक भवन में शनिवार को लघु फिल्म 'मिस्टी' की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई। इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में फिल्म से जुड़े कलाकारों, निर्माताओं, बुद्धिजीवियों एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

# विदेशी महिला पर्यटक ने पुलिस को बोला 'थैंक्स'

- देवप्रयाग क्षेत्र में टैक्सी चालक से हुआ विवाद थाने पहुंचा
- विदेशी महिला ने चालक के साथ जाने से मना किया

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के क्रम में टिहरी पुलिस ने देवप्रयाग में एक विदेशी महिला पर्यटक को सहायता प्रदान की। पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता से प्रभावित होकर महिला ने उत्तराखंड पुलिस की प्रशंसा की।

मिली जानकारी के अनुसार, 24 अप्रैल को विदेशी महिला नतालिया अपने मित्र विवेक के साथ बद्रीनाथ से ऋषिकेश की ओर टैक्सी से यात्रा कर रही थीं। देवप्रयाग क्षेत्र में यात्रा के दौरान टैक्सी चालक और यात्रियों के बीच किराये को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद दोनों पक्ष स्थानीय थाने पहुंचे। थाना स्तर पर पुलिस ने दोनों पक्षों की बात शांतिपूर्वक सुनी और आवश्यक राय देकर विवाद का समाधान कराया। इस दौरान विदेशी महिला ने संबंधित टैक्सी चालक के साथ आगे यात्रा करने में असहजता जताई और वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महिला के लिए दूसरी टैक्सी की व्यवस्था कराई, जिससे वह सुरक्षित रूप से अपनी यात्रा आगे जारी रख सकीं। इस सहयोग से संतुष्ट महिला पर्यटक ने पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# केदारनाथ धाम में उमड़ता आस्था का सैलाब

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार:** श्री केदारनाथ धाम यात्रा 2026 में श्रद्धालुओं की भारी आस्था देखने को मिल रही है। 22 अप्रैल को कपाट खुलने के बाद मात्र चार दिनों के भीतर ही रिकॉर्ड 1 लाख 24 हजार 782 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन कर लिए हैं। यह आंकड़ा यात्रा व्यवस्थाओं की मजबूती और सुव्यवस्थित संचालन को भी प्रमाणित करता है।

यात्रा के सुचारू संचालन हेतु जिला प्रशासन ने सुदृढ़ व्यवस्थाएं की हैं। हैलीपैड, ट्रैक रूट तथा संभावित ट्रैफिक प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही, संपूर्ण यात्रा की निगरानी कंट्रोल रूम से लगातार की जा रही है। जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग विशाल मिश्रा ने बताया कि पिछले 4 दिनों से यात्रा सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है और सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह व्यवस्थित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी टीमें मुस्तैदी से कार्य कर रही हैं। साथ ही, श्री भैरवनाथ जी के कपाट खुलने के साथ ही शनिवार से केदार नाथ धाम में सायंकालीन आरती का शुभारंभ भी किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को एक और आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त होगा।

**धाम को बदनाम करना निंदनीय:** केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में केदारनाथ धाम में व्यवस्थाएं बिल्कुल ठीक हैं। कुछ अराजक तत्वों द्वारा धाम को बदनाम किया जाना बेहद निंदनीय है। वहीं, केदार सभा के वरिष्ठ सदस्य उमेश चंद्र पोस्ती ने श्रद्धालुओं से निश्चिंत होकर केदारनाथ धाम आने का आग्रह किया।

## खाई में गिरा वाहन चालक की मौत

**देहरादून:** राजधानी के थाना त्यूणी क्षेत्र में शनिवार सुबह मिनी ट्रक गहरी खाई में जा गिरा। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने वाहन से चालक विपिन सिंह (30) निवासी भद्रासु, उत्तरकाशी का शव बरामद किया।

एसडीआरएफ के प्रवक्ता ने बताया कि सुबह लगभग 6:04 बजे स्थानीय लोगों ने टीम को सूचना दी कि हटाल तथा फिडिज पुल के बीच एक वाहन गहरी खाई में गिर गया है। सूचना पर बचाव दल त्यूणी से आरक्षी बलवंत सिंह के नेतृत्व मे घटनास्थल पहुंचा। जहां वाहन लगभग 250 मीटर गहरी खाई में गिरा मिला। वाहन में केवल एक ही व्यक्ति चालक सवार था, जिसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। टीम ने खाई से वाहन चालक का शव बरामद किया गया।

# प्रदेश में डिजिटल जनगणना शुरू

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राज्य में शनिवार से भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण 'हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन' का औपचारिक शुभारंभ हो गया। इस महत्वपूर्ण कार्य के अंतर्गत राज्यभर में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर जाकर आंकड़े संकलित करने में जुट गए हैं।

इस चरण के अंतर्गत प्रत्येक भवन एवं मकान का सूचीकरण करते हुए उनमें निवास कर रहे परिवारों से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी। यह डेटा राज्य के समग्र विकास हेतु योजनाओं के निर्माण और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आधार प्रदान करेगा। अल्मोड़ा जनपद के कंखोला (हवालबाग) क्षेत्र



जनगणना 2027 के लिए पहुंचे सुपरवाइजर और प्रगणक।

में सुपरवाइजर तारा दत्त भट्ट एवं प्रगणक भगवत सिंह बगड़वाल द्वारा जनगणना कार्य किया गया। इसी प्रकार लक्ष्मेश्वर वार्ड, नगर निगम अल्मोड़ा में प्रगणक दीपक सिंह ने भवन स्वामी विद्या कर्नाटक के यहां जनगणना कार्य संपादित किया। जनपद रुद्रप्रयाग, तहसील प्रतापनगर के सुदूरवर्ती गांव गोदड़ी में भी टीम द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया। तहसील खटीमा में भी प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर भवन चिन्हांकन एवं गणना कार्य किया जा रहा है।

### टोल-फ्री हेल्पलाइन 1855 उपलब्ध

जनगणना 2027 के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन से संबंधित जानकारी, मार्गदर्शन एवं सहायता हेतु राज्य में टोल-फ्री हेल्पलाइन संख्या 1855 संचालित की जा रही है। यह हेल्पलाइन आम नागरिकों की शंकाओं के समाधान एवं आवश्यक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। इसकी सेवाएं सोमवार से शुक्रवार, प्रातः 9:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

# उपराष्ट्रपति के साथ फर्जी फोटो, मुकदमा

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** एम्स ऋषिकेश में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के आगमन पर फर्जी तस्वीरें वायरल करने के मामले में पुलिस ने 'स्वामी रसिक महाराज' नामक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

आरोपी पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और आधुनिक फोटो एडिटिंग टूल्स का उपयोग कर उपराष्ट्रपति के साथ अपनी झूठी तस्वीरें तैयार करने और उन्हें सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से प्रसारित करने का आरोप है। एम्स चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि बीती 23 अप्रैल को आयोजित दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। इसी दौरान आरोपी ने अपनी फेसबुक आईडी और अन्य माध्यमों से ऐसी तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वह उपराष्ट्रपति और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ नजर आ रहा है। पुलिस जांच में ये तस्वीरें पूरी तरह फर्जी पाई गईं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने एआई और फोटो एडिटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से इन तस्वीरों को तैयार किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कैलाश चंद्र भट्ट के अनुसार, आरोपी का नाम कार्यक्रम के अधिकृत अतिथियों की सूची में नहीं था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## रिजल्ट के बाद लगाई फांसी, हालत गंभीर

**चम्पावत:** लोहाघाट के दिगालीचौड़ क्षेत्र में हाईस्कूल के छात्र द्वारा फांसी लगाने का मामला आया है। गंभीर हालत में छात्र को पहले लोहाघाट उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे चम्पावत जिला अस्पताल और फिर हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर किया गया। शनिवार को घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में छात्र को 73 प्रतिशत अंक मिले थे, जिससे वह संतुष्ट नहीं था। बताया जा रहा है कि रिजल्ट आने के कुछ देर बाद ही उसने घर में फांसी लगा ली। परिजनों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया। सीएमएस डॉ. विराज राठी के अनुसार छात्र की हालत गंभीर थी, जबकि जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. हीरा सिंह ह्यांकी ने बताया कि फिलहाल स्थिति स्थिर है।

तैयारी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में राजधानी में राजनीतिक दलों के साथ अहम बैठक सम्पन्न

# राजधानी में विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियां तेज

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की संभावित घोषणा से पूर्व जनपद में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राजनीतिक दलों को अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत मतदाताओं की सूची के साथ-साथ नए मतदाताओं से संबंधित



विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों को लेकर बैठक करते सीडीओ अभिनव शाह।

प्रारूप-9, 10, 11, 11क एवं 11ख उपलब्ध कराए गए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्री-रिवीजन गतिविधियों के तहत वर्ष-2003 की निर्वाचक नामावली के मतदाताओं का वर्तमान नामावली से बीएलओ एप के माध्यम से 24 अप्रैल 2026 तक 81 प्रतिशत मैपिंग कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि शेष कार्य निरंतर जारी है।

जनपद के सभी 10 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1882 मतदेय स्थल चिन्हित किए गए हैं, जहां पुनरीक्षण कार्य संपादित किया जाएगा। इनमें चकराता में 237, विकासनगर 142, सहसपुर 212, धर्मपुर 236, रायपुर 214, राजपुर 141, देहरादून कैंट 152, मसूरी 178, डोईवाला 191 तथा ऋषिकेश में 179 मतदेय स्थल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 164 नए मतदेय स्थलों का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से प्रत्येक बूथ पर अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति कर इसकी सूचना शीघ्र उपलब्ध कराने का आह्वान किया, ताकि पुनरीक्षण कार्य पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता के साथ संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा 'बुक ए कॉल विद बीएलओ' सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से मतदाता अपने बूथ लेवल ऑफिसर से सीधे संपर्क कर सकते हैं। यह सुविधा ईसीआईनेट प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इसके अलावा, वोटर हेल्पलाइन टोल-फ्री नंबर 1950 के माध्यम से भी निर्वाचन संबंधी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। बैठक में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी हरीश पुरोहित, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सोनिया बहुगुणा, भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि अरविंद जैन, बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि दिग्विजय सिंह, सीपीआईएम के प्रतिनिधि सहित निर्वाचन कार्यालय के वरिष्ठ सहायक शोभन अंसारी, पिरंजन कुशवाह समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट्स

- गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हाकी प्रतियोगिता के फाइनल मैच 7 :30 बजे से
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन बुधपार्क में 10 बजे से
- भाजपा महिला मोर्चा की ओर से जिला आक्रोश सम्मेलन एमबीपीजी कॉलेज से निकाली जाएगी 3 :15 बजे से

## सिटी ब्रीफ

### इंद्रानगर में सट्टा खेलते आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान इंद्रानगर क्षेत्र में सट्टा खेल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 24 अप्रैल को हिमालया स्कूल के सामने हाईवे स्थित यात्री विश्राम गृह के पास कुछ लोग जमा थे। पुलिस को देखते ही भीड़ मौके से फरार हो गई, जबकि इरफान निवासी इंद्रानगर को पकड़ लिया गया। उसके पास से सट्टा पर्ची, पेन, गत्ता और 1180 रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### दमुवाढूंगा में शराब पिला रहा आरोपी दबोचा

**हल्द्वानी :** काठगोदाम थाना पुलिस ने दमुवाढूंगा क्षेत्र में बिना लाइसेंस शराब पिलाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान मित्रपुरम चौराहे के पास एक दुकान में शराब परोसी जा रही थी। पुलिस को देखते ही मौके पर दो लोग भाग निकले, जबकि चंदन कश्यप निवासी कुमाऊं कॉलोनी दमुवाढूंगा पकड़ा गया। दुकान से पुलिस ने शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### रानीबाग में दिखा गुलदार कुत्ते को बनाया शिकार

**भीमताल :** रानीबाग के इंदिरानगर क्षेत्र में विद्यालय के पास गुलदार देखे जाने से दहशत फैल गई। गुलदार अपने मुंह में एक कुत्ते को दबोचकर ले जाता दिखाई दिया। रात करीब 1 बजे स्थानीय निवासी जीवन सिंह बिष्ट ने इसका वीडियो बनाया। उन्होंने बताया कि कुत्ते और गुलदार की आवाज सुनकर जब वे बाहर आए, तो देखा कि गुलदार कुत्ते को दबोचकर ले जा रहा था। शिक्षक दीपक नौगांई ने बताया कि इंदिरानगर क्षेत्र में अक्सर गुलदार दिखाई देता है और पहले भी कई कुत्तों को अपना शिकार बना चुका है। गुलदार के बार-बार दिखने से क्षेत्र में डर और दहशत का माहौल है। लोगों को आशंका है कि गुलदार किसी दिन लोगों पर हमला न कर दे।

### गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बना युवाओं का फिटनेस हब, सुबह से ही रहती है युवाओं की भीड़

# हल्द्वानी में फिटनेस का क्रेज, जिम व स्विमिंग का बढ़ा ट्रेंड

- **फिटनेस के प्रति युवाओं में बढ़ रही है जागरूकता**
- **जिम जाना युवाओं की दिनचर्या में हुआ शामिल**

पवन कुंवर, हल्द्वानी

संडे-स्पेशल: हल्द्वानी वाइब्स





जिम में अभ्यास करते युवा।

**अमृत विचार:** शहर की सुबह अब सिर्फ चाय की चुस्कियों या अखबार पढ़ने तक सीमित नहीं है। यहां के युवाओं में फिटनेस को लेकर एक नया उत्साह और जागरूकता देखने को मिल रही है। अपनी सेहत को प्राथमिकता देते हुए, युवा अब अपनी दिनचर्या में जिम और तैराकी (स्विमिंग) को अनिवार्य हिस्सा बना रहे हैं।

इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है गोलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, जो अब केवल खिलाड़ियों के लिए नहीं, बल्कि आम फिटनेस प्रेमियों के लिए भी एक हब बन चुका है। तड़के सुबह होते ही गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के पास युवाओं की चहल-पहल शुरू हो जाती है। कोई जिम के भारी डंबल्स के साथ अपनी मसल्स को शेप दे रहा है, तो कोई स्विमिंग पूल में अपनी थकान मिटाने के साथ-साथ कार्डियो वर्कआउट कर रहा है।

#### क्या कहते हैं युवा?

स्थानीय युवा प्रदीप खन्ना पहले फिटनेस का मतलब सिर्फ दौड़ना होता था, लेकिन अब हम जिम में स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और स्विमिंग में स्टैमिना पर ध्यान दे रहे हैं। गोलापार स्टेडियम जैसी जगह मिलने से हम जैसे युवाओं को बहुत फायदा हुआ है। यहां का वातावरण ही ऐसा है कि आप खुद-ब-खुद मेहनत करने के लिए प्रेरित हो जाते हैं। वहीं आशु सामंत बताते है कि भागदौड़ भरी जिंदगी और जॉब के कारण फिटनेस अनिवार्य हो गई है। हम सिर्फ फिट नहीं दिखना चाहते, बल्कि अंदरूनी तौर पर स्वस्थ रहना चाहते हैं।

#### विशेषज्ञों की राय

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का भी मानना है कि जिम और स्विमिंग का कॉम्बो फिटनेस के लिए बेहतरीन है। जहां जिम शरीर को सुडौल और मजबूत बनाता है, वहीं स्विमिंग शरीर के हर अंग के लिए एक संपूर्ण व्यायाम है, जो हृदय स्वास्थ्य और फेफड़ों की क्षमता को भी बढ़ाता है। युवा फिटनेस शारीरिक स्वास्थ्य के लिए, बल्कि शहर की जीवनशैली में आ रहे सकारात्मक बदलाव का एक बड़ा संकेत है।

# देशभर के आंदोलनों की हिस्ट्री खंगालेगी पुलिस

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मोटाहल्दू में हुए मजदूर आंदोलन को उग्र बनाने के पीछे बाहरी कनेक्शन की आशंका के बीच पुलिस अब देशभर में हुए ऐसे आंदोलनों की हिस्ट्री खंगालने में जुट गई है। जांच में सामने आया है कि नोएडा और नेपाल से संचालित कुछ व्हाट्सएप ग्रुप्स के जरिए यहां मौजूद संदिग्धों को निर्देश भेजे जा रहे थे।

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ऐसे करीब आधा दर्जन ग्रुप्स चिन्हित किए गए हैं। इन ग्रुप्स की गतिविधियों और इनके जरिए दिए गए निर्देशों का विश्लेषण किया जा रहा है। इसके साथ ही राजस्थान समेत अन्य राज्यों में हुए आंदोलनों का भी अध्ययन किया जा रहा है, ताकि समान पैटर्न को समझा जा सके। पुलिस का मानना है कि अलग-अलग स्थानों पर हुए आंदोलनों में कुछ समान रणनीति अपनाई गई हो सकती है। इसी आधार पर मोटाहल्दू मामले में शामिल संदिग्धों की भूमिका तय की जाएगी। फिलहाल जांच टीम हर पहलू को ध्यान में रखकर पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है कि मोटाहल्दू में हुए प्रदर्शन में शामिल डेढ़ सौ से अधिक लोग पुलिस के राडार पर हैं। जबकि 8 से 10 लोगों की भूमिका सक्रिय मानी जा रही है। पुलिस इन सभी के कॉल डिटेल के साथ व्हाट्सएप कॉल का डेटा भी जुटा रही है। इसके अलावा सोशल मीडिया में इन संदिग्धों के साथ कौन-कौन लोग जुड़े हैं, यह भी देखा जा रही है।

# जमीन कम निकलने पर मंडलायुक्त ने वापस दिलवाए 22 लाख रुपये

### आयुक्त दीपक रावत ने सुनीं लोगों की समस्याएं, अधिकांश का मौके पर निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



कैंप कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जन समस्याओं पर सुनवाई की। उन्होंने भूमि विवाद, सोलर कंपनी के सर्विस नहीं देने, भरण पोषण, होटल में अवैध कनेक्शन आदि समस्याओं को सुना और मौके पर ही समाधान किया। जनसुनवाई में रमेश चन्द्र पंत ने बताया कि आवास में एक कंपनी से सोलार सिस्टम लगाया लेकिन सर्विस एवं सब्सिडी देने की कार्यवाही नहीं की गई। इस पर आयुक्त ने कंपनी संचालक को सर्विस करने के निर्देश दिए।

भगवती देवी पत्नी धन सिंह मेहता निवासी तुनाकोट, रानीखेत ने धर्मेंद्र सिंह, सुनील सिंह, संजू सिंह पुत्र राम सिंह से हरिपुर फुटकुआं हल्द्वानी में 3612 वर्ग फीट जमीन प्रॉपर्टी डीलर पवन मेहरा, पुष्पेंद्र जयंतवाल व खुशाल सिंह के माध्यम से खरीदी थी। इस जमीन का मौके पर 1752 वर्ग फीट रकबा कम था। इसकी शिकायत भगवती देवी ने आयुक्त रावत से की थी। इसमें आयुक्त ने सभी को पीड़िता को 22 लाख रुपये वापस करने के निर्देश दिए थे। इस सुनवाई में उन्होंने बताया कि 20.85 लाख रुपये प्राप्त हो गए है सिर्फ 1.15 लाख शेष है जो जल्द मिलेगा। राजप्रीत कौर निवासी बाजपुर ने बताया कि उनके भूमि के रिकार्ड तहसील बाजपुर में क्षतिग्रस्त कर दिए गए हैं जिससे भूमि का सही आंकलन नही कर पा रहे हैं। इस प्रकरण को आयुक्त ने गंभीरता से लेते हुए कहा कि भूमि संबंधी रिकार्ड होते हैं। रिकार्ड रूम में रिकॉर्ड होना चाहिए, तहसील से भू रिकॉर्ड गायब होना गंभीर मसला है। इस बाबत जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि के अभिलेख रिकार्ड में रूम में हो तहसील मे केवल तहसील के दैनिक कार्यों (दाखिल-खारिज आदि) से अभिलेख हों। मल्ला बगड़ के ग्रामीणों ने बताया कि बगड़ में सरकारी पेयजल लाइनों से होटलों को अवैध कनैक्शन देने की शिकायत की। इस पर आयुक्त ने जल संस्थान के एसई व संबंधित जेई को तलब कर फटकार लगाई। शीघ्र स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करने व अवैध कनेक्शन पाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए। जय महालक्ष्मी ज्वैलर्स के अतुल वर्मा ने बताया कि उनकी दुकान से 13 लाख रुपये के जेवरात चोरी हो गए। दुकान में काम करने वाले हिमांशु चंद्र पर आरोप लगाया। इसपर आयुक्त ने टीपी नगर चौकी इंचार्ज को मामले की छानबीन के निर्देश दिए। उमा देवी ने पति द्वारा मकान जबरन बेचने, सोनी वर्मा ने पेंशन दिलाने, प्रेमा बिष्ट ने पुश्तैनी भूमि बेचने, समरपाल ने धनराशि वापस दिलवाने की गुहार लगाई।



कैंप कार्यालय में जिला सैनिक कल्याण परिषद की बैठक करते डीएम ललित मोहन रयाल। ● अमृत विचार

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें : डीएम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जनपद नैनीताल के डीएम ललित मोहन रयाल ने शनिवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में जिला सैनिक कल्याण परिषद की बैठक की। उन्होंने आश्वासन दिया कि सैनिक, पूर्व सैनिक व आश्रितों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

बैठक में डीएम ने कहा कि पूर्व सैनिक के शस्त्र लाइसेंस के यूआईएन नंबर नहीं होने, अन्य राज्यों से लाइसेंस जारी होने के कारण पोर्टल पर अपलोड करने में समस्या आती है। उन्होंने कहा कि यूआईएन नंबर व अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलता है तो पोर्टल पर अपलोड करना आसान होता है। इसके अलावा, संबंधित राज्य से लाइसेंस निरस्त कर होने पर यहां से नवीन लाइसेंस जारी किया जा सकता है। डीएम ने पूर्व सैनिक संगठन भीमताल को आवंटित भूमि से नियमानुसार अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए। साथ ही सीडीओ को राजकीय इंटर कॉलेज प्यूड़ा से स्व.जगन्नाथ दुर्गापाल स्वतंत्रता सेनानी के जन्म स्थान तक मोटर मार्ग निर्माण संबंधित प्रस्ताव एवं एस्टीमेट मुहैया कराने के निर्देश दिए। वीरांगनाओं की पेंशन संबंधित सभी समस्याओं का निस्तारण किया। डीएम ने समाज कल्याण विभाग को वीर नारियों व सैनिकों के बच्चों के लिए छात्रावास निर्माण के लिएआवंटित भूमि का सीमांकन करने के लिए कमेटी गठित की। इससे भविष्य में वन व समाज कल्याण विभाग के बीच सीमांकन को लेकर विवाद नहीं हो। सैनिक कल्याण अधिकारियों ने सैनिक पुनर्वास संस्था की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं तथा लाभांवित पात्रों की जानकारी दी। यहां एसपी सिटी मनोज कात्याल, एडीएम विवेक राय, एसडीएम नवाजिश खलिक, रेखा कोहली, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (सेनि) रमेश सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल सेनि बीएस रौतेला, सुरेन्द्र सिंह रौतेला, दीप चन्द्र बिष्ट, उमेश सिंह, दर्शन पन्त रहे।

# बाघ ने मारा या हत्या हुई कल सामने आएगा सच

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **पोस्टमार्टम खोलेगी कमल की मौत की असली राज**
- **वन विभाग अब भी इसे टाइगर किलिंग मानने को राजी नहीं**

**अमृत विचार:** नैनीताल के ज्योलीकोट स्थित भदूनी गांव से सटे जंगल में शुक्रवार को एक सिर कटा शव मिला। धड़ से कुछ ही दूरी पर सिर पड़ा था। ग्रामीण इसे बाघ का हमला बता रहे हैं, जबकि वन विभाग के अधिकारी इससे इत्तेफाक नहीं रखते। हालांकि सोमवार तक मौत की असल राज पोस्टमार्टम रिपोर्ट के जरिये सामने आ जाएगा।

भदूनी गांव के रहने वाले कमल बिष्ट (30 वर्ष) गुरुवार को एक शादी में गए थे। रात कुछ लोगों ने उन्हें घर से कुछ दूर पहले तक छोड़ा। कमल को छोड़ने वाले तो घर पहुंच गए, लेकिन कमल नहीं पहुंचा। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे लोगों ने जंगल में कमल का सिर और धड़ अलग-अलग पड़े देखे। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ वन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों व पुलिस ने इसे बाघ का हमला मान लिया, लेकिन वन विभाग के अधिकारियों ने जो देखा, उससे अनुमान लगाया कि यह बाघ का हमला नहीं है। हालांकि इससे लोग नाराज भी हुए। एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी का कहना है कि सोमवार तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ जाएगी, जिसके बाद सारी स्थिति साफ हो जाएगी।

### वन्य जीव की तलाश को सर्च ऑपरेशन तेज

**नैनीताल:** ज्योली क्षेत्र में महिला की मौत के बाद संदिग्ध बाघ/तेंदुए की तलाश में वन विभाग ने सर्च ऑपरेशन और तेज कर दिया है। ग्रामीणों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विभाग ने 10 सोलर लाइट लगाने का प्रस्ताव भी भेजा है। डीएफओ आकाश गंगवार ने बताया कि नाइट विजन कैमरों के साथ तीन टीमों को गश्त में लगाया गया है। साथ ही 50 स्थानों पर ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं और संवेदनशील इलाकों में मचान बनाकर वन कर्मियों की तैनाती की गई है।

घने क्षेत्रों की निगरानी के लिए दो ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है, जबकि करीब 50 वनकर्मी लगातार गश्त कर रहे हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम भी अलर्ट पर है, जो आवश्यकता पड़ने पर वन्यजीव को ट्रेंकुलाइज कर सकेगी।

# पुलिसिया दमन बर्दाश्त नहीं: सुमित



प्रेस वार्ता करते हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने मदरसन फैक्ट्री प्रकरण में छात्र संघ पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ हुई दमनकारी कार्रवाई पर पुलिस पर हमला बोला है।

शनिवार को नैनीताल रोड स्थित होटल में हुई प्रेस वार्ता में कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि मदरसन कंपनी में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर शांतिपूर्ण धरना दे रहे कामगारों के समर्थन में पहुंचे पीयूष जोशी, हरीश पनेरू एवं छात्र महासंघ अध्यक्ष आशीष कबड़वाल के विरुद्ध की गई पुलिस कार्यवाही दमनकारी नीतियों का परिणाम है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इन सभी ने हमेशा कानून के दायरे में रहकर विरोध किया और कर्मचारियों को भी शांतिपूर्ण एवं वैधानिक तरीके से अपनी मांग रखने की सलाह दी थी। इसके बावजूद उन्हें झूठे मामलों में फंसाने का प्रयास किया जा रहा है, जो निंदनीय है। उन्होंने प्रकरण की निष्पक्ष जांच, फर्जी मुकदमे वापस लेने,दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की।

इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, पुष्पा जोशी, मधु सांगूड़ी, मोहन बिष्ट, गिरीश पांडे, दिनेश सांगुड़ी, पूजा पालीवाल, विनीता भट्ट (पीयूष जोशी की बहन), हिमांशु कबड़वाल, कमल बोरा एवं मेहुल साह आदि रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के समर्थन में पूर्व सीएम रावत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हरीश रावत शनिवार को बुद्धपार्क में धरना दे रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के समर्थन में पहुंचे और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा।उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी, आशा और अन्य ग्रामीण महिला कार्यकर्ताओं का लगातार राजनीतिक शोषण किया जा रहा है।

धरना स्थल पर पहुंचकर रावत ने कार्यकर्ताओं से बातचीत की और उनकी मांगों को जायज ठहराया। उन्होंने कहा कि सरकार इन महिलाओं से अपने कार्यक्रमों में भीड़ और तालियां तो जुटा रही है, लेकिन उनके मानदेय में बढ़ोतरी को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। उन्होंने बढ़ती महंगाई का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा मानदेय में परिवार चलाना बेहद कठिन है। रावत ने कार्यकर्ताओं के नारे को दोहराते हुए कहा, 9 हजार में दम नहीं, 24 हजार से कम नहीं और इसे उनका हक बताया। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि वर्ष 2027 में जो भी सरकार बनेगी, वह इन महिलाओं के साथ खड़ी होगी और उनकी मांग को मजबूती से उठाया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कल्याण कोष का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कोष अभी तक कार्यकर्ताओं के अपने प्रयासों से ही चल रहा है और सरकार इसमें कोई योगदान नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द से जल्द मानदेय बढ़ाने और अन्य लंबित मांगों पर निर्णय ले।



बुद्धपार्क में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के समर्थन में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत।

### भाजपा ने टाला महिला आरक्षण विधेयक: रावत

**हल्द्वानी/नैनीताल :** कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने महिला आरक्षण बिल को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को कांग्रेस की चाल बताना गलत है, क्योंकि संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ था और सभी दलों ने इसका समर्थन किया था। रावत ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण को जानबूझकर लागू नहीं किया और इसे जनगणना व परिसीमन की शर्तों से जोड़कर टालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिसीमन को लेकर कई राज्यों, विशेषकर छोटे राज्यों में गंभीर सवाल हैं, लेकिन सरकार इसी को आधार बनाकर निर्णय टाल रही है। उन्होंने मांग की कि लोकसभा की 543 सीटों में से एक-तिहाई सीटों पर महिलाओं को तत्काल आरक्षण दिया जाए। साथ ही उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू करने का सुझाव दिया।

**शपथ समारोह** | हल्द्वानी बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में हाईकोर्ट के न्यायाधीश व जिला जज ने दिलाई नई कार्यकारिणी को शपथ

# न्यायिक व्यवस्था में बार व बेंच के बीच समन्वय जरूरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी




बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हाईकोर्ट के न्यायाधीश। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण शनिवार को नैनीताल रोड स्थित जजी कोर्ट परिसर में हुआ। हाईकोर्ट के न्यायाधीश राकेश थपलियाल व जिला जज प्रशांत जोशी ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

हाईकोर्ट के न्यायाधीश राकेश थपलियाल ने कहा कि न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने में बार एवं बेंच की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब अधिवक्ता एवं न्यायपालिका आपसी समन्वय, सम्मान और सहयोग की भावना से काम करते हैं तभी वादकारियों को समयबद्ध व सुलभ न्याय मिल पाता है। अधिवक्ताओं का कर्तव्य केवल मुकदमे लड़ना नहीं बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में सेतु की भूमिका निभाना भी है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि वह हमेशा हर अधिवक्ता के सम्मान एवं बार हितों के लिए संपूर्ण समर्पित रहेंगे। जिस काम और विश्वास के साथ उन्हें चुना गया है, वह उस पर पूरा खरा उतरने का प्रयास करेंगे।वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नव निर्वाचित बार एसोसिएशन न्यायालय की गरिमा, अधिवक्ताओं के हितों तथा आमजन के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर काम करेगी। शपथ ग्रहण समारोह में यह संकल्प भी लिया गया कि न्यायालय परिसर में सकारात्मक वातावरण, अनुशासन व पारदर्शिता बनाए रखते हुए वादकारियों को बेहतर विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी ताकि लोगों का न्यायपालिका पर विश्वास मजबूत हो सके। इस दौरान बार काउंसिल सदस्य डीके शर्मा,मेहरमान सिंह कोरंगा, दिवाकर पांडे, राजन सिंह मेहरा एवं चंद्रशेखर जोशी, महेंद्र सिंह पाल, किशोर पंत, दीवान सिंह बिष्ट, राम सिंह बसेड़ा आदि रहे।

### बिजली-पानी संकट के विरोध में किया प्रदर्शन

**हल्द्वानी:** क्षेत्र में बिजली कटौती से नाराज उत्तर गौजाजाली के लोगों ने शनिवार को सड़क पर उतरकर विरोध जताया। स्थानीय पार्षद रईस अहमद गुड्डु के नेतृत्व में शनिबाजार रोड पर धरना-प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पिछले तीन दिनों से रोजाना 5 से 8 घंटे तक बिजली कटौती हो रही है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न रहने से पानी की आपूर्ति भी बाधित हो रही है, जिससे समस्या और बढ़ गई है। चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली कटौती पर रोक नहीं लगाई तो वे विद्युत विभाग के अधिकारियों का घेराव करेंगे। पार्षद रईस अहमद गुड्डु ने आरोप लगाया कि बढ़े हुए बिजली बिलों की शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही है।

# शिक्षा मंत्री ने किया बालिका छात्रावास का लोकार्पण

## यहां छात्राओं को रहने-पढ़ने की निशुल्क सुविधा मिलेगी


रामनगर में सुभाष चंद्र बोस छात्रावास के लोकार्पण पर कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री डॉ. धन सिंह रावत। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

- 50 बेड का आवासीय छात्रावास विद्यालय को समर्पित
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार:** बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल के तहत शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास का लोकार्पण किया। इस छात्रावास में छात्राओं को सुरक्षित माहौल में रहने और अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

कॉर्बेट नगरी रामनगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर में बने 50 बेड वाले इस आवासीय छात्रावास का शनिवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम को उत्सवमय बना दिया। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि इस छात्रावास में 50 छात्राओं के रहने और पढ़ाई की पूर्ण व्यवस्था की गई है। खास बात यह है कि सभी सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियां भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें।

उन्होंने कहा कि यह सुविधा विशेष रूप से उन छात्राओं के लिए है, जिनके घर में पढ़ाई का उचित वातावरण या मार्गदर्शन उपलब्ध नहीं हो पाता। ऐसे में यह छात्रावास उनके लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलेगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि हर बच्चा, विशेषकर बेटियां, बेहतर शिक्षा और सुरक्षित वातावरण में आगे बढ़ें। इसी दिशा में प्रदेश में ऐसे छात्रावासों की स्थापना की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेशभर में 17 ऐसे छात्रावास संचालित हैं, जिनमें लगभग 1600 छात्र-छात्राएं रहकर अध्ययन कर रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस अवसर पर राकेश नैनवाल, दिनेश मेहरा, भूपेंद्र खाती, इंदर रावत, शलभ मित्तल, भावना भट्ट, गणेश रावत आदि रहे।

## छात्राओं पर छींटाकशी की, छात्र का चालान

**नैनीताल:** डीएसबी कॉलेज में एक छात्र द्वारा छात्राओं से छींटाकशी करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार भुमियाधार निवासी आशीष शनिवार को कॉलेज पहुंचा और परिसर में आने-जाने वाली छात्राओं पर छींटाकशी करने लगा। छात्र की हरकतों से परेशान होकर लोगों ने 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को पकड़कर थाने ले आई। जहां उसके परिजनों ने बताया कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा है। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि भुमियाधार निवासी आशीष कुमार के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई है। युवक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# शोषण के आरोपी पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता, भीमताल


आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने में धरना देते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भीमताल बाईपास निवासी एक युवक पर कुछ दिन पूर्व महिलाओं के साथ शारीरिक शोषण करने और बाद में उनसे धन लेने के आरोप लगे थे। इसके बाद हिंदूवादी संगठनों ने उसे पकड़ने के लिए आंदोलन शुरू किया था।

पुलिस द्वारा बार-बार दबिश देने के बावजूद आरोपी अभी तक गिरफ्तार नहीं हो सका है। पुलिस ने व्यापार मंडल व हिंदूवादी संगठनों को शुक्रवार तक हर हाल में आरोपी को पकड़ने का आश्वासन दिया था। गिरफ्तारी न होने पर संगठनों और व्यापारियों ने थाने में धरना दिया। इस दौरान धरना दे रहे लोगों ने थाना अध्यक्ष को संबोधित ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज जोशी और जिला मंत्री मनोज भट्ट ने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने एक बार फिर सोमवार सुबह 9 बजे तक आरोपी को पकड़ने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो सोमवार सुबह 10 बजे से बाजार बंद कर चक्का जाम किया जाएगा। पंकज जोशी, मनोज भट्ट, प्रकाश, पुष्कर सिंह, रवि, कमल देवका, अनिल चनौतिया, चंदन, शरद पांडे, सुनीता पांडे, नीमा, ज्योति शर्मा, मीनाक्षी जोशी, नीमा जोशी, राधा कुलियाल, पूर्व जिपं अध्यक्ष बीना आर्य, मनीषा सियाल, नीरज सियाल, धन सिंह राणा रहे।

# निःशुल्क हेल्थ कैंप में तीन सौ लोगों की जांच

संवाददाता, रामनगर


वन कर्मियों के परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जंगलों की सुरक्षा में दिन-रात जुटे वनकर्मी अब स्वयं और उनके परिवार भी स्वस्थ रहें, इसी उद्देश्य से कॉर्बेट टाइगर रिजर्व प्रशासन और केवीआर अस्पताल के सहयोग से दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। रामनगर के सांवल्दे क्षेत्र में आयोजित इस शिविर में पहले ही दिन बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

शिविर में वनकर्मियों के साथ उनके परिवार, जिप्सी चालक, नेचर गाइड्स तथा आसपास के स्थानीय लोग भी शामिल हुए। पहले दिन ही लगभग 300 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। शिविर में सामान्य जांच के साथ-साथ आंख, कान, नाक, गला एवं हृदय संबंधी बीमारियों की विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच की गई। महिलाओं और बच्चों के लिए अलग से विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात किए गए, ताकि सभी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। कैंप में जांच के बाद सभी मरीजों को आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इस कैंप में योगदान देने वाले दून ओल्ड बॉयज समिति के सदस्य शिवेंद्र कुमार ने बताया कि यह पूरी तरह निःशुल्क शिविर है और इसका उद्देश्य वन क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है।

वहीं केवीआर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. कुशाल अग्रवाल ने बताया कि शिविर में सबसे अधिक मरीज त्वचा संबंधी समस्याओं, बीपी और शुगर की शिकायतों के साथ पहुंचे। बच्चों में खांसी, जुकाम और बुखार के मामले अधिक देखे गए, जबकि गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन के केस भी सामने आए।

# केबल टूटने से बिजली संकट पूरी रात परेशान रहे उपभोक्ता

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** गर्मी बढ़ने के साथ ही 33 हजार वोल्ट की लाइन में अधिक लोड के कारण केबल जलकर टूट गई, जिससे कालाढूंगी क्षेत्र में बिजली संकट गहरा गया। पूरी रात उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार रात बिजली गुल होने से नलकूप बंद हो गए, जिससे पेयजल व्यवस्था भी चरमरा गई। चकलुवा और कालाढूंगी क्षेत्र में व्यापारी, नगरवासी और ग्रामीण उमस भरी गर्मी में बिना पंखे और एसी के पूरी रात परेशान रहे।

बिजली न आने से लोगों को पूरी रात जागकर गुजारनी पड़ी और सुबह तक घरों में पानी का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया। उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र से लेकर अधिकारियों तक फोन किए, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। ऊर्जा निगम के एसडीओ दीपक पाठक ने बताया कि रामनगर से आने वाली लाइन में फॉल्ट आने के कारण बैलपड़ाव-कोटाबाग क्षेत्र को कालाढूंगी उपकेंद्र से सप्लाई दी जा रही थी। इसी दौरान 33 हजार वोल्ट की लाइन पर लोड बढ़ने से लामाचौड़ के पास केबल जलकर टूट गई। उन्होंने बताया कि तड़के सुबह लगभग 5 बजे लाइन जोड़कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

## रानीबाग में स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग

**भीमताल :** रानीबाग में सोमवार को जैन आयरन के सामने सड़क पार करते समय आंगनबाड़ी से लौट रही 5 वर्षीय कनक की रोडवेज बस से टकराने से मृत्यु हो गई। क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों के कारण चुंगी से गुलाबघाटी तक दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

सामाजिक कार्यकर्ता दीपक नौगांई 'अकेला' ने बताया कि स्पीड ब्रेकर होते तो हादसा टल सकता था। यहां ट्रैफिक नियंत्रण की कमी है और पुलिस गश्त भी सीमित है। उन्होंने स्पीड ब्रेकर, नियमित चेकिंग, 40 किमी प्रति घंटा सीमा और चेतावनी साइन बोर्ड लगाने की मांग की।

## वाल्मीकि सभा के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ

**नैनीताल:** वाल्मीकि सभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शनिवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या ने आंबेडकर भवन, तल्लीताल में सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। यहां समाजसेवी शीलू कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। वाल्मीकि सभा के चुनाव 5 अप्रैल को पालिका सभागार में सम्पन्न हुए थे, जिसमें अध्यक्ष पद पर गिरीश भैया और सचिव पद पर दिनेश कटियार विजयी रहे। उपाध्यक्ष पद पर संजय सौदा तथा उपसचिव पद पर अभिषेक मुल्तानिया विजयी रहे। यहां सभासद गजाला कमाल, भगवत रावत, अंकित चंद्रा, रमेश प्रसाद, सुरेंद्र कुमार रहे।


कार्यक्रम में दुग्ध उत्पादक को उपहार सौंपतीं विधायक सरिता आर्या। ● अमृत विचार

## दुग्ध उत्पादकों को किट व प्रोत्साहन राशि वितरित

**नैनीताल, अमृत विचार :** नैनीताल आंचल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, लालकुआं द्वारा स्वतंत्रता सेनानी एवं यूपी के पूर्व सीएम हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती मनाई गई। शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या, भीमताल ब्लॉक प्रमुख हरीश बिष्ट, भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, मंडी परिषद सलाहकार मनोज जोशी, सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत एवं अध्यक्ष मुकेश बोरा ने किया। अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला योजना के तहत स्वच्छ दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 3500 किट वितरित की गईं। 78 लाभार्थियों को 1 लाख 17 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए गए। मुख्य अतिथि सरिता आर्या ने पशुपालकों को जंगली जानवरों से पशुओं की सुरक्षा के प्रति सजग रहने की सलाह दी। दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने बताया कि पिछले 18 महीनों में दूध के मूल्य में 13 रुपये की वृद्धि की गई है, जिसके लिए उन्होंने दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार जताया। यहां संजय भाकुनी, गोविंद सिंह मेहता, खष्टी देवी, सामान्य प्रबंधक अनुराग शर्मा, उमेश पढालनी, सुभाष बाबू, शांति कोरंगा आदि रहे।


ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली



BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Granta Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 02 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 03 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 07 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 11 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 12 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 13 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 14 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 15 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 17 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 18 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 20 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 21 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 22 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 25 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 26 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 27 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 28 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 29 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 30 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 31 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 32 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 33 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 34 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 35 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 36 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 37 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 40 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 41 | ANM | 10+2 | 2 Year |

BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | | | |
|---|---|---|---|
| 42 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 43 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 44 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 45 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 46 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 47 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 50 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 54 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 55 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 56 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 58 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 61 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 65 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 66 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

FACULTY OF FINE ARTS

| | | | |
|---|---|---|---|
| 67 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 68 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 69 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 70 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 71 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 72 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 73 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153
Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# बालिकाओं ने फिर पाया सफलता का आसमान

## 1.88% अधिक रहा विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष इंटर का परिणाम, जबकि हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 1.33 प्रतिशत अधिक रहा

मुख्य संवाददाता, देहरादून/रामनगर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद एक बार फिर देवभूमि की बालिकाओं ने आसमान को पा लिया है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों परीक्षा परिणामों में बालिकाओं ने अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन को दोहराते हुए अव्वल स्थान पाया है।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि इस वर्ष इंटरमीडिएट में कुल परीक्षा परिणाम 85.11 फीसदी रहा जिसमें बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 81.93 जबकि बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.09 रहा है। इंटरमीडिएट में पंजीकृत 102986 परीक्षार्थियों में से 100452 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए जबकि 85499 उत्तीर्ण हुए। विगत वर्ष 2025 की तुलना में इस वर्ष इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 1.88 फीसदी अधिक रहा है। इसी प्रकार इस वर्ष हाईस्कूल का कुल परीक्षा परिणाम 92.10 फीसदी रहा जिसमें 88.03 फीसदी बालकों जबकि 96.07 फीसदी बालिकाओं ने बाजी मारी। डॉ. रावत ने बताया कि हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के लिए 112266 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 108983 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जबकि 100373 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम विगत वर्ष 2025 की तुलना में 1.33 प्रतिशत अधिक रहा है। इस अवसर पर विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने मेधावी छात्रों व उनके अभिभावकों से फोन पर बात कर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं।



हाईस्कूल के टॉपर अक्षत गोपाल को मिठाई खिलाते शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत। ● अमृत विचार

### परीक्षाफल सुधार परीक्षा के भी परिणाम घोषित

**रामनगर :** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने 10वीं व 12 वीं के परीक्षाफल सुधार परीक्षा–2025 के द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम भी घोषित कर दिए हैं। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा का परीक्षाफल 68 .67 रहा है। 10वीं बोर्ड परीक्षा में 382 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसमें से 239 छात्र–छात्राएं उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार इंटरमीडिएट परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय) वर्ष–2025 का परीक्षाफल 66 .27 फीसदी रहा। उक्त परीक्षा में कुल 464 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 279 उत्तीर्ण हुए।



प्रतिभा सनवाल।



मेघा गौतम।



अंजलि शर्मा।



हर्षित खुल्बे।

### जय मोहन कॉलेज के चार विद्यार्थियों ने मेरिट में

**रामनगर :** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामों में जय मोहन इंटर कॉलेज, कानिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नया इतिहास रचा है। विद्यालय के चार मेधावी छात्र–छात्राओं ने प्रदेश की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त किया है। विशेष उल्लेखनीय है कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा, जिसमें 98 प्रतिशत विद्यार्थी सम्मान सहित प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। हाईस्कूल की छात्रा अंजलि शर्मा ने प्रदेश में 12वीं रैंक प्राप्त की है। वह भविष्य में आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। इसी कक्षा के हर्षित खुल्बे ने 23वीं रैंक हासिल की है और उनका लक्ष्य एक कुशल इंजीनियर बनना है। इंटरमीडिएट में मेघा गौतम ने प्रदेश की मेरिट सूची में 19वीं रैंक प्राप्त की है। वह डॉक्टर बनकर जनसेवा करना चाहती हैं। वहीं प्रतिभा सनवाल ने 23वीं रैंक हासिल की है और वह एग्रीकल्चर इंजीनियर बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही हैं। विद्यालय के संरक्षक जीडी जोशी और प्रबंधक अमन जोशी ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे विद्यालय के लिए गौरव का क्षण बताया। प्रधानाचार्य एमडी तेवाड़ी एवं उप–प्रधानाचार्य डीएस मनराल ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी।

### मोबाइल से दूरी बना अक्षत ने पूरे प्रदेश में मचाया धमाल

**रामनगर :** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में रामनगर के एक साधारण परिवार के लाल अक्षत गोपाल ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए हाईस्कूल में प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। एमपी हिंदू इंटर कॉलेज के छात्र अक्षत ने 500 में से 491 अंक प्राप्त कर 98 .2 प्रतिशत के साथ टॉप किया। उनकी इस सफलता से परिवार व क्षेत्र में खुशी की लहर है, वहीं विद्यालय का भी मान बढ़ा है। खास बात यह रही कि अक्षत ने बिना किसी ट्यूशन के यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने रोजाना 4 से 5 घंटे नियमित पढ़ाई की और मोबाइल फोन से दूरी बनाकर केवल किताबों पर ध्यान केंद्रित किया। यही अनुशासन उनकी सफलता की कुंजी बना। अक्षत ने बताया कि उनका सपना आगे चलकर इंजीनियर बनने का है। उन्होंने नियमित पढ़ाई और शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपनी सफलता का आधार बताया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता और शिक्षकों को दिया। उनके पिता, जो निजी शिक्षक हैं, बेटे की उपलब्धि पर भावुक नजर आए। घर में जश्न का माहौल है और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव शर्मा ने कहा कि अक्षत की सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक है।

### प्रदेशभर के टॉप 10 होनहार

| हाईस्कूल | इंटरमीडिएट |
|---|---|
| **अक्षत गोपाल पुत्र ममता गोपाल**<br>एमपी हिंदू इंटर कॉलेज, रामनगर<br>अंक– 491/500– 98 .20 % | **गीतिका पंत पुत्री चंद्रशेखर पंत**<br>सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, बागेश्वर, अंक– 490/500– 98 .0 % |
| **इशांत कोठारी पुत्र सुनील कोठारी**<br>एसवीएमआईसीएस, चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी, अंक– 490/500– 98% | **सुशीला मेहंदीरत्ता पुत्री योगेश मेहंदीरत्ता**<br>भंजूराम अमर इंटर कॉलेज भूरारानी, यूएस नगर, अंक–490/500– 98 .0% |
| **भूमिका पुत्री देवेंद्र सिंह**<br>जीबी पंत जीआईसी, खैरना, नैनीताल<br>अंक– 490/500– 98 .0% | **आर्यन पुत्र मनोज**<br>एसवीएमआईसी आवास विकास ऋषिकेश, अंक– 489/500– 97 .80% |
| **योगेश जोशी पुत्र भुवन चंद्र जोशी**<br>विवेकानंद वीएमआईसी मंडलसेरा, बागेश्वर, अंक– 489/500– 97 .80% | **वंशिका पुत्री राजेंद्र कुमार**<br>सरस्वती मंदिर इंटर कॉलेज, मायापुर हरिद्वार, अंक– 485/500– 97 .0 % |
| **शशांक पुरोहित पुत्र राजेंद्र पुरोहित**<br>एसवीएमएचएसएस श्रीनगर, पौड़ी गढ़वाल, अंक– 486/500– 97 .20% | **कशिश शर्मा पुत्री नरेंद्र कुमार शर्मा**<br>एसवीएम इंटर कॉलेज, रानीपुर, हरिद्वार, अंक– 483/500– 96 .60% |

### नैनीताल जिले के हाईस्कूल के टॉप टेन मेधावी

| मेधावी | स्कूल का नाम | अंक |
|---|---|---|
| अक्षत गोपाल | एमपी हिंदू इंटर कॉलेज रामनगर | 98 .20 प्रतिशत |
| भूमिका | जीबी पंत इंटर कॉलेज, खैरना | 98 .00 प्रतिशत |
| देवेश जोशी | चिल्ड्रन्स एकेडमी, हल्दूचौड़ | 96 .80 प्रतिशत |
| गीतिका नेगी | यूएसआर इंदु इंटर कॉलेज, रामनगर | 96 .00 प्रतिशत |
| धीरज मिश्रा | चिल्ड्रन्स एकेडमी, हल्दूचौड़ | 95 .80 प्रतिशत |
| भावेश जोशी | चिल्ड्रन्स एकेडमी, हल्दूचौड़ | 95 .40 प्रतिशत |
| अंजलि शर्मा | जय मोहन इंटर कॉलेज, रामनगर | 95 .20 प्रतिशत |
| हर्षिता पंत | मॉडल राइंका, लामाचौड़, हल्द्वानी | 95 .20 प्रतिशत |
| कनिष्का बिष्ट | एसकेएम कॉन्वेंट स्कूल, नैनीताल | 95 .20 प्रतिशत |
| निहारिका सती | एमपी हिंदू इंटर कॉलेज रामनगर | 94 .40 प्रतिशत |

### नैनीताल जिले के इंटरमीडिएट के टॉपर्स

| मेधावी | स्कूल का नाम | अंक |
|---|---|---|
| यमुना बोरा | राजकीय इंटर कॉलेज, जोश्यूरा, नैनीताल | 95 .80 प्रतिशत |
| वर्षा | हरगोविंद सुयाल इंटर कॉलेज, कुसुमखेड़ा | 95 .40 प्रतिशत |



संयुक्त परिवार के साथ टॉपर हर्षिता पंत। ● अमृत विचार

### एयरफोर्स में जाकर देशसेवा करना चाहती हैं हर्षिता

**हल्द्वानी :** मॉडल जीआईसी लामाचौड़ की छात्रा हर्षिता ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 95 .2 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले की मेरिट सूची के टॉप–10 में स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने साइंस में 98, गणित में 96, आईटी में 94 और अंग्रेजी में 93 अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। हर्षिता का सपना एनडीए परीक्षा पास कर एयरफोर्स में शामिल होकर देशसेवा करना है। इसके लिए वह अभी से तैयारी में जुट गई हैं और 11वीं में पीसीएम स्ट्रीम से पढ़ाई जारी रखेंगी। उनके पिता महेश चंद्र पंत पिथौरागढ़ में वेटरिनरी फार्मासिस्ट हैं, जबकि माता लता पंत गृहिणी हैं। संयुक्त परिवार में रहने वाली हर्षिता अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता और शिक्षकों को देती हैं। वह सोशल मीडिया से दूरी बनाकर नियमित ट्यूशन और रिवीजन के जरिए पढ़ाई करती हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य केएन लोहनी ने भी उनकी सफलता पर खुशी जताई है।

### ज्ञान प्रकाश कॉलेज धमोला का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**कालाढूंगी :** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में ज्ञान प्रकाश इंटर कॉलेज धमोला का इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा, जबकि हाईस्कूल का परिणाम 97 .29 प्रतिशत दर्ज किया गया। इंटरमीडिएट में दिव्यांशी बुढलाकोटी ने 90 .4%, करिश्मा पांडे ने 84% तथा दीपक नेगी ने 83 .6% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हाईस्कूल में पवन बधानी ने 87% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अन्नू बिष्ट ने 81% अंक के साथ द्वितीय तथा आरूषि चौहान ने 77 .4% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में पीएमश्री राबाइंका कोटाबाग का भी हाईस्कूल एवं इंटर का परिणाम शत–प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, प्रबंधक फादर साबू जोसेफ, प्रभारी प्रधानाचार्या रीना कम्बोज सहित सभी शिक्षकों—कमल कांत जोशी, मनमोहन सिंह, रेनू बिष्ट, सिस्टर स्वर्णा, दीपिका बधानी, भावना बर्गली, प्रकाश चन्द्र, नीता नेगी, अंशुल वर्मा, रिक्की डौली, सिस्टर अल्का, अखिलेश सनवाल, किरण गंगोला एवं एरिक पीटर ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## चिल्ड्रन्स एकेडमी हल्दूचौड़ के पांच होनहारों को मिला मेरिट में स्थान



धीरज मिश्रा।



भावेश जोशी।



क्षितिज दुम्का।



आकांक्षा पांडे।



अभिनव।



वंश नेगी।

संवाददाता, लालकुआं

- **विद्यालय के निदेशक श्रीष पाठक ने सभी विद्यार्थियों को बधाई**
- **सफल विद्यार्थियों के घर बधाई देने वालों का लगा तांता**

**अमृत विचार :** निकटवर्ती क्षेत्र हल्दूचौड़ स्थित चिल्ड्रन्स एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पांच होनहार छात्रों ने उत्तराखंड बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा की मेरिट सूची में शानदार स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

विद्यालय के छात्र देवेश जोशी ने 500 में से 484 अंक 96.8% अंक प्राप्त कर प्रदेश में 5वां स्थान हासिल किया। देवेश भविष्य में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं। धीरज मिश्रा ने 479 अंक (95.8%) के साथ प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त किया। वे बैंकिंग क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। भावेश जोशी ने 95.4% प्राप्त कर प्रदेश में 11वां स्थान हासिल किया। क्षितिज दुम्का ने 93.2% प्राप्त कर प्रदेश में 22वां स्थान प्राप्त किया। वे चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहते हैं। आकांक्षा पांडे ने 92.6% प्राप्त किए।

वहीं इंटरमीडिएट में अभिनव पन्त ने 91.4 प्रतिशत अंक हासिल किये, वहीं वंश सिंह नेगी ने 89.6% अंक प्राप्त कर स्कूल एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के निदेशक श्रीष पाठक ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है।



### रिया ने मां व शिक्षकों के मार्गदर्शन से पाई सफलता

**हल्द्वानी :** किसान की बेटी 10वीं की छात्रा रिया ने मां व शिक्षकों के मार्गदर्शन से सफलता हासिल की है। जेल रोड चौराहे स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की 10वीं की छात्रा रिया नेगी ने उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में 93 .6 प्रतिशत हासिल कर स्कूल टॉप किया है। वह आदर्श नगर मुखानी में अपनी मां के साथ किराये के कमरे में रहती हैं। उन्होंने साइंस में शत–प्रतिशत अंक हासिल किए। जबकि आईटी में 97, एसएसटी में 96, हिंदी में 93 और अंग्रेजी में 86 अंक हासिल किए हैं। रिया ने बताया उनका परिवार मूल रूप से अल्मोड़ा के जमराणी बैंड के पास स्थित गांव में रहता है। उनके पिता पूरन सिंह नेगी आज भी गांव में खेती–बाड़ी कर आजीविका चलाते हैं। जबकि उनकी मां राधा नेगी शहर के एक निजी स्कूल में क्लरिकल स्टाफ में कार्य करती हैं। उनकी बड़ी बहन स्नेहा नेगी वर्तमान में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। रिया ने अपनी सफलता के लिए नियमित पढ़ाई और रिवीजन को बताया।



### नैनीताल के सुमित फर्त्याल को मेरिट में 25वां स्थान

**नैनीताल :** भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के छात्र सुमित फर्त्याल ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 92 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर 25वां स्थान हासिल किया है। सुमित नैनीताल शहर के इंटरमीडिएट कॉलेजों में एकमात्र छात्र हैं, जिन्होंने इस वर्ष टॉप–25 सूची में स्थान बनाया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। सुमित की सफलता पर स्नो व्यू वार्ड और स्टाफ हाउस वार्ड के सभासदों सहित प्रकाश पांडेय और राजेंद्र प्रसाद ने उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। सुमित के पिता चंदन फर्त्याल मल्लीताल स्थित रॉयल किचन ढाबा में कुक के रूप में कार्यरत हैं, माता कमला फर्त्याल पोस्ट ऑफिस में आरडी एजेंट हैं।

### वर्षा ने रिवीजन व क्वालिटी स्टडी को बनाया हथियार

**हल्द्वानी :** रिवीजन व क्वालिटी स्टडी के बलबूते पर भी अच्छे अंक पाकर सफलता हासिल की जा सकती है। शहर के हरगोविंद सुयाल विद्या मंदिर की इंटरमीडिएट की छात्रा वर्षा तिवारी ने 12वीं में 95 .4 % अंक हासिल कर परचम लहराया है। वर्षा ने फिजिक्स में सर्वाधिक 98 अंक प्राप्त किए। जबकि केमिस्ट्री, अंग्रेजी और हिंदी में उन्हें 95–95 अंक मिले। उन्होंने बताया कि वह रोजाना 5 बजे उठकर दो घंटे पढ़ाई करती हैं। उन्होंने कहा कि लिमिटेड टाइम में इफेक्टिव स्टडी के जरिये अच्छे अंक लाए जा सकते हैं। वर्षा का पसंदीदा सब्जेक्ट बायोलॉजी है। वह पंतनगर यूनिवर्सिटी से बायोटेक्नोलॉजी का कोर्स करना चाहती है, । उनकी माता मंजू तिवारी अल्मोड़ा जिले के एक दूरस्थ क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका हैं, जबकि पिता गणेश तिवारी ने अपने बच्चों की पढ़ाई के खातिर कुछ ही समय पहले प्राइवेट नौकरी छोड़ी है।



गीतिका नेगी।



श्रुति नेगी।



अंतरा।



ट्यूलिप रावत।



भावना।



पूजा रावत।

### यूएसआर इंदू इंटर कॉलेज की गीतिका की 8वीं और पूजा की 17वीं रैंक

**रामनगर :** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में यूएसआर इंदू इंटर कॉलेज की गीतिका नेगी ने हाईस्कूल में 8वीं रैंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनके पिता डीएमसी में कार्यरत हैं, जबकि माता ग्रहणी हैं। गीतिका भविष्य में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहती हैं। वहीं विद्यालय की पूजा रावत ने 17वीं रैंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वह बैंक पीओ बनकर देश सेवा का लक्ष्य रखती हैं। भावना रावत को 91% अंक प्राप्त किए हैं। वह इंजीनियर बनना चाहती हैं। श्रुति नेगी ने 89 .2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान हासिल किया और कंप्यूटर इंजीनियर बनने की इच्छा व्यक्त की। रोशनी रावत ने 88 .4% अंक प्राप्त किए हैं। वह प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती हैं। अंतरा रावत और ट्यूलिप रावत ने भी 86% अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय के प्रबंधक सुदीप रावत एवं प्रधानाचार्य प्रेमचंद ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सौ फीसदी रहा दुर्गम विद्यालय चकडोबा का परिणाम

**भीमताल :** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में राजकीय इंटर कॉलेज, चकडोबा ने अति दुर्गम क्षेत्र और संसाधनों के अभाव के बावजूद शानदार प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10वीं और 12वीं का शत–प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया। हाईस्कूलमें 21 तथा इंटरमीडिएट में 14 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। खंड शिक्षा अधिकारी सुलोहिता नेगी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार ओझा ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की कड़ी मेहनत पर खुशी जताते हुए सभी को बधाई दी।

### एसकेएम कनिष्का, प्राची व गौरी ने मेरिट में बनाई जगह



कनिष्का बिष्ट।



प्राची जोशी।



गौरी भाटिया।

**लालकुआं :** इंद्रानगर–2, बिंदुखत्ता स्थित एसकेएम कान्वेंट स्कूल के छात्र–छात्राओं ने उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर की मेरिट सूची में शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। विद्यालय की कनिष्का बिष्ट ने 500 में से 476 अंक प्राप्त 12वां स्थान हासिल किया है। गौरी भाटिया ने 469 अंक प्राप्त कर 19वां स्थान एवं प्राची जोशी ने 467 अंक प्राप्त कर 21वां स्थान अर्जित किया है। विद्यालय के डायरेक्टर कमलेश पाठक ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों के साथ–साथ अभिभावकों को श्रेय दिया है।



उत्तराखंड बोर्ड का रिजल्ट आने के बाद खुशी का इजहार करतीं जीजीआईसी की छात्राएं।

## हाईस्कूल व इंटर में बागेश्वर जनपद पहले पायदान पर

विनोद पपनै, रामनगर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं में हाईस्कूल एवं इंटर में बागेश्वर जनपद के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दोनों परीक्षाओं में ओवरऑल बागेश्वर जिला पहले स्थान पर रहा। हाईस्कूल में बागेश्वर का उत्तीर्ण प्रतिशत 96.98 रहा, जबकि इंटरमीडिएट में भी 94.81% के साथ जनपद ने पहला स्थान प्राप्त किया।

हाईस्कूल के परिणाम में बागेश्वर 96.98%, पिथौरागढ़ 96.25%, रुद्रप्रयाग 95.95%, अल्मोड़ा 94.92%, चंपावत 94.80%, टिहरी गढ़वाल 93.89%, उत्तरकाशी 93.84%, चमोली 92.42%, यूएस नगर 92.35%, नैनीताल 92.21%, पौड़ी गढ़वाल 90.65%, हरिद्वार 89.91%, देहरादून 89.21% रहा। इंटर में बागेश्वर 94.81%, पिथौरागढ़ 94.11%, अल्मोड़ा 93.24%, चंपावत 93.10%, टिहरी गढ़वाल 89.92%, चमोली 89.75%, नैनीताल 88.81%, उत्तरकाशी 88.66%, रुद्रप्रयाग 87.28%, यूएस नगर 84.80%, देहरादून 83.65%, पौड़ी गढ़वाल 84.56% व हरिद्वार 75.45% रहा। सर्वाधिक उत्तीर्ण प्रतिशत का खिताब बागेश्वर के नाम रहा।

## नैनीताल में बेटियों ने फिर मारी बाजी

संवाददाता, हल्द्वानी

- **हाईस्कूल में 96.97 प्रतिशत परिणाम के साथ बालिकाएं आगे**
- **इंटर में 91.56 प्रतिशत रहा बालिकाओं का परीक्षा परिणाम**

**अमृत विचार:** नैनीताल जिले में इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम उत्साहजनक रहा, जिसमें बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालकों को पीछे छोड़ दिया। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों स्तरों पर छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत अधिक रहा।

हाईस्कूल में 9530 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 9362 परीक्षा में शामिल हुए और 8633 विद्यार्थी सफल रहे। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.67 रहा, जबकि बालिकाओं ने 96.97 प्रतिशत के साथ बढ़त बनाई।

कुल परिणाम 92.21 प्रतिशत दर्ज किया गया। मेरिट सूची में भी बालिकाओं का दबदबा रहा, जहां टॉप 25 में 15 बालिकाएं और शेष बालक शामिल रहे। इंटरमीडिएट में 8664 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 8553 परीक्षा में शामिल हुए और 7596 सफल रहे।

यहां बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 85.25 रहा, जबकि बालिकाओं ने 91.56 प्रतिशत के साथ बेहतर प्रदर्शन किया। कुल परिणाम 88.81 प्रतिशत रहा।

इंटर की टॉप 25 सूची में भी 5 बालिकाएं और 2 बालक शामिल रहे, जिससे छात्राओं की बढ़त स्पष्ट हुई।



अक्षत गोपाल को मिठाई खिलाते परिजन। ● अमृत विचार

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes
July 2026 session in the following disciplines

- Faculty of Medical Sciences
  (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences
  (All Specialities)
- Faculty of Management

Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## सिटी ब्रीफ

### डॉक्टर और स्टाफ को दी जिंदा जलाने की धमकी

**रुद्रपुर** : शहर के प्रतिष्ठित कात्यायनी मेडिकल सेंटर में एक सिरफिरे युवक द्वारा जमकर हंगामा करने का मामला सामने आया है। ओमेक्स निवासी आरोपी अमरजीत सिंह ने अस्पताल में घुसकर मैनेजर और महिला डॉक्टर के साथ अभद्रता की। आरोपी ने अस्पताल के स्टाफ को कमरे में बंद कर जिंदा जलाने और जान से मारने की धमकी दी, जिससे स्वास्थ्य कर्मियों में दहशत फैल गई। अस्पताल के निदेशक डॉ. बिल्सन जय जेवियर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल मनोज रतूड़ी के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर ली गई है ।

### कोतवाली से 100 मीटर दूरी पर लाखों की चोरी

**किच्छा** : क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने कोतवाली से महज 100 मीटर की दूरी पर चोरी कर पुलिस को खुली चुनौती दी है। नगर पालिका गेट के सामने स्थित पेट्रोल पंप स्वामी गोपाल कृष्ण अग्रवाल की बिल्डिंग का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के कीमती दरवाजे, पीतल का सामान और विद्युत उपकरण पार कर दिए। चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसकी फुटेज पुलिस ने कब्जे में ले ली है। हाल ही में उद्योगपति राजेंद्र गोयल के घर हुई एक करोड़ की चोरी का खुलासा न होने और अब कोतवाली के पास वारदात से जनता में भय का माहौल है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### क्रेडिट कार्ड से कर डाली एक लाख की शॉपिंग

**रुद्रपुर** : कोतवाली ट्रांजिट कैंप इलाके में एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से शॉपिंग किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जनपथ रोड फुलसुंगा निवासी सुरजीत सिंह ने बताया कि उसका खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में है। 19 अप्रैल की दोपहर साढ़े तीन बजे मोबाइल फोन में निकासी का मैसेज आया। मैसेज देखा तो खाते से 95 हजार और दूसरे खाते से पांच हजार रुपये निकासी हो चुकी थी, जबकि उसके बैंक खाते की लिमिट 25 हजार रुपये है। पड़ताल में पता चला कि साइबर ठगों ने यूपीआई के माध्यम से साइबर ठगी को अंजाम दिया है।

### बिजली चोरी में पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर** : पंतनगर के शांतिपुरी इलाके में बिजली विभाग और विजिलेंस की टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाते हुए पांच उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अवर अभियंता प्रदीप सिंह खाती, सहायक अभियंता सतर्कता अमित चंद्र आर्य ने टीम के साथ थाना पंतनगर के शांतिपुरी-एक, दो और तीन में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। छापेमार कार्रवाई में शांतिपुरी तीन निवासी नंदी देवी को 0.148 किलोवाट, पूरन सिंह निवासी शांतिपुरी तीन को 2.138 किलोवाट, भूपेश बिष्ट को 0.401 किलोवाट, चंदन सिंह को 0.650 किलोवाट, हरेंद्र सिंह निवासी शांतिपुरी को 1.8 किलोवाट की चोरी करते हुए पकड़ा गया।

### मौत प्रकरण में मुकदमा

**रुद्रपुर** : थाना पंतनगर इलाके में गुरविंदर मौत प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता का आरोप था कि बाइक सवार ने तेज रफ्तार से वाहन का संचालन कर रहा था। जिसकी वजह से उसकी पति की मौत हुई है। जानकारी के अनुसार ग्राम सिद्धा नवदिया नानकमत्ता निवासी सोनू कौर ने बताया कि 3 मई की सुबह साढ़े पांच बजे पति गुरविंदर सिंह अपनी बाइक से सिडकुल स्थित पिकप को छोड़कर वापस लौट रहा था कि सिडकुल के समीप तेज रफ्तार बाइक ने पति को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में पति की मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश तेज कर दी है।

# चिलचिलाती धूप में बेहोश हुईं महिला श्रमिक

## सिडकुल में लाठीचार्ज के बाद अफरा-तफरी, 21 हजार न्यूनतम वेतन पर अड़े श्रमिक, रो-रोकर सुनाई पीड़ा

संवाददाता, रुद्रपुर



बवाल के बाद धरना देते श्रमिक। ● अमृत विचार



पुलिस से नोकझोंक करते श्रमिक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर के औद्योगिक आस्थान सिडकुल में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर चल रहा श्रमिकों का आंदोलन शनिवार को उस समय हिंसक और हृदयविदारक हो गया, जब पुलिस ने धरना स्थल से श्रमिकों को खदेड़ना शुरू किया। पुलिस की कार्रवाई और चिलचिलाती धूप के बीच मची भगदड़ में कई महिला श्रमिक गश खाकर गिर पड़ीं, जिससे माहौल अत्यंत तनावपूर्ण हो गया।

वी-गार्ड कंपनी के बाहर पिछले दो दिनों से डटे श्रमिकों को जब पुलिस ने लाठियां फटकारते हुए बलपूर्वक हटाना शुरू किया, तो देखते ही देखते पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस और श्रमिकों के बीच तीखी धक्का-मुक्की हुई। चिलचिलाती धूप और उमस के बीच जान बचाने के लिए भाग रहे श्रमिकों में से कई महिला श्रमिक मौके पर ही बेहोश हो गईं। कुछ श्रमिक भागते समय ठोकर लगने से चोटिल भी हुए। करीब एक घंटे तक चले इस हंगामे के दौरान साथी श्रमिक अपने सहकर्मियों को उठाकर होश में लाने की कोशिश करते नजर आए। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग ने एंबुलेंस रवाना की और कर्मियों ने मौके पर दवा देकर स्थिति को नियंत्रित किया। कार्रवाई के दौरान कई महिला श्रमिकों का धैर्य जवाब दे गया और वे रो-रोकर अपनी व्यथा सुनाने लगीं। श्रमिकों का कहना था कि पहाड़ों के दुर्गम क्षेत्रों से आकर वे यहाँ नारकीय परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन खानपान, आवाजाही और स्वास्थ्य जैसी कोई बुनियादी सुविधा नहीं देता है।

अप्रशिक्षित होने के कारण श्रमिक आए दिन मशीनों पर चोटिल होते हैं, लेकिन प्रबंधन की ओर से ईएसआई और पीएफ जैसी सुविधाएं भी नाममात्र की हैं। आंदोलनकारी श्रमिकों ने दो-टूक कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 21 हजार रुपये न्यूनतम वेतनमान उनका संवैधानिक हक है। उनका आरोप है कि कंपनी प्रबंधन उनकी जीविका को बेहतर बनाने के बजाय पुलिस प्रशासन के जरिए उनकी आवाज दबाने की दमनकारी नीति अपना रहा है। श्रमिकों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं और पुलिसिया तानाशाही बंद नहीं होती, उनका उग्र आंदोलन जारी रहेगा। फिलहाल, सिडकुल में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है और एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रशासन और श्रम विभाग के अधिकारी बीच का रास्ता निकालने की कोशिश में जुटे हैं।

# इंटर में संजना व हाईस्कूल में दीपक रहे विद्यालय टॉपर



संजना।



दीपक देवराड़ी।

**दिनेशपुर, अमृत विचार** : उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा 2026 के घोषित परिणामों में नवोदय इंटर कॉलेज चक्कीमोड़ (कूल्हा) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। विद्यालय का इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 94% तथा हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 96% रहा।

शनिवार को उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाफल घोषित होने पर नवोदय इंटर कॉलेज चक्कीमोड़ की 12वीं की छात्रा संजना ने 79.9 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय टॉप किया है। 10 विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में दीपक देवराड़ी ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। हाईस्कूल में 19 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। दोनों कक्षाओं में 29 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। उत्तराखंड बोर्ड 2026 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय प्रबंधक हरीश जोशी व प्रधानाचार्य ऋषभ जोशी ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

# पीएमश्री बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत



ज्योति।



समृति मंडल।

**दिनेशपुर, अमृत विचार** : पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की दो छात्राओं ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में शीर्ष स्थान हासिल कर विद्यालय में टॉपर रही। दसवीं की छात्रा ज्योति कुमारी पुत्री राजेश यादव ने 433 अंक और इंटरमीडिएट परीक्षा में समृता मंडल पुत्री सुभाष मंडल ने 428 अंक हासिल कर 85.6% रैंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य हंसा जोशी ने उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय परिवार की ओर से दोनों छात्राओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा यह सफलता छात्राओं की कठिन मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन व अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।



किच्छा में विकास कार्यों का लोकार्पण करते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

### 33.36 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण

**किच्छा** : क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधानसभा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में 33.36 लाख रुपये की लागत से निर्मित सड़कों और जनसुविधाओं का विधिवत लोकार्पण किया। ग्राम छिनकी, खमरिया, नौगमां और कच्ची खमरिया में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान विधायक ने सीसी सड़कों और टिनशेड निर्माण कार्यों का फीता काटा। इस अवसर पर बेहड़ ने बताया कि कच्ची खमरिया, कुरैया और लालपुर में कब्रिस्तानों के सौंदर्यीकरण के लिए 63 लाख से अधिक के कार्यों को स्वीकृति मिल गई है। साथ ही, खमरिया से बडोरा तक संपर्क मार्ग को नाबार्ड योजना में शामिल कराया गया है। स्थानीय जनता ने विकास कार्यों के लिए विधायक का भव्य स्वागत कर आभार जताया। मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुलशन सिंधी, पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजर सिंह, दर्शन कोहली, दीपा खानवानी, किन्नू शुक्ला, सुनीता कश्यप, नजाकत खान, राजेश प्रताप सिंह, गुड्डू मलिक, हाजी शरीफ अहमद, गौरव गिरी, फुरकान मलिक, बंटी मलिक, नरेश खुराना, हरभगवान रहेजा आदि मौजूद रहे।

# किच्छा में हाईवे किनारे बनी अवैध 'बेनी मजार' ध्वस्त

- अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, भारी सुरक्षा बल रहा मौजूद

संवाददाता, किच्छा



किच्छा में अतिक्रमण तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार



कार्रवाई के दौरान हाइवे खुलने का इंतजार करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : उत्तराखंड में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सख्त अभियान जारी है। इसी क्रम में शनिवार तड़के किच्छा प्रशासन की संयुक्त टीम ने हल्द्वानी मार्ग पर स्टेट हाईवे चौड़ीकरण की राह में बाधा बन रही अवैध "बेनी मजार" को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से सड़क चौड़ीकरण और रेलवे विस्तारीकरण का रास्ता अब साफ हो गया है।

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी नितिन भदारिया के निर्देश पर उप जिलाधिकारी गौरव पांडे, पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी और एसपी क्राइम उत्तम सिंह नेगी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। कार्रवाई के दौरान नैनीताल-बरेली हाईवे पर यातायात को रोककर उसे रुद्रपुर-रामेश्वरपुर मार्ग की ओर डायवर्ट किया गया। करीब दो घंटे चली इस कार्रवाई में दो जेसीबी मशीनों की मदद से अवैध ढांचे को हटाकर भूमि को समतल कर दिया गया।

अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय के अनुसार, रेलवे प्रशासन (इज्जत नगर मंडल) द्वारा मजार कमेटी को 26 मई 2023 और 18 सितंबर 2025 को नोटिस जारी कर भूमि के स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज मांगे गए थे। संचालकों द्वारा कोई साक्ष्य प्रस्तुत न करने और अतिक्रमण न हटाने पर प्रशासन ने यह कड़ा कदम उठाया। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व ही इसी मार्ग पर स्थित काली मंदिर से मूर्तियों को भी ससम्मान अन्यत्र स्थानांतरित किया गया था।

खुरपिया फॉर्म में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र को देखते हुए किच्छा से नगला तक स्टेट हाईवे का चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है। मार्ग में स्थित धार्मिक ढांचों के कारण निर्माण कार्य रुका हुआ था। सीएम धामी के स्पष्ट निर्देशों के बाद, अब तक देवभूमि में लगभग 582 अवैध संरचनाओं को हटाया जा चुका है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए अवैध ढांचों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फिलहाल, पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

# शवदाह गृह बनने से मिलेगी सुविधा

- 10 लाख की विधायक निधि से होगा निर्माण
- स्थानीय लोगों ने मिठाई खिलाकर किया स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर



विधायक अरोरा को मिठाई खिलाते क्षेत्र के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विधायक शिव अरोरा ने ट्रांजिट कैंप क्षेत्र स्थित मुक्तिधाम में विधायक निधि से स्वीकृत 10 लाख की धनराशि से शवदाह गृह का निर्माण और लोगों के बैठने के लिए टिनशेड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक अरोरा का ट्रांजिट कैंप में पहुंचने पर वार्ड 7 के लोगों ने मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

शनिवार को लोकार्पण के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र जहां लाखों लोग निवास करते हैं। चाहे वह सिडकुल में कार्य करने वाले लोग हों या यहां के स्थानीय लोगों का एकमात्र श्मशान घाट शिव नगर में स्थित है। इसमें शवदाह गृह व टिन शेड निर्माण की मांग यहां के लोगों द्वारा लम्बे समय से की जा रही थी।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, छेदालाल राठौर, पूर्व मंडी चेयरमैन केके दास, वार्ड 7 पार्षद कैलाश राठौर, वार्ड 9 पार्षद राजेंद्र राठौर, शंकर विश्वास, केपी राठी, एमपी मौर्य, अलोक राय, संजय हलदार, विष्णु सिंह, नंदलाल शर्मा, डीके गंगवार, मदन दिवाकर, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, विपुल गईन, राजा भरद्वाज, प्रदीप राठौर, मुकेश राठौर, सुनील, आदेश, विपुल, अरविंद आदि मौजूद रहे।

### सास-पत्नी के सिर पर ताला मारा

**रुद्रपुर:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और सास के सिर पर ताला मारकर लहूलुहान कर दिया। पीड़िता का आरोप था कि पत्नी ने उसकी व मां की हत्या करने की धमकी भी दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आवास विकास निवासी निशा ने बताया कि 24 अप्रैल की सुबह पांच बजे उसका पति मलकीत सिंह घर पर आया और सोते वक्त उस पर लाठी से हमला बोल दिया। जब उसकी बुजुर्ग मां ने रोकने की कोशिश की तो पति ने अपनी सास को भी पीटना शुरू कर दिया और लोहे का ताला उसके व मां के सिर पर मारना शुरू कर दिया। जिससे मां बेहोश को जमीन पर गिर गई और वह भी लहूलुहान हालत में अपनी जान बचाने की कोशिश करती रही।

# आधुनिक शौचालय का शिलान्यास

संवाददाता, रुद्रपुर



शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास करते महापौर शर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पूर्व सैनिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग और उनके सम्मान एवं सुविधा को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सैनिक कल्याण विभाग परिसर में चार लाख की लागत से शौचालय निर्माण कार्य का महापौर विकास शर्मा ने पार्षद बीनू और पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर विधिवत शिलान्यास किया। महापौर ने कहा कि इससे परिसर में आने वाले आगंतुकों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

शनिवार को शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान महापौर शर्मा ने कहा कि हमारे पूर्व सैनिकों ने अपने जीवन का अमूल्य समय कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं की रक्षा और जनमानस की सेवा में समर्पित किया है। देश के इन नायकों का सम्मान करना और उनकी मूलभूत आवश्यकताओं का ध्यान रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम पूर्व सैनिकों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी उनके कल्याण के लिए हरसंभव प्रयास जारी रखेगा। इस अवसर पर कर्नल चंद्र प्रकाश कोठारी, सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, कैप्टन धन सिंह कोरंगा, सूबेदार भगवान सिंह, सूबेदार दरबान सिंह, डिप्टी कमांडेंट गोविंद भंडारी, हवलदार मदन पांडे, नायक मान सिंह मेहता, शेखर जोशी, हवलदार तारा सिंह राणा, मान सिंह खड़ायत, करम सिंह डागी, बिशन सिंह रावत मौजूद रहे।

# जनरल स्टोर से हजारों का सामान चुराया



घटना की जानकारी लेती पुलिस व व्यापारी। ● अमृत विचार

**रुद्रपुर:** कोतवाली इलाके के मुख्य बाजार स्थित एक जनरल स्टोर पर धावा बोलकर चोरों ने हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस और व्यापारियों ने मौका मुआयना किया। सब्जी मंडी में सौरभ जनरल स्टोर की दुकान है। रोजमर्रा की भांति दुकान स्वामी सौरभ देवल ने सुबह दुकान खोली तो देखा कि मुख्य शटर का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। तलाशी लेने पर पता चला कि दुकान से चोरों ने आर्टिफिशियल आभूषण चोरी कर लिया। जिनकी कीमत 70 से 80 हजार के करीब है।

**तैयारी** | यूएसनगर में नीट 3 मई को, एडीएम ने परीक्षा को शांतिपूर्ण व पारदर्शिता से संपन्न कराने के दिए निर्देश

# परीक्षा के लिए जनपद में बनाए गए 6 परीक्षा केंद्र

संवाददाता, रुद्रपुर



अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम पंकज उपाध्याय। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** 3 मई को अपराह्न 2 बजे से 5 बजे तक नीट-2026 की परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए जनपद में 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

शनिवार को अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने जिला सभागार में केंद्र व्यवस्थापकों व समन्वयकों की बैठक लेते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शिता से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में 6 परीक्षा केंद्र जिसमें प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय नया भवन पंतनगर, प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पुराना भवन पंतनगर, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय काशीपुर, आईआईएम काशीपुर, पीएमश्री अटल उत्कृष्ट एएनझा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर व पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय रुद्रपुर परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि परीक्षा कार्य में कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। परीक्षा की ड्यूटी बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। निर्धारित समय पर अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश होना चाहिए, परीक्षा केंद्र में आवश्यक दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए सीसीटीवी कैमरे की जद में प्रश्नपत्र रखे व खोले जाएं। उन्होने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाकर चेक भी कर लिया जाये की जैमर काम कर रहा है या नहीं।

उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा का आयोजन जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही करवाया जाए। इस अवसर पर बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ.उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय त्रिभुवन आर्य, प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय कंचन जोशी, प्रधानाचार्य एएनझा राजपति बिंद, प्रधानाचार्य केंद्रीय विद्यालय काशीपुर प्रकाश चंद्र पंत, स्वास्थ्य विभाग से डॉ.रविंद्र पाल सिंह, शिक्षा से डीके त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

# गोलीकांड: छह युवकों पर हुआ मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। शुक्रवार को दिनदहाड़े गोली मारकर एक युवक घायल भी हुआ था। पुलिस ने अभियुक्तों की सरगर्मी से तलाश तेज कर दी है।

वार्ड-सात श्मशान भूमि रोड आजाद नगर ट्रांजिट कैंप निवासी अजय लाल ने बताया कि 24 अप्रैल की सुबह साढ़े दस बजे उसके छोटे भाई हेमंत का झगड़ा पड़ोसी युवक से हो गया था। थोड़ी ही देर बाद अनुज कुमार, सचिन कुमार, गौरव सिंह, राहुल सिंह, अरविंद गंगवार, सुमित बंगाली बासु सहित पांच से छह युवक तेज धारदार हथियार सहित तमंचे के साथ जबरन घर में घुसे और पत्थरबाजी के साथ ही हमलावर हो गये। हमलावर राजेश और हेमंत को पीटना शुरू कर दिया। जब बीच बचाव की कोशिश की तो हमलावर ने तमंचा निकालकर दो राउंड फायर कर दिया। एक गोली के छर्रे से उसके भाई राजेश के हाथ और गले में लगे। चीख पुकार सुनकर हमलावर मौके से फरार हो गए थे और घायल को फौरन जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश तेज कर दी है।

# भंजुराम स्कूल की सुशीला ने किया उत्तराखंड टॉप

## 98 फीसदी अंक के साथ रहीं पहले स्थान पर, गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज की नेहा-दीपा भी रहीं चौथे और 24वें स्थान पर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड की 10वीं और 12वीं परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया है। इसमें भंजुराम अमर इंटर कॉलेज की सुशीला मेंहदीरत्ता ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तराखंड में टॉप 25 की सूची में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा श्री गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा नेहा शर्मा ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा और इसी स्कूल की छात्रा दीपा रस्तोगी ने 92.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 24 वां स्थान प्राप्त किया है।

शनिवार को निकले परीक्षा परिणाम में भंजुराम अमर इंटर कॉलेज की सुशीला ने कुल 500 अंकों में 490 अंक प्राप्त किए हैं। सुशीला ने हिन्दी में 95, भूगोल में 100, अर्थशास्त्र में 98, राजनीति शास्त्र में 99 और अंग्रेजी में 98 अंक प्राप्त किए हैं। इसी तरह श्री गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा नेहा शर्मा ने कुल 500 अंक में से 483 अंक प्राप्त किए हैं। नेहा ने हिन्दी में 95, अकाउंट में 95, बिजनेस में 96, अर्थशास्त्र में 99 और अंग्रेजी में 98 अंक प्राप्त किए हैं। इसी स्कूल की छात्रा दीपा ने कुल 500 अंकों में से 463 अंक प्राप्त किये हैं। दीपा ने हिन्दी में 86, भौतिक विज्ञान में 100, बायोलॉजी में 96, रसायन विज्ञान में 95 और अंग्रेजी में 86 अंक प्राप्त किए हैं। छात्राओं की इस उपलब्धि में दोनों स्कूलों की प्रबंधकों, शिक्षकों और छात्रों में खुशी की लहर है।



गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज में जश्न मनातीं छात्राएं व शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार



टॉपर छात्रा सुशीला को मिठाई खिलाते शिक्षक, साथ में परिजन। ● अमृत विचार

## जहां लाइफ ले जाए, वहां जाऊंगी

संवाददाता, रुद्रपुर







**अमृत विचारः** उत्तराखंड की 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्तराखंड में टॉपर आयी भंजुराम अमर इंटर कॉलेज की सुशीला मेंहदीरत्ता ने भविष्य में कुछ बढ़ा काम करना चाहती है। वहीं श्री गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा नेहा शर्मा चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहती हैं, जबकि इसी स्कूल की टॉपर दीपा रस्तोगी नीट की परीक्षा पास कर डॉक्टर बनना चाहती हैं। इस दौरान सभी टॉपरों ने प्रतिदिन चार से सात घंटे की पढ़ाई और सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी।

परीक्षा परिणाम आने के बाद भंजुराम अमर इंटर कॉलेज की सुशीला ने बताया कि अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उनका कहना है कि दबाव के साथ कभी भी पढ़ाई में सफलता नहीं मिल सकती। कहा सेल्फ स्टडी कर यह स्थान प्राप्त किया है। आगे क्या बनना चाहती हैं इस बोली की जहां लाइफ ले जाएगी उसी राह पर बढ़ा काम करेंगी। उन्होंने कहा कि कई घंटों की पढ़ाई से अच्छा है कि नियमित चार घंटे की पढ़ाई करें। अगर एक बार सफलता न मिले तो निराश न हों। श्री गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा नेहा ने कॉमर्स संकाय से पढ़ाई की है। वह आगे चलकर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहती हैं और फिलहाल सीयूईटी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) की तैयारी कर रही हैं। नेहा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। श्री गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज की टॉपर छात्रा दीपा रस्तोगी ने कहा कि वह नीट की तैयारी कर रही हैं और डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहती हैं। दीपा ने बताया कि वह 7 से 8 घंटे प्रतिदिन पढ़ाई करती थी। ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया है।

### छात्रा के टॉप करने से स्कूल प्रबंधन में खुशी

**रुद्रपुर :** भूरारानी स्थित भंजुराम अमर इंटर कॉलेज ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा सत्र 2025–26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम से न केवल विद्यालय परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण है। शनिवार को परीक्षा परिणाम आने के बाद प्रधानाचार्या प्रतिमा दास ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय की मेधावी छात्रा सुशीला मेहंदीरत्ता ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि सुशीला ने 500 में से 490 अंक प्राप्त कर 98 प्रतिशत अंक हासिल किए है, जो उनकी प्रतिभा, लगन और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने इसके लिए छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की समर्पित शिक्षण पद्धति और अभिभावकों के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विद्यालय के मैनेजर सुरेश गांधी ने छात्रा की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

### हाईस्कूल में आर्यन और अंकुर ने भी किया टॉप





**रुद्रपुर :** उत्तराखंड की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में जनता इंटर कॉलेज के आर्यन सागर ने उत्तराखंड की टॉप 25 की सूची में 94 .80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 14वां स्थान प्राप्त किया है। आर्यन ने कुल 500 में से 474 अंक प्राप्त किये हैं। इसी तरह सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज कल्याणी व्यू नैनीताल रोड के छात्र अंकुर गंगवार ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सूची में 18वां स्थान प्राप्त किया है। अंकुर ने कुल 500 अंक में से 470 अंक प्राप्त किए हैं। छात्रों की इस सफलता पर स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक और छात्रों में खुशी है।



मेधावी बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई देते शिक्षक। ● अमृत विचार

### खटीमा के गौझरिया स्कूल का दबदबा

**खटीमा :** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं में खीमा बिष्ट सरस्वती इंटर कॉलेज, गौझरिया के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इंटरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय के छात्र दक्ष कुमार आर्य ने 93 .6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश की मेरिट सूची में 19वां स्थान प्राप्त कर ब्लॉक टॉप किया है। दक्ष के अलावा इंटरमीडिएट में चांदनी खोलिया (92 .8%) ने 23वीं और अभय सिंह राणा (92 .4%) ने 25वीं रैंक हासिल की। वहीं, हाईस्कूल में जय बसेड़ा ने 93 .2 प्रतिशत अंकों के साथ मेरिट में 22वां स्थान पाया। विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा, जिसमें 95 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की है। विद्यालय की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर प्रबंधक रघुबर सिंह बिष्ट और प्रधानाचार्य दीपा बिष्ट ने खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि इंटर के 45% और हाईस्कूल के 25% बच्चों ने सम्मानजनक (75% से अधिक) अंक प्राप्त किए हैं। इस दौरान समस्त शिक्षक स्टाफ ने मेधावियों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



ट्रेफॉर्ड पब्लिक स्कूल चकरपुर में मेरिट में आए बच्चों को मिठाई खिलते प्रबंधक।

### ट्रेफॉर्ड की प्राची और संजना को मेरिट में मिला स्थान

**खटीमा :** उत्तराखंड बोर्ड की इंटर मीडिएट और हाईस्कूल परीक्षा में ट्रेफॉर्ड पब्लिक स्कूल की प्राची जोशी ने हाईस्कूल परीक्षा की मेरिट में 17वां और संजना चंद ने इंटरमीडिएट परीक्षा की मेरिट में 21वां स्थान हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। संस्थापक पुष्कर चंद ने बच्चों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। डायरेक्टर चंद्रा चंद, प्रधानाचार्य मनोहर सिंह, बलबीर खोलिया, तोहिद राजा, योगेश जोशी, साहिल सक्सेना, गोपाल सिंह, गणेश चंद्र जोशी आदि ने बच्चों को बधाई दी है।

## हाईस्कूल में डायनेस्टी की प्रतिज्ञा बनीं ब्लॉक टॉपर

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी के दो बच्चों ने मेरिट सूची में स्थान हासिल किया है। जिसमें प्रतिज्ञा पोखरिया ने मेरिट में आठवां स्थान हासिल कर ब्लॉक टॉपर रही है।

डायनेस्टी की हाईस्कूल की छात्रा प्रतिज्ञा पोखरिया ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर मेरिट में आठवां स्थान हासिल किया है। जबकि कृतिका ने 94.2 प्रतिशत अंक के साथ मेरिट में 17वां स्थान हासिल किया है। वहीं हिमांशी जोशी 91 प्रतिशत, शगुन चड्ढा 89.4 नवल राना 88.4, शिवम सिंह रावल 87.4, नंदिनी जोशी 83.8, प्रज्ञा भट्ट 82.8, खुशी बिष्ट 82.4, दिया 81, राहुल जोशी 80.8 प्रतिशत अंक हासिल किया है। जबकि इंटरमीडिएट में विनय जोशी और संजय दत्त चौसाली 86 प्रतिशत, पायल रावल 85.2, मनीष पाठक 84.2, जतिन सिंह 84, आस्था 83.4, मेनका बोहरा 83, अलिजा कौर 82.8, अमन कन्याल 82.2, प्रियांशु मिश्रा 82.2, प्रियांशु जोशी 82, प्रिया परिहार 81.2, उर्मिला जोशी 81, विशाल सिंह चड्ढा 80.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय का परीक्षाफल इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा। प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत, हिम्मत और लगन से कल्पना साकार होती है। इस अवसर पर डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, सुरेश ओली, हरीश भट्ट, मनीष ठाकुर आदि मौजूद रहे।



डायनेस्टी मॉडर्न एकेडमी छिनकी के मेरिट में आए बच्चों को सम्मानित करते शिक्षक।

### भूमिका फर्त्याल ने पाया 20वां स्थान



**शक्तिफार्म :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शक्तिफार्म की छात्रा भूमिका फर्त्याल ने उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा की मेरिट लिस्ट में 20वां स्थान और बालिका मेरिट लिस्ट में 17वां स्थान प्राप्त किया है। भूमिका ने हिंदी में 90, अंग्रेजी में 95, गणित में 93, विज्ञान में 97 और सामाजिक विज्ञान में 93 अंक सहित कुल 93.6 फीसदी अंक प्राप्त किए। भूमिका ने इस सफलता में शिक्षिकाओं का सहयोग एवं कोचिंग में गणित और विज्ञान विषय की पढ़ाई को अहम बताया।

## शांतिपुरी में रहा शत-प्रतिशत रिजल्ट

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचारः** आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज शांतिपुरी में इस बार बोर्ड परीक्षा परिणामों में छात्राओं का दबदबा देखने को मिला। हाईस्कूल परीक्षा में सभी 34 छात्राएं उत्तीर्ण होकर विद्यालय को 100 प्रतिशत परिणाम दिलाने में सफल रहीं, जिससे विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों में खासा उत्साह है। हाईस्कूल में ज्योति रौतेला ने 86 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया। उनके बाद आदर्श सक्सेना 77.6 प्रतिशत के साथ दूसरे और कुमारी गुड़िया 73 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

इंटरमीडिएट परीक्षा में भी छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रिया अधिकारी ने 86.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, जबकि मीनाक्षी जोशी 86.40 प्रतिशत के साथ दूसरे और नेहा कार्की 77.40 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। कुल 105 परीक्षार्थियों में से 96 के उत्तीर्ण होने से विद्यालय का परिणाम संतोषजनक रहा। वहीं पास के राजकीय कन्या हाई स्कूल में भी मेधावी छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। हर्षित जोशी ने 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि वैष्णवी (83.2%) और कोमल (78.4%) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डॉ गणेश उपाध्याय ने विद्यालय पहुंचकर बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाई और शुभकामनाएं दीं।



शांतिपुरी में मेधावी छात्र-छात्राओं को मिठाई देते पूर्व दर्जा मंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय।

## क्या बोले टॉपर

### इंजीनियर बनना चाहते हैं राधेश्याम



**काशीपुर :** उत्तराखंड हाईस्कूल बोर्ड की मेरिट लिस्ट में 24 वां स्थान पाने वाले राधेश्याम इंजीनियर बन देश की सेवा करना चाहते हैं। तुलाराम राजाराम स्कूल के कक्षा 10 के छात्र राधेश्याम ने 92 .80 प्रतिशत प्राप्त कर मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है। पशुपति विहार कॉलोनी निवासी उनके पिता गिरवर सिंह की केमिस्ट की दुकान है। जबकि उनकी माता रेखा देवी ग्रहणी है। उनकी बड़ी बहन सृष्टि पाल बी फार्मा कर रही हैं। राधेश्याम बताते हैं कि वह नियमित चार से पांच घंटे पढ़ाई करते थे। उन्होंने कहा कि मोबाइल का प्रयोग सकारात्मक होना चाहिए।

### जेईई क्रेक करना चाहती हैं वैष्णवी



**काशीपुर :** उत्तराखंड हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षा में मेरिट लिस्ट में 19 वीं रैंक प्राप्त करने वाली तुलाराम राजाराम स्कूल की छात्रा वैष्णवी को किताबें पढ़ना बहुत पसंद है। उनका कहना है कि लगन से कोई काम करने पर उसका फल अच्छा मिलता है। बताया कि मैरिट लिस्ट में जगह बनाने के लिये उन्होंने 5 से 6 घंटे पढ़ाई की। वह आगे चलकर जेईई क्रेक करना चाहती है। वैष्णवी के पिता बलवंत सिंह बिष्ट प्रॉपर्टी डीलर का काम करते हैं। जकि उनकी माता बीरा बिष्ट कुशल ग्रहणी हैं। वह अपनी माता को अपना आदर्श मानती हैं।

### आरबीआई ऑफिसर बनना चाहती हैं निधि



**काशीपुर :** तुलाराम राजाराम स्कूल की कक्षा 12 वीं छात्रा निधि रावत ने उत्तराखंड इंटरमीडिएट की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है। निधि आरबीआई ऑफिसर बनना चाहती हैं। उनके पिता कल्याण सिंह रावत ऑटो चलाते हैं। जबकि माता कृष्णा देवी रावत ग्रहणी है। तीन भाई बहनों में सबसे छोटी निधि ने इस मुकाम को पाने के लिये प्रतिदिन 4 से 5 घंटे पढ़ाई की। उन्हें स्केचिंग करना बेहद पसंद है।

### आर्मी में भर्ती होकर देश की सेवा करना चाहते हैं रवि



**काशीपुर :** उत्तराखंड हाईस्कूल बोर्ड की मेरिट लिस्ट में 13वां स्थान पाने वाले रवि पंत आर्मी में भर्ती होकर देश की सेवा करना चाहते हैं। उनके पिता महेश चंद्र पंत प्राइवेट जॉब करते हैं। जबकि माता चंद्राकल पंत कुशल ग्रहणी हैं। दो भाईयों में छोटे रवि सात से आठ घंटे पढ़ाई करते थे। उनका मानना है कि मोबाइल का प्रयोग गलत नहीं है, लेकिन उसका सदुपयोग कैसे किया जाए यह महत्वपूर्ण है। बताया कि वह अपने स्कूल तुलाराम राजाराम विद्यालय में साइकिल से पढ़ने आते हैं। उनके एथलेटिक्स गेम्स पसंद है।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं अजय



**काशीपुर :** मानपुर रोड निवासी अजय बिष्ट सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं। उत्तराखंड इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 22वीं रैंक पाने वाले अजय बताते हैं कि उन्होंने परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिये काफी मेहनत की। विवेकानंद जी अपना आदर्श मानने वाले अजय कहते हैं कि मोबाइल का प्रयोग उतना ही करना चाहिए जितनी जरूरत हो। वह सेल्फ स्टडी पर भरोसा करते हैं। अजय के पिता देवेंद्र बिष्ट प्राइवेट नौकरी करते हैं। जबकि मां तारा बिष्ट ग्रहणी है। अजय को किताबें पढ़ना बेहद पसंद है।



ई रिक्शा चालक की बेटी वर्षा को मिठाई खिलातीं प्रधानाचार्य गीता जायसवाल।

### आईएएस बनना चाहती हैं वर्षा

काशीपुर : उत्तराखंड हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम में मानपुर रोड निवासी ई-रिक्शा चालक सुभाष चंद्र की बेटी वर्षा ने मेरिट लिस्ट में 24 वां स्थान प्राप्त किया है। वर्षा जीजीआईसी स्कूल की दसवीं की छात्रा है। वर्षा ने पूरे साल कही भी कोई ट्यूशन या कोचिंग नहीं की थी। इसके बाद भी उसने मैरिट लिस्ट में 24 वां स्थान प्राप्त किया। वर्षा भविष्य में आईएएस बनकर समाज सेवा करना चाहती है। उसने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व स्कूल के शिक्षकों को दिया है। वर्षा ने बताया उसके पिता का इसमें बहुत सहयोग मिला है। उसके पिता भी उसको आईएएस अधिकारी के रूप में देखना चाहते हैं। वर्षा ने बताया कि वह रोजाना लगभग स्कूल के अलावा तीन से चार घंटा पढ़ाई करती थी। वह चार बहनों में सबसे छोटी है।

### बिना कोचिंग इंटर मेरिट में 16वां स्थान



काशीपुर : 12वीं के रिजल्ट में काजीबाग निवासी आफरीन जहां पुत्री शमीम अहमद ने मेरिट लिस्ट में 16 वां स्थान प्राप्त किया है। आफरीन ने पूरे साल कहीं भी कोई ट्यूशन या कोचिंग नहीं की। वह भविष्य में आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती है। उसने स्कूल समेत रोजाना लगभग 9 घंटे पढ़ाई की है। उसके पिता एक परचून की दुकान में काम करते है। वह इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और स्कूल के शिक्षकों को देती है।

### आईएएस अधिकारी बनना चाहती हैं अनम



**काशीपुर :** इंटर के परीक्षा परिणाम में श्री गुरुनानक स्कूल की अनम जहां पुत्री नदीम अख्तर निवासी बैंतवाला ने 90 .6 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। वह भविष्य में आईएएस अधिकारी बनना चाहती है। उसने पूरे साल कही कोई ट्यूशन नहीं पढ़ा। घर में उसके चाचा वाशिम अहमद पढ़ाई में उसकी मदद कर दिया करते थे। आफरीन के अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होने पर स्कूल के प्रबंधक बाबा सुरेंद्र सिंह ने स्कूल के शिक्षकों व छात्रा को शुभकामनाएं दी। वहीं प्रधानाचार्य शालिनी गुप्ता के द्वारा अनम को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

### पिता की तरह शिक्षक बनना चाहते हैं दीपांशु



**सितारगंज :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र दीपांशु जोशी ने 95 .6 फ़ीसदी अंक हासिल कर हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में दसवां स्थान प्राप्त किया है। वह शिक्षक बनकर देश की प्रगति में योगदान करना चाहते हैं। आजाद वार्ड, सितारगंज निवासी रमेश चंद्र जोशी उसी स्कूल में शिक्षक हैं। दीपांशु जोशी ने बताया कि वह विद्यालय के अलावा घर पर रोजाना चार घंटे की पढ़ाई करते थे। सामाजिक विज्ञान, गणित और विज्ञान को सबसे ज्यादा रुचि के साथ पढ़ा था। पढ़ाई में दीदी गुंजन जोशी ने उसका मार्गदर्शन किया। उसने बताया कि वह भी पिता की तरह शिक्षक बनकर देश की प्रगति के लिए कार्य करना चाहता है। दो भाई-बहनों में वह छोटा है। माता कुशल गृहणी है। वहीं, उसने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दीदी और गुरुजनों को दिया है।

### श्रमिक पिता के संघर्ष को बेटी ने दी पहचान




**सितारगंज :** श्रमिक पिता की बेटी ने इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 94 .20 फीसदी अंक हासिल कर प्रदेश में 16वां स्थान प्राप्त किया है। वह प्राध्यापक बनकर देश की प्रगति में योगदान करना चाहती है। आजाद वार्ड, सितारगंज निवासी शखावत हुसैन देहाड़ी मजदूरी पर परिवार का भरण-पोषण करते है। उनके पांच बच्चों में तीसरे स्थान की बेटी शिफा जीजीआईसी, सितारगंज की छात्रा है। उसने इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में टॉप किया है। वह बचपन से ही मेधावी छात्रा रही है। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में भी 91 फीसदी अंक के साथ उसने विद्यालय में टॉप किया था। शिफा ने बताया कि वह घर में पांच घंटे तक पढ़ाई करती थी। फिर, विद्यालय में खाली पीरियड में वह अन्य साथियों को पढ़ाती थी। जिससे उसका भी रिवीजन हो जाता था। इकोनॉमिक्स कठिन विषय था। इसलिए, उसका गहरा अध्ययन किया था।


सफलता


रामलाल सिंह चौहान सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज और पं. पूर्णानन्द तिवारी इण्टर कॉलेज का रहा दबदबा, दस बच्चों ने मेरिट में जगह बनाई


## हाईस्कूल-इंटरमीडिएट के परिणामों में बेटियों ने फिर मारी बाजी


संवाददाता, जसपुर




















**अमृत विचारः** उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल के परीक्षा परिणामों में स्थानीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्थानीय दस बच्चों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर अपने स्कूल एवं परिजनों समेत क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

शनिवार को उत्तराखण्ड बोर्ड द्वारा रिजल्ट घोषित किया गया। रिजल्ट जारी होते ही स्कूली बच्चों में अपने-अपने परिणाम देखने के लिए उत्सुकता बढ़ गयी। हाईस्कूल के परीक्षा परिणामों में एएन झा इंटर कॉलेज करनपुर के मोहित कुमार ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट में छठ वीं रैंक हासिल की। वहीं महुवाडाबरा स्थित रामलाल सिंह चौहान सरस्वती विद्या मन्दिर इंण्टर कॉलेज की छात्रा दुर्गा कॉलोनी निवासी योगिता कश्यप ने 96.20 प्रतिशत अंक के साथ सात वीं रैंक, मुरादाबाद के गांव रामपुर घोघर निवासी सुदीक्षा चौहान ने 95.60 प्रतिशत अंक के साथ दस वीं रैंक, नगर पंचायत महुवाडाबरा निवासी शगुन ने 93.20 प्रतिशत अंक के साथ बाईस वीं रैंक प्राप्त की। उधर पं. पूर्णानन्द तिवारी इण्टर कॉलेज की छात्रा बुशरा खातून ने 95.60 प्रतिशत अंक के साथ दस वीं रैंक, वैष्णवी ने 93 प्रतिशत अंक के साथ 23 वीं रैंक हांसिल की। हाईस्कूल में छः विद्यार्थियों ने मेरिट में जगह बनायी है। योगिता के पिता उत्तराखण्ड पुलिस में हैं एवं माता गृहणी हैं। सुदीक्षा के पिता राजेन्द्र कुमार शिक्षक हैं तथा माता गृहणी हैं। योगिता ने बिना ट्यूशन के स्वंय पढ़ाई कर सफलता हांसिल की है। वहीं किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली शगुन के पिता जितेन्द्र कुमार की मृत्यु हो चुकी है एवं माता सुमन देवी गृहणी हैं। शगुन ने छः घण्टे रोजाना पढ़ाई कर सफलता हांसिल की।

इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणामों में रामलाल सिंह चौहान सरस्वती विद्या मन्दिर इंण्टर कॉलेज के छात्र मौ. उवेश रजा ने 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 14 वीं रैंक हांसिल की। उवेश रजा ने हाईस्कूल में भी 19 वीं रैंक प्राप्त की थी। उवेश रजा के पिता इब्ने हसन पीटीआई हैं। उवेश ने बताया कि वह रोजाना आठ से दस घंण्टे टारगेट बनाकर पढ़ाई करता था साथ ही ट्यूशन भी लेता था। उवेश आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहता है, इसके लिए उसने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। वहीं जीआईसी कुंडा के मोंटी ने 93.20 प्रतिशत अंक के साथ 21 वीं रैंक प्राप्त की। पं. पूर्णानन्द तिवारी इण्टर कॉलेज की छात्रा आलिया ने 92.20 प्रतिशत अंक के साथ 22 वीं रैंक और रोज जहां ने 91.80 प्रतिशत अंक के साथ 24 वीं रैंक हांसिल कर सफलता प्राप्त की है। इंटर की परीक्षाओं में क्षेत्र के चार बच्चों ने मेरिट में जगह बनाई है। मेरिट में जगह बनाने बाले बच्चों को बधाई देने वालों का तांता लग गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी इस उपलब्धी का श्रेय अपने गुरूजनों के मागदर्शन एवं माता-पिता के निरंतर सहयोग को दिया। विद्या मन्दिर इंका एवं पूर्णानन्द इंका स्कूल प्रबंधन द्वारा खुशी जाहिर कर बच्चों का मुंह मीठा कराया गया। विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक डॉ शेलेन्द्र मोहन सिंघल, मनोज पाल, खड़क सिंह, मदनपाल सिंह, बलकरन सिंह, राजीव गंगवार, सुरेन्द्र सिंह आदि ने बधाई दी है।

सिटी ब्रीफ

## किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**बाजपुर :** नगर से सटे एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। पीड़िता की मां ने गांव की ही एक मिल के ठेकेदार पक्ष पर बेटी को अगवा करने का संदेह जताते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। आरोप है कि 23 अप्रैल को ठेकेदार की मां किशोरी को घर से बुलाकर ले गई थी, जिसके बाद वह नहीं लौटी। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने पूछताछ की कोशिश की, तो संबंधित पक्ष की महिलाओं ने उसके और उसके बेटे के साथ मारपीट की। मां ने आशंका जताई है कि आरोपी पक्ष किशोरी की किसी लड़के से बातचीत कराता था और उसकी गुमशुदगी में उनका हाथ है। पुलिस ने मामले की जांच और किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

## नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म, वीडियो बनाई

**बाजपुर :** नगर की एक महिला ने पड़ोसी युवक पर नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता के अनुसार, पड़ोस में रहने वाले युवक का उसके घर आना-जाना था। आरोप है कि करीब दो वर्ष पूर्व युवक ने उसे घर में अकेला पाकर नशीला पदार्थ पिला दिया और बेहोशी की हालत में दुष्कर्म कर उसकी अश्लील वीडियो बना ली। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी दो साल तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा।

# 546 विद्यार्थियों को प्रदान की गई उपाधियां

## आईआईएम में 13 वें दीक्षांत समारोह का आयोजन, कुल 10 पदक प्रदान किए, मेधावी किए सम्मानित



दीक्षांत समारोह में एक छात्रा को उपाधि प्रदान करते मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश गुहानाथन नरेंद्र। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** भारतीय प्रबंधन संस्थान काशीपुर (आईआईएम) में 13 वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में कुल 546 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। शैक्षणिक एवं समग्र उत्कृष्टता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में कुल 10 पदक प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, 22 विद्यार्थियों में से 14 एमबीए और 8 एमबीए (एनालिटिक्स) को निदेशक मेरिट सूची में सम्मानित किया गया।

शनिवार को आईआईएम के परिसर में आयोजित दीक्षांत समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तराखंड हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुहानाथन नरेंद्र (सेवानिवृत्त) ने दीप प्रज्वलित कर किया। न्यायमूर्ति नरेंद्र ने कहा कि आपने अपने स्थान को दृढ़ता, अनुशासन और संकल्प के माध्यम से अर्जित किया है, और प्रत्येक डिग्री आपके धैर्य और प्रयास का प्रतीक है। अपने करियर के प्रारंभिक चरण में जोखिम लेने से न डरें, क्योंकि विकास आराम के दायरे में नहीं होता और वास्तविक सफलता इस बात में निहित है कि आप क्या योगदान देते हैं। शक्ति और प्रभाव के बीच का अंतर मूल्यों में निहित है। अपने आप से पूछें कि क्या आपके निर्णय दूसरों को ऊपर उठाएंगे, क्या आप ईमानदारी के साथ नेतृत्व करेंगे, और क्या आप कठिन परिस्थितियों में दृढ़ रहेंगे।

जीवन में अक्सर परिस्थितियां श्वेत-श्याम नहीं होतीं, बल्कि धुंधले रंगों में होती हैं, और ऐसे में आपका विवेक और नैतिकता ही आपको सही दिशा दिखाएंगे। विशिष्ट अतिथि प्रबंध निदेशक, चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड कमल पोद्दार ने स्नातकों को बधाई देते हुए कहा कि वास्तविक यात्रा परिसर से बाहर शुरू होती है, जहां आत्म-प्रेरणा और अनुकूलनशीलता सफलता की कुंजी होती है। भारत की विकास क्षमता पर बल देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को अवसरों का लाभ उठाने और उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने "आईआईएम"इंटीग्रिटी, इनोवेशन और मोटिवेशन को सफलता का आधार बताया। आईआईएम निदेशक प्रो. नीरज द्विवेदी ने संस्थान के सतत प्रयासों और भविष्य की दिशा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह किसी भी शैक्षणिक संस्थान के जीवन का एक विशेष अवसर होता है। हमारे विद्यार्थियों के लिए यह वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और सीख का सफल समापन है। वहां पर संदीप सिंह अंतरिम अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स मौजूद रहे।

### पांच कार्यक्रमों के विद्यार्थियों को मिली उपाधि

काशीपुर। इस वर्ष आईआईएम काशीपुर में पांच कार्यक्रमों के अंतर्गत कुल 546 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। जिसमें एमबीए कार्यक्रम से 280, एमबीए (एनालिटिक्स) से 160, कार्यकारी एमबीए (ई-एमबीए) से 34, कार्यकारी एमबीए (एनालिटिक्स) से 58 तथा पीएचडी कार्यक्रम से 14 विद्यार्थी शामिल रहे।

### महिलाओं की भागीदारी 73 प्रतिशत से रही अधिक

काशीपुर। 13वें दीक्षांत समारोह ने आईआईएम काशीपुर की विविधता के प्रति प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया। एमबीए (एनालिटिक्स) कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी 73 प्रतिशत से अधिक रही, जो विश्लेषण और शोध क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती उपस्थिति को दर्शाती है। कुल मिलाकर, महिलाओं की भागीदारी 39 .19 प्रतिशत रही, जो पिछले वर्ष के 33 प्रतिशत की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है।



मेरी यात्रा एक तकनीकि भूमिका से नेतृत्व पद तक निरंतर विकास को दर्शाती है। कार्यकारी एमबीए पूर्ण करने के बाद मुझे अपने संगठन में डवलपमेंट मैनेजर, एआई एवं डेटा, एनालिटिक्स के पद पर पदोन्नति मिली। जिसने मेरे करियर को नई दिशा देने और मेरी व्यवसायिक समक्ष को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस यात्रा में मेरे पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों प्रकार के विकास को गति दी है।

–हितेश गोयल, स्वर्ण पदक विजेता



केरल की हरित वादियों से लेकर बेंगलूरु और पुणे के तेज तर्रार तकनीकि केंद्रों तक मेरी यात्रा शैक्षणिक और पेशेवर उत्कृष्टता की निरंतर खोज से परिभाषित रही है। मैने एसबीएमएस आईटी (विश्वरैया प्रौद्योगिकी विवि से इंजीनियरिंग में विशिष्टता के साथ कक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। जिसने इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफोरमेशन टेक्नोलॉजी पूणे से एडवांश सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी में मेरे स्नातकोत्तर अध्ययन की नींव रखी। –प्रदीप पांडिकाशाला, रजत पदक विजेता


काशीपुर में रोजगार मेले के दौरान मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

# मेले में 800 युवाओं को मिला रोजगार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड सरकार युवाओं को मात्र नौकरी पाने वाला ही नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला (रोजगार सृजक) बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। यह विचार प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को राजकीय पॉलिटेक्निक काशीपुर में आयोजित विशाल रोजगार मेले के दौरान व्यक्त किए। प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस मेले में कुमाऊं मंडल के युवाओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

शिक्षा मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि राज्य की स्टार्टअप पॉलिसी, इन्क्यूबेशन सेंटर्स और कौशल विकास योजनाएं युवाओं को वित्तीय एवं तकनीकी रूप से सशक्त बना रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि रोजगार आत्मनिर्भरता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है और सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा बेटियों को उन्नति के समान अवसर प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मेले में कुमाऊं मंडल की 33 पॉलिटेक्निक संस्थाओं के 1525 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया। कड़े साक्षात्कार के बाद 800 से अधिक युवाओं को मौके पर ही रोजगार उपलब्ध कराया गया। मेले में अशोक लीलैंड, सुजुकी मोटर साइकिल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अपोलो टायर्स, बजाज मोटर्स और आईजीएल जैसी 60 दिग्गज कंपनियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, प्राविधिक शिक्षा निदेशक देशराज, डॉ. मुकेश पाण्डेय और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



सिटी कान्वेंट स्कूल में छात्र परिषद के शपथ ग्रहण में उपस्थित बच्चे और प्रबंधन।

# प्रभदीप बने हेड ब्वॉय और प्रिया हेड गर्ल

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** सिटी कॉन्वेंट स्कूल में सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों सीसीए के अंतर्गत छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक मोहन चंद्र उपाध्याय, प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रभदीप सिंह को हेड ब्वॉय और प्रिया को हेड गर्ल, शौर्य परगाई को वाइस हेड ब्वॉय और पावनी उपाध्याय को वाइस हेड गर्ल चुना गया। कल्चरल सेक्रेटरी पार्थ राना और जानवी भंडारी, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी लक्की मनोला एवं सिमरन भंडारी तथा डिसिप्लिन सेक्रेटरी पार्थ उपाध्याय और हिमांकी अधिकारी को नियुक्त किया गया।

## एकलव्य विद्यालय का निरीक्षण किया

**बाजपुर :** भाजपा नेता एवं पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार ने शनिवार को बरहैनी स्थित निर्माणाधीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान और प्रधानाचार्य सुधाकर त्रिपाठी के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांची।

राजेश कुमार ने घोषणा की कि इस अत्याधुनिक शिक्षण संस्थान में छात्र-छात्राओं का पहला शैक्षणिक चरण आगामी सोमवार से प्रारंभ होने जा रहा है। उन्होंने इसे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह विद्यालय जनजातीय समुदाय और पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम बनेगा।

उन्होंने जोर दिया कि अब स्थानीय बच्चों को अपने ही क्षेत्र में विश्वस्तरीय और समग्र शिक्षा प्राप्त होगी। इस अवसर पर समाज कल्याण अनुश्रवण समिति के सदस्य आशीष ठाकुर मौजूद रहे।

# जनगणना ड्यूटी के विरोध में सड़कों पर उतरे शिक्षक

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय जनगणना कार्य को लेकर जारी विभागीय आदेशों के खिलाफ शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। स्कूल से कार्यमुक्ति न मिलने के विरोध में पहले दिन शिक्षकों ने जनगणना कार्य शुरू नहीं किया और तहसील से लेकर एसडीएम कार्यालय तक जोरदार प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

शिक्षकों का कहना है कि उनकी ड्यूटी विद्यालयों से 15-20 किलोमीटर दूर लगाई गई है। दोपहर एक बजे तक स्कूल में पढ़ाने के बाद इतनी दूर जाकर जनगणना करना संभव नहीं है, खासकर तब जब भीषण गर्मी के कारण लोग केवल सुबह या शाम को ही घरों पर मिलते हैं।

शिक्षकों की प्रमुख मांगें-यदि जनगणना कार्य कराना है, तो शिक्षकों को स्कूल से पूर्ण रूप से कार्यमुक्त किया जाए, वैकल्पिक रूप से ड्यूटी उनके विद्यालय सर्किल के भीतर ही लगाई जाए, यह कार्य ग्रीष्मकालीन अवकाश में कराकर बदले में अर्जित अवकाश दिया जाए आदि हैं।

इस मौके पर राजकीय शिक्षक संघ की जिला संगठन मंत्री ममता शर्मा, शाखा मंत्री संजय कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष गोविंद सिंह विष्ट, अंजलि सैनी, महेंद्र सिंह सहित उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार, मंत्री वीर सिंह, पवन राणा, राहुल द्विवेदी, सतपाल सिंह, हरपाल सिंह, सुनीता सिंह, मौ. खालिद, सरिता, मधू, किरण, कृष्णा आदि मौजूद रहीं।


बाजपुर के एसडीएम दफ्तर में कार्यालय बाबू को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। ● अमृत विचार


खटीमा में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते जनगणना कार्य में लगे शिक्षक।

## जनगणना करने वाले शिक्षकों को विद्यालयी कार्यों से मुक्त रखें

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जनगणना प्रगणक एवं सुपरवाइजर के रूप में नियुक्त शिक्षकों को विद्यालयीय कार्यों से मुक्त करने की मांग की है।

एसडीएम तुषार सैनी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह सजवाण को सौंपते हुए एसोसिएशन अध्यक्ष कमान सिंह सामंत, संरक्षक भुवन चंद्र कॉलोनी, मंत्री छविराज सिंह कफलिया ने कहा कि 25 अप्रैल से एक माह तक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य होना है। इस कार्य में प्रगणक एवं सुपरवाइजर के रूप में नियुक्त शिक्षकों को विद्यालयों का दायित्व भी मौखिक रूप से दिया गया है। दोनों कार्य करने वाले शिक्षकों में कार्य की असमंजस की स्थिति बनी रहती है। ज्ञापन में ऐसी स्थिति से बचने के लिए शिक्षकों को विद्यालय कार्यों से मुक्त किया जाए।

यह भी कहा गया है कि ऐसा नहीं होने की स्थिति में यदि जनगणना कार्य में कमी रहने की स्थिति में इसका दायित्व संबंधित अधिकारियों का होगा। ज्ञापन देने वाले शिक्षकों में मनोज गुणवन्त, जगदीश कुमार, राज कुमार राणा, भानु प्रकाश गुप्ता, जितेंद्र यादव, राजेश जोशी, जितेंद्र प्रताप आदि मौजूद रहे।

# जसपुर में बिजली कटौती से जनता नाराज, बिजली दफ्तर घेरा

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली कटौती से नाराज लोगों ने जिपं सदस्य के नेतृत्व में बिजली घर का घेराव किया। उन्होंने विद्युत कटौती बंद करने की मांग कर एई को ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को जिला पंचायत सदस्य नईम प्रधान के नेतृत्व में क्षेत्र के उपभोक्ता बिजली घर पहुंचे। वहां पर उन्होंने प्रदर्शन कर कटौती बंद करने की मांग की। कहा कि भीषण गर्मी में दिन रात बिजली बंद होने से लोग परेशान है। साथ ही लघु उद्योग धंधे प्रभावित हो रहे हैं। वहीं बच्चों की पढ़ाई भी नहीं हो पा रही है। किसान अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। कहा कि कटौती बंद न हुई तो तालाबंदी कर प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद उन्होंने एई दिव्या पांडे को ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर राजेंद्र बिटटू, आफताब, राहिब, काशिफ, जाबिर, शाकिब, फईम अहमद, तहसीन, जीशान, शाकिर, महराज, अरमान, धर्मपाल सिंह, जोहर सिंह, शाहरुख आदि मौजूद रहे। वहीं ग्राम राजपुर में अधिक वोल्टेज आने से ग्रामीणों के घरेलू उपकरण फुंक गए। लोगों ने इसकी शिकायत की है।


जसपुर में एई को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार


विद्युत विभाग के एसडीओ से वार्ता करते चेयरमैन सुमित मंडल। ● अमृत विचार

## बिजली कटौती से जनजीवन बेहाल

**शक्तिफार्म :** क्षेत्र में लगातार कई-कई घंटों तक हो रही अघोषित विद्युत कटौती ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। चिलचिलाती गर्मी के बीच बिजली न रहने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल ने विद्युत विभाग के एसडीओ हर्षित जायसवाल से मुलाकात की एवं विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की।


जसपुर में कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत से वार्ता करते भाजपाई। ● अमृत विचार

## शिक्षा मंत्री रावत का जसपुर में किया स्वागत

**जसपुर :** शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत का जगतपुर पट्टी टोल प्लाजा पर स्थानीय भाजपाइयों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा रुचि भट्ट भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल के आवास पहुंचे। यहां उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त कर जिला अध्यक्ष की माता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपाइयों से रूबरू हुए तथा स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की। यहां खिलेंद्र चौधरी, राजकुमार चौहान, कमल चौहान, विशाल कश्यप, अमित बग्गा, आकांक्षा ठाकुर, सोनू कादरी आदि मौजूद रहे।

राहत — 1.18 करोड़ की पहली किस्त हुई जारी

# शक्तिफार्म में बाढ़ सुरक्षा योजनाओं को मंजूरी

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** बैगुल नदी से होने वाले कटाव और बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रयासों से दो अलग-अलग योजनाओं को शासन ने मंजूरी दे दी है। दोनों योजनाओं के तहत कुल करीब 2.95 करोड़ रुपये की लागत स्वीकृत की गई है।

पहली योजना ग्राम रूदपुर के आबादी क्षेत्रों के लिए है, जिसकी लागत 146.67 लाख रुपये तय की गई है। इसके लिए 40 प्रतिशत के रूप में, 58.67 लाख रुपये की पहली किस्त जारी की गई है। वहीं दूसरी योजना ग्राम निर्मल नगर 20 क्वार्टर के लिए स्वीकृत हुई है, जिसकी कुल लागत 148.48 लाख रुपये है और इसके तहत 59.39 लाख रुपये की पहली किस्त जारी की गई है।दोनों योजनाएं राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अंतर्गत स्वीकृत की गई हैं। इनका क्रियान्वयन सिंचाई विभाग द्वारा तकनीकी मानकों के अनुसार किया जाएगा। इन योजनाओं के लागू होने से बैगुल नदी किनारे बसे आबादी वाले क्षेत्रों को, बाढ़ और कटाव की समस्या से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।


निर्मल नगर में बहने वाली बैगुल नदी। ● अमृत विचार

### बाढ़ सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध



कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि क्षेत्र में बाढ़ और कटाव की समस्या को देखते हुए, सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर इन योजनाओं को मंजूरी दी है। पहली किस्त जारी होने से कार्यों में तेजी आएगी और स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनहित में विकास कार्य उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और आगे भी क्षेत्र में अविरल रूप से विकास कार्य जारी रखे जाएंगे।

## कार पर चढ़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली, दो लोग जख्मी

**सितारगंज :** सितारगंज खटीमा बाईपास मार्ग पर जेडी रेस्टोरेंट के पास आरबीएम से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर दुकानों के बाहर लाइन से खड़ी कार पर चढ़ गई। इससे एक कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि, तीन अन्य कारों को भी नुकसान हुआ। वहीं, हादसे में ट्रैक्टर चालक समेत दो लोग जख्मी हो गए। शनिवार को खटीमा बाईपास रोड पर एक ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली का टायर फट गया। इससे ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित हो गई और वह कार गैरेज के परिसर में खड़ी कारों के ऊपर चढ़ गई। आसपास लोगों ने भागकर जान बचाई। वहीं हादसे में शरद दीक्षित समेत दो लोग चोटिल हो गए। कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष करन जंग ने पुलिस को सूचना दी।


टाइल्स रोड निर्माण का शिलान्यास करते पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते।

## पालिकाध्यक्ष ने टाइल्स रोड का किया शिलान्यास

**बाजपुर :** नगर पालिका परिषद बाजपुर के अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने वार्ड नंबर-एक मझराप्रभु में यादव गैस गोदाम से मेन रोड तक बनने वाली टाइल्स रोड का विधिवत पूजा-अर्चना के बाद नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस दौरान चेयरमैन गित्ते ने कहा कि नगर में विकास कार्य लगातार जारी हैं और जनभावनाओं के अनुरूप बाजपुर का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नगर में सड़कों के साथ-साथ नालों और नालियों की तलीझाड़ सफाई भी करवाई जा रही है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बाजपुर में विकास की गंगा अनवरत बहती रहेगी और आने वाले समय में और भी विकास कार्य कराए जाएंगे। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि आदित्य चानना, पूर्व सभासद रामअवतार यादव, तनवीर खां 'गुड्डू', दिलीप चानना, भूरा, अनिल, आदित्य कुमार, कलावती, पूजा, निशा, फरहा, संतोष, भूप सिंह आदि मौजूद रहे।

## खाद्य नागरिक आपूर्ति की वेबसाइट बंद रहने से उपभोक्ता परेशान

**खटीमा :** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता (राशन कार्ड) संबंधी वेबसाइट के लंबे समय से बंद रहने से आम जरूरतमंद उपभोक्ताओं को भारी सुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में मंडल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बिष्ट की देखरेख में उप जिलाधिकारी तुषार सैनी को सौंपे ज्ञापन में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संबंधी वेबसाइट के बंद रहने से होने वाली परेशानियों का उल्लेख किया है। ज्ञापन में लंबे समय से वेबसाइट के नहीं चलने से जनता राशन, निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा संबंधी सुविधाओं से वंचित चल रही है। जिससे उपभोक्ताओं में खासा आक्रोश है। ज्ञापन में अविलंब कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में गौरव राणा, नरेन्द्र आर्य, तौकीर अंसारी, फुरकान, जावेद, दीपक राणा, शांत स्वरूप मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

### विजय ने जेईई मेन में हासिल किए 93 प्रतिशत अंक



**रानीखेत :** नगर से जुड़े ताड़ीखेत निवासी विजय रावत ने जेईई मेन परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विजय रावत, बहादुर सिंह रावत के पुत्र हैं। उन्होंने हाईस्कूल की पढ़ाई राजीव गांधी विद्यालय और इंटरमीडिएट जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत से पूरी की। उनके पिता निजी वर्कशॉप संचालित करते हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। परिजनों के अनुसार, विजय ने गत वर्ष इंटर उत्तीर्ण करने के बाद अल्मोड़ा में 'सुपर 30' में चयनित होकर कोचिंग के माध्यम से जेईई की तैयारी की। उनकी मेहनत का परिणाम अब सफलता के रूप में सामने आया है। विजय की इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल सहित क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### युवक को तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा, मौत

**अल्मोड़ा** : धौलादेवी ब्लॉक के गुरूड़ाबाज के पास सड़क किनारे खड़े युवक को अल्मोड़ा से जा रहे हैं वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी बीते शुक्रवार देर शाम वाहन संख्या यूके 01-टीए 4138 अल्मोड़ा से बारात लेकर वापस गरुड़ाबाज की तरफ जा रहा था। इस दौरान गुरुड़ाबाज के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़े ग्राम पंचायत गरुड़ा निवासी 30 वर्षीय कैलाश सिंह बिष्ट को जोरदार टक्कर मारी दी। इस टक्कर में कैलाश सिंह बिष्ट गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की मदद से उन्हें धौलादेवी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसओ दिनेश नाथ महंत ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कर शव स्वजन को सौंप दिया है। फिलहाल अब तक कोई तहरीर नहीं मिली है, घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### अवैध गर्भपात कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**बागेश्वर :** कपकोट पुलिस ने अवैध रूप से गर्भपात कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नाबालिग से जुड़े एक मामले की जांच के दौरान सामने आई जानकारी के आधार पर की गई। जानकारी के अनुसार, हाल ही में एक नाबालिग के साथ उसके पिता द्वारा दुराचार का मामला दर्ज हुआ था, जिसमें आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। विवेचना के दौरान पुलिस को अवैध गर्भपात के नेटवर्क की जानकारी मिली। जांच में नंदन सिंह राठौर उर्फ नंदू निवासी सिमगड़ी और 82 वर्षीय लक्ष्मी टम्टा निवासी मजियाखेत का नाम सामने आया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को संबंधित धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और इसमें अन्य लोगों के शामिल होने की भी आशंका है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक मंजू पवार, एएसआई सुनीता बाल्मीकि, कांस्टेबल हरीश सनवाल और अशोक टम्टा शामिल रहे।

# हाईस्कूल में सौरभ और इंटर में वेदांत बने अल्मोड़ा जिला टॉपर

## उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में अल्मोड़ा के मेधावियों का शानदार प्रदर्शन, हाईस्कूल और इंटर में 12-12 मेधावियों ने बनाई मैरिट में जगह, छात्रों में उत्साह

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में अल्मोड़ा के मेधावियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। हाईस्कूल में नव प्रभात बसभीड़ा चौखुटिया सौरभ कुमार ने 96 फीसदी लाकर प्रदेश में आठंवा और जिले में सर्वोच्च स्थान पर रहे। वहीं, इंटरमीडिएट में आर्य इंटर कॉलेज देघाट के वेदांत पपनै 96.20 फीसदी अंक लाकर प्रदेश में छठा स्थान और जिले में पहला स्थान बनाया है।

शनिवार को जारी बोर्ड परीक्षा परिणाम में इस बार जिले के 24 होनहारों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया है। हाईस्कूल में सौरभ कुमार के अलावा विवेकानंद विद्या मंदिर रानीधारा अल्मोड़ा की आरुषी बनौला ने 95.40 फीसदी अंको के साथ दूसरे स्थान पर रही। जबकि सरस्वती विविआईसी ताड़ीखेत के नीरज पपनै ने 94.20 फीसदी अंकों के साथ राज्य की मेरिट सूची में 17 वां और जिले में तीसरा स्थान बनाया।

वहीं, इंटर में वेदांत के अलावा विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा अल्मोड़ा के प्रियांशु पाठक ने 95.40 फीसदी अंकों के साथ राज्य की मेरिट सूची में 10 वां और जिले में दूसरा स्थान बनाया। जबकि इसी विद्यायल के राहुल रौतेला ने 94.80 फीसदी अंकों के साथ जिले में तीसरा और राज्य में 13 वां स्थान प्राप्त किया है। छात्रों के इस शानदार प्रदर्शन पर शिक्षकों और अभिभावकों ने खुशी जताई। दूरस्थ क्षेत्रों के भी विद्यार्थियों ने श्रेष्ठता सूची में नाम दर्ज करवाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।



अल्मोड़ा में शनिवार को विवेकानंद बालिका इंटर कॉलेज में मेधावियों को मिठाई खिलाते प्राधानाचार्य व अन्य। ● अमृत विचार



अल्मोड़ा में शनिवार को बोर्ड परीक्षा परिणाम आने के बाद मेधावी खुशी से झूम उठे। ● अमृत विचार





### अल्मोड़ा के हाईस्कूल टॉपर

| मेरिट में रैंक | नाम | स्कूल | प्रतिशत अंक |
|---|---|---|---|
| 08 | सौरभ कुमार | नव प्रभात बसभीड़ा चौखुटिया | 96 |
| 11 | आरुषी बनौला | विवेकानंद विद्या मंदिर रानीधारा | 95 .40 |
| 17 | नीरज पपनै | सरस्वती विविआईसी ताड़ीखेत | 94 .20 |
| 18 | दीपा | जीआईसी जौरासी चौखुटिया | 94 .00 |
| 18 | नेहा | शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज दन्या | 94 .00 |
| 19 | उमंग बिष्ट | विवेकानंद विद्या मंदिर रानीधारा | 93 .80 |
| 20 | दीपांशु गैलाकोटी | जीआईसी आलासल्पड़ | 93 .60 |
| 22 | तनुज तिवारी | विवेकानंद विद्या मंदिर रानीधारा | 93 .20 |
| 23 | कनिका जोशी | विजडम कॉन्वेंट चौखुटिया | 93 .00 |
| 25 | निखिल गुरुरानी | विवेकानंद विद्या मंदिर रानीधारा | 92 .60 |
| 25 | लक्ष्य रावत | सिटी मॉन्टेसरी रानीखेत | 92 .60 |
| 25 | हिमानी पपनै | बाल विकास विमं भाटकोट | 92 .60 |





### अल्मोड़ा के इंटरमीडिएट टॉपर

| मेरिट में रैंक | नाम | स्कूल | प्रतिशत अंक |
|---|---|---|---|
| 06 | वेदांत पपनै | आर्य इंटर कॉलेज देघाट | 96 .20 |
| 10 | प्रियांशु पाठक | विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा | 95 .40 |
| 13 | राहुल रौतेला | विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा | 94 .80 |
| 17 | गार्गी बिष्ट | आर्या इंटर कॉलेज देघाट | 94 .00 |
| 18 | सानिया बिष्ट | बालिका विद्या मंदिर जीवनधाम | 93 .80 |
| 18 | भावना जोशी | जीआईसी खेती अल्मोड़ा | 93 .80 |
| 20 | आयुष अधिकारी | विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा | 93 .40 |
| 20 | धनंजय भट्ट | विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा | 93 .40 |
| 21 | पिंकी आर्या | जीआईसी बेरगांव अल्मोड़ा | 93 .20 |
| 22 | प्रियांशु गैड़ा | विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा | 93 .00 |
| 24 | साहिल आर्या | जीआईसी लोधिया अल्मोड़ा | 92 .60 |
| 25 | गौतम कनवाल | विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा | 92 .40 |

## विवेकानंद के 10 छात्रों ने मेरिट में बनाया स्थान

- इंटरमीडिएट में 6 और हाईस्कूल में 4 छात्र सफल परिणाम से विद्यालय में खुशी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा के छात्रों ने उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंटरमीडिएट के छह और हाईस्कूल के चार छात्रों ने राज्य मेरिट सूची में स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

प्रधानाचार्य आलम सिंह उनियाल ने बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल में 232 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से 176 छात्र प्रथम श्रेणी, 76 द्वितीय श्रेणी और सात छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं इंटरमीडिएट में 188 छात्रों में से 148 ने प्रथम और 27 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की।

इंटरमीडिएट मेरिट सूची में प्रियांशु पाठक ने 10वीं, राहुल रौतेला ने 13वीं और गौतम कनवाल ने 25वीं रैंक हासिल की। हाईस्कूल में आरुषी बनौला ने 11वीं, उमंग बिष्ट ने 19वीं, तनुज तिवारी ने 22वीं और निखिल गुरुरानी ने 25वीं रैंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

वहीं, विवेकानंद बालिका विद्या मंदिर, जीवनधाम का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में 40 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं, जिनमें 22 ने ऑनर्स प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में 33 छात्राएं प्रथम श्रेणी में पास हुईं, जिनमें 25 ने ऑनर्स हासिल किया। विद्यालय की मेधावी छात्रा सानिया बिष्ट ने राज्य स्तर पर 18वां स्थान प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। विद्यालय प्रशासन ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## बोर्ड परीक्षा में चम्पावत जिले का शानदार प्रदर्शन

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

**अमृत विचार:** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा 2026 में जनपद चम्पावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर अपनी मजबूत शैक्षिक पहचान बनाई है। इस वर्ष जिले ने हाईस्कूल में 5वां और इंटरमीडिएट में 4वां स्थान प्राप्त किया है।

मुख्य शिक्षा अधिकारी मान सिंह के अनुसार, हाईस्कूल में 94.80% और इंटरमीडिएट में 93.10% परीक्षार्थी सफल रहे। हाईस्कूल में हिमानी उप्रेती ने 96.20% अंक प्राप्त कर जनपद में पहला स्थान हासिल किया, जबकि इंटरमीडिएट में यश अवस्थी ने 93.80% अंकों के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

प्रदेश की टॉप-25 सूची में हाईस्कूल के 5 और इंटर के 6 छात्रों ने जगह बनाई। इंटर में रिया चौबे, सांची जोशी और अन्य छात्रों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने इस उपलब्धि पर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए इसे सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। उन्होंने मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।








## इंटरमीडिएट परीक्षाफल में बागेश्वर के बच्चों ने लहराया परचम

- गीतिका ने प्रदेश में प्रथम तो योगेश तृतीय व खुशी पांचवे स्थान पर

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** बाबा बागनाथ की नगरी बागेश्वर जिले ने एक बार फिर इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में जनपद का नाम रोशन किया है। परीक्षार्थियों ने इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा परिणाम में जिले के छात्रों ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इंटरमीडिएट वर्ग में बागेश्वर की छात्रा गीतिका पंत ने प्रदेश स्तर पर पहला स्थान हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी की लहर है। जबकि विवेकानंद इंटर कालेज मंडलसेरा के छात्र योगेश जोशी ने प्रदेश् में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं कांडा स्थित जीजीआईसी की छात्रा खुशी कांडपाल ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। परीक्षार्थियों की इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, विवेकानंद विदया मंदिर के प्रबंधक व भाजपा प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, सह प्रबंधक आशीष धपोला, प्रधानाचार्य अव्वल सिंह तोपाल समेत अभिभावकों, शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



गीतिका की सफलता पर मिठाई बांटते स्कूल के शिक्षक। ● अमृत विचार



विद्यालय में योगेश को मिठाई खिलाते शिक्षक। ● अमृत विचार

### वाहन चालक की बेटी गीतिका रहीं प्रदेश में प्रथम

**बागेश्वर :** प्रदेश में इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सरस्वती शिशु मंदिर बागेश्वर की छात्रा गीतिका पंत सामान्य परिवार से है। उसके पिता वाहन चालक हैं तथा वह भविष्य में इंजीनियर बनना चाहती है। गीतिका ने 98 .2 फीसदी अंक प्राप्त करके प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नगर की आदर्श कालोनी में रहने वाली गीतिका के पिता गणेश चंद्र पंत टैक्सी चालक हैं तथा माता रीता गृहिणी हैं। गीतिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा समेत विदयालय के अध्यापक अध्यापिकाओं व माता-पिता को दिया है। गीतिका ने बताया कि उसका लक्ष्य इंजीनियर बनना है।

### इंजीनियर बनना चाहता है योगेश जोशी

**बागेश्वर** : विवेकानंद इंटर कालेज के छात्र योगेश जोशी ने 97 .8 फीसदी अंक प्राप्त करके प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इससे पूर्व उसकी बढ़ी बहन ज्योति जोशी ने भी हाईस्कूल में प्रदेश में पांचवी व इंटरमीडिएट में प्रदेश में 19वां स्थान प्राप्त किया था। विवेकानंद इंटर कालेज के छात्र योगेश जोशी के पिता भुवन चंद्र जोशी शिक्षा विभाग में लिपिक के पद पर कार्यरत हैं जबकि माता गृहिणी है। योगेश ने बताया कि उसे पढ़ाई में अव्वल रहने की चाहत के पीछे उसकी दीदी ज्योति का मार्गदर्शन मिला साथ ही विदयालय में अध्यापकों व माता-पिता की सीख व मेहनत ने यह सफलता दिलाई है। वह भविष्य में इंजीनियर बनना चाहता है।

## जंगलों में आग लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



बागेश्वर में बैठक लेतीं जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे। ● अमृत विचार

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बढ़ती गर्मी के बीच वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। वनाग्नि नियंत्रण समिति की बैठक में उन्होंने उपजिलाधिकारियों, वन विभाग और पुलिस को संयुक्त रूप से नियमित निरीक्षण करने तथा आग लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आग पर शीघ्र नियंत्रण पाने के निर्देश दिए। साथ ही जंगलों में आग की घटनाओं से जंगली जानवरों के आबादी की ओर आने की आशंका को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की अपील की। जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को संवेदनशील क्षेत्रों की सूची साझा करने, जनजागरूकता अभियान चलाने और फायर टीम की त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। 10 दिवसीय विशेष अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्ना ने बताया कि आग लगाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है तथा फायर लाइनों की सफाई का कार्य तेजी से जारी है।

## माता-पिता की उम्मीदों पर खरा उतरे सौरभ

- हाईस्कूल में प्रदेश में आठवां और जिले में बनाया पहला स्थान
- सामाजिक विज्ञान में 100 और विज्ञान 99 अंक हासिल किए

संवाददाता, संवाददाता

**अमृत विचार:** उत्तराखंड बोर्ड परिणाम में नव प्रभात बसभीड़ा चौखुटिया के सौरभ कुमार ने माता-पिता के सपने को साकार कर दिखाया है। उन्होंने हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में 96 फीसद अंक लाकर प्रदेश की वरीयता सूची में आठवां स्थान पाकर जिले में टॉप किया है। अब सौरभ ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने का लक्ष्य रखा है।

शनिवार को परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद आपके अपने प्रिय समाचार पत्र ''अमृत विचार'' संवाददाता ने सौरव से बातचीत की। उन्होंने बताया कि वह विद्यालय के अलावा रोजना घर में चार से पांच घंटा अध्ययन करते थे। बताया कि वे भविष्य में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता जगदीश राम बागेश्वर में अमन संस्था एनजीओ में कार्यरत है। जबकि माता हेमा देवी गृहणी है। बोर्ड परीक्षा में उन्होंने हिंदी में 98, अंग्रेजी में 90, गणित में 93, सामाजिक विज्ञान में 100 व पेंटिंग में 99, विज्ञान में 99 नंबर हासिल किए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।



सौरभ कुमार को मिठाई खिलाते परिजन। ● अमृत विचार



ताड़ीखेत में छात्र नीरज को परिजन मिष्ठान खिलाते शिक्षक। ● अमृत विचार

### ताड़ीखेत के नीरज 17वें और लक्ष्य 25वें स्थान पर रहे

**रानीखेत :** उत्तराखंड बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में विकासखंड ताड़ीखेत के दो मेधावी छात्रों ने प्रदेश मेरिट सूची में स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ताड़ीखेत के छात्र नीरज पपनै ने 94 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 17वां स्थान प्राप्त किया। वहीं, सिटी मांटेसरी स्कूल गनियाद्योली के छात्र लक्ष्य सिंह रावत ने 92 .6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में 25वां स्थान पाया। दोनों छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय, परिजनों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य उमेश चंद्र डंगवाल और विनोद खुल्बे सहित शिक्षकों ने इसे छात्रों की मेहनत और अनुशासन का परिणाम बताया। नीरज और लक्ष्य दोनों ने भविष्य में इंजीनियर बनकर देश सेवा करने की इच्छा जताई है।

## आईएएस ऑफिसर बन देश सेवा करना चाहते हैं वेदांत



वेदांत पपनोई को मेरिट में छठा स्थान मिलने पर मिठाई खिलाते परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** इंटर बोर्ड परीक्षा में जिले में पहला स्थान बनाने वाले और राज्य की मेरिट सूची में छठा स्थान पर रहे टॉपर वेदांत पपनोई आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहते है। उन्होंने इंटर बोर्ड परीक्षा में 96.20 फीसदी अंक हासिल कर जिले में टॉप स्थान पर रहे।

आर्य इंटर कॉलेज देघाट अल्मोड़ा के छात्र वेदांत पपनोई ने 'अमृत विचार' अखबार से वार्ता कर अपनी प्रमुखता बताई। उन्होंने कहा कि वह नियमित रूप से पढ़ाई कर इस मुकाम तक पहुंचे है। उन्होंने कहा कि वह किसी तरह की कोचिंग नहीं ली और नियमित पांच से छह घंटे पढ़ाई की। अच्छे अंक लाने के लिए उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बना ली। बचपन से ही मेधावी रहे वेदांत ने हाईस्कूल में भी 91.4 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में सर्वोच्च स्थान पर रहे थे। उनके पिता संदीप पपनोई समाजिक कार्यकर्ता है। जबकि माता रंजनी पपनोई ग्राम पंचायत बसनल की ग्राम प्रधान है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेण माता पिता और गुरुजनों को दिया है।



'तुलसी' सब छल छांड़िकै, कीजै राम-सनेह
अंतर पति सों है कहा, जिन देखी सब देह

गोस्वामी तुलसी दास कहते हैं, सब छल-कपटों को छोड़ कर भगवान की सच्चे दिल से भक्ति करो। जैसे पति अपनी पत्नी के सारे शरीर के रहस्यों को जानता है, वैसे ही प्रभु सारे जीवों के सब कर्मों को जानता है।

# सिर्फ नंबर नहीं, समग्र विकास पर हो शिक्षा का ध्यान

ज्ञान से बड़ा कुछ भी पवित्र नहीं है। ज्ञान भौतिक संसार की सभी उपलब्धियों को प्राप्त करने का उपकरण है। जो लोग इस भौतिक संसार से पृथक अन्य लोकों का भी अस्तित्व मानते हैं, वह लक्ष्य भी ज्ञान मार्ग से ही प्राप्त होना संभव बताया गया है। ज्ञान प्राप्ति का सर्वश्रेष्ठ उपकरण है शिक्षा। भारतीय इतिहास के वैदिक काल में शिक्षा प्राप्ति को अन्य उपलब्धियों से श्रेष्ठ बताया गया है। तैत्तिरीय उपनिषद की शिक्षावल्ली में शिक्षा को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का साधन बताया गया है। कभी भारतीय ज्ञान का डंका समूचे विश्व में छाया हुआ था। उच्च शिक्षा के कारण ही भारत को विश्वगुरु कहा जाता था।

छान्दोग्य उपनिषद में नारद को व्यथित बताया गया है। व्यथित नारद सनत कुमार के पास पहुंचे। उन्होंने सनत कुमार को अपनी व्यथा बताई। सनत कुमार ने नारद से पूछा कि आपने अब तक क्या-क्या पढ़ा है। नारद ने बताया, 'हे भगवन मैंने ऋग्वेद सहित सभी वेद पढ़े हैं। भूगर्भ विद्या, नक्षत्र विद्या, आकाश विद्या, गणित, ज्योतिष आदि अनेक विषय पढ़े हैं। उपनिषद में यह सूची काफी बड़ी है। इसका अर्थ यह निकलता है प्राचीन भारत में अनेक विषय पढ़े और पढ़ाए जाते थे। आज की ज्ञान परंपरा में वैदिक काल और उसके पहले से लेकर आधुनिक काल तक सभी विषय प्रासंगिक हैं। शिक्षा या विद्यार्थी जीवन पुरुषार्थ का स्वर्ण काल है। प्राचीन काल में शिक्षा के सभी अनुशासन पढ़े-पढ़ाए जाते थे।

नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में यह भी जरूरी हो जाता है कि हम केवल परीक्षा परिणामों पर ही केंद्रित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान दें। आज का विद्यार्थी केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यावहारिक, नैतिक और तकनीकी ज्ञान से भी सुसज्जित होना चाहिए। परिणामों के विश्लेषण से यह भी स्पष्ट होता है कि जिन विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन बना रहा, वहां सफलता का प्रतिशत अधिक रहा है। संप्रति शिक्षा-नौकरी और जीवन यापन की सुविधाएं जुटाने का यंत्र बन गई है। सरकारें अपने ढंग से अपने देश और राज्य के क्षेत्र में शिक्षा का प्रबंधन करती हैं। निजी क्षेत्र में भी शिक्षा के तमाम तरह के अनुशासन हैं। शिक्षा महंगी है और वह संस्कृति और दर्शन तथा ज्ञान प्राप्ति का उपकरण नहीं है। परीक्षाओं में ज्यादा से ज्यादा अंक पाने की होड़ रहती है।


नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में यह भी जरूरी हो जाता है कि हम केवल परीक्षा परिणामों पर ही केंद्रित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान दें। आज का विद्यार्थी केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यावहारिक, नैतिक और तकनीकी ज्ञान से भी सुसज्जित होना चाहिए। परिणामों के विश्लेषण से यह भी स्पष्ट होता है कि जिन विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन बना रहा, वहां सफलता का प्रतिशत अधिक रहा है।


विद्यार्थी अधिक अंक पाने के तनाव में रहते हैं। आत्महत्याएं होती हैं। शिक्षार्थी को अध्ययन के दौरान ज्ञान का आनंद नहीं मिलता। निजी क्षेत्र के विद्यालयों में एक समान पाठ्यक्रम नहीं है। कुछ विद्यालय कक्षा एक से पढ़ाई शुरू करवाते हैं। कुछ विद्यालय पहली कक्षा से भी पहले की कक्षाएं केजी, नर्सरी आदि नामों से चलवाते हैं। सीबीएसई पूरे देश में लागू एक केन्द्रीयकृत शिक्षा व्यवस्था है। बेशक इससे पूरे देश में एक समान शिक्षा का पाठ्यक्रम बनाया जाता है, लेकिन विद्यार्थियों को अध्ययन के समय आनंदित करने के कोई उपाय नहीं हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं संचालित करता है। इसी के परिणाम इसी सप्ताह घोषित हुए थे। लड़कियों ने लड़कों की अपेक्षाकृत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिन बेटियों को अच्छे अंक मिले हैं, उन्हें बधाई। उनके परिजनों को बधाई। उनके गुरुजनों को बधाई। अभी कुछ ही दिनों में महाराष्ट्र बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई के परिणाम आने वाले हैं। एमपी बोर्ड के नतीजे पहले ही आ चुके हैं।

ज्यादा अंक पाने वाले परीक्षार्थियों के घरों में भी इस बात का तनाव है कि उन्हें और अधिक नंबर क्यों नहीं मिले। मेरी अपनी पढ़ाई उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित विद्यालय से हुई है। तब परीक्षाफल घोषित होने के दिन उल्लास होता था। कुछ फेल होते थे कुछ पास, लेकिन शैक्षिक वातावरण तनावपूर्ण नहीं होता था। इधर 20-25 वर्षों में जो उत्तीर्ण हैं, वे भी रुआंसे हैं कि और अधिक अंक क्यों नहीं मिले। जो फेल हो गए हैं, उनके घर वाले सारा दोष बच्चों पर ही डाल रहे हैं।

विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है। प्रतिस्पर्धा के कारण तनाव बढ़ता है, इसलिए विद्यालयों में काउंसलिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। समय पर सही मार्गदर्शन मिलना आवश्यक है। कौशल आधारित शिक्षा पर भी जोर देना होगा। केवल पारंपरिक पढ़ाई पर्याप्त नहीं है। आईटी, उद्यमिता और कृषि जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण जरूरी है। इससे छात्र आत्मनिर्भर बनेंगे। मूल्य शिक्षा से विद्यार्थियों में नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित होगी।

भारतीय ज्ञान परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है। वैदिक काल में शिक्षा जीवन से जुड़ी थी। वेद और उपनिषदों में ज्ञान, विज्ञान और नैतिकता का समन्वय मिलता है। तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालय विश्व में प्रसिद्ध थे। यहां दूर-दूर से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने आते थे। गुरुकुल परंपरा में गुरु और शिष्य का संबंध गहरा होता था। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण भी था।

मुगल काल और अंग्रेजी शासन के दौरान इस स्वदेशी शिक्षा व्यवस्था को अपेक्षित संरक्षण नहीं मिला। पारंपरिक संस्थाएं कमजोर हुईं। हमारी मूल ज्ञान परंपरा प्रभावित हुई। आज आवश्यकता है कि हम अपनी इस समृद्ध परंपरा के श्रेष्ठ तत्वों को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ें। इससे आने वाली पीढ़ी मजबूत, संस्कारित और आत्मनिर्भर बन सकेगी।

अकेले विद्यार्थी ही परीक्षा परिणामों के लिए दोषी नहीं होते। उनकी सफलता या असफलता में आचार्य का भी श्रम अंतर्निहित होता है। इस वर्ष के परिणामों में जहां एक ओर विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण की झलक स्पष्ट दिखाई देती है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता भी महसूस होती है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच जो शैक्षिक असमानता है, उसे कम करना समय की मांग है। इसके लिए आवश्यक है कि संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित किया जाए और डिजिटल शिक्षा के माध्यमों को हर छात्र तक पहुंचाया जाए।

घर परिवार के लोग भी उचित वातावरण देने के लिए जिम्मेदार होते हैं। समाज भी व्यापक प्रभाव डालता है। संस्कृति और विद्यालय में पढ़ाई जाने वाले पाठ्यक्रम को भी इस जिम्मेदारी में सम्मिलित किया जाना चाहिए। मूलभूत प्रश्न है कि बच्चों को मिले अंक और तनाव की जिम्मेदारी किस पर डाली जाए। बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उन्हें प्रोत्साहित करना और उनकी रुचियों को समझना अधिक आवश्यक है।

हर विद्यार्थी की क्षमता अलग होती है, और उसी के अनुरूप उसे मार्गदर्शन मिलना चाहिए। असफलता को भी सीखने के अवसर के रूप में स्वीकार करना हमारी शिक्षा संस्कृति का हिस्सा बनना चाहिए। चुनौती बड़ी है। टीवी खोलो तो युद्ध का धुआं है। पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। जैव विविधता पर संकट है। ग्लोबल वार्मिंग हैं। सारा वातावरण बच्चों को अवसाद की ओर ले जाता है, इसलिए सारा दोष बच्चों पर ही डालना उचित नहीं है। यह विषय गंभीर महत्व का है। इस पर चिंतन होना चाहिए। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# घुमंतू व वंचित समुदायों में शिक्षा से जुड़ाव बेहद कम

भारत में घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों की स्थिति पर नीति आयोग और यूनेस्को जैसी संस्थाओं की रिपोर्ट बताती है कि इन समुदायों के बच्चों का नामांकन और निरंतर शिक्षा से जुड़ाव बेहद कम है। राष्ट्रीय स्तर पर देखा जाए तो भारत में प्राथमिक स्तर पर नामांकन दर लगभग 95 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, लेकिन घुमंतू समुदायों के बच्चों में यह दर कई क्षेत्रों में 60 से 70 प्रतिशत तक ही सीमित रह जाती है। वहीं ड्रॉपआउट दर सामान्य आबादी में जहां माध्यमिक स्तर पर लगभग 12–15 प्रतिशत है, वहीं घुमंतू और प्रवासी परिवारों में यह 40 प्रतिशत से भी अधिक पाई जाती है।



निकिता
एक्टिविस्ट

इनकी भूमि के पट्टे आज भी कागजों और अदालतों में उलझे हुए हैं। इस अस्थिरता के कारण लोग अपने घर, भविष्य और बच्चों की शिक्षा को लेकर आश्वस्त नहीं हो पाते हैं। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रवासी और घुमंतू परिवारों के लगभग 30 प्रतिशत बच्चों के पास बुनियादी पहचान के दस्तावेज नहीं होते, जिससे उनका स्कूल में नामांकन बाधित होता है।

पलायन और घुमंतू समुदाय की सबसे बड़ी समस्या उनकी पहचान की होती है। स्थाई निवास नहीं होने के कारण, उनके बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र, आधार या जाति प्रमाण पत्र नहीं होते, जिससे वे सरकारी योजनाओं और स्कूलों में प्रवेश से वंचित रह जाते हैं। बाबा रामदेव नगर बस्ती में भी यही स्थिति देखने को मिलती है, जिसकी वजह से यहां के अधिकतर बच्चों का स्कूल में दाखिला नहीं हो पाता। इसके अलावा, शिक्षा के ढांचे की कमी भी एक बड़ी समस्या है।

> भारत में घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों की स्थिति पर नीति आयोग और यूनेस्को जैसी संस्थाओं की रिपोर्ट बताती हैं कि इन समुदायों के बच्चों का नामांकन और निरंतर शिक्षा से जुड़ाव बेहद कम है। भारत में प्राथमिक स्तर पर नामांकन दर लगभग 95 प्रतिशत तक ही पहुंच सकी है।

आर्थिक तंगी भी शिक्षा में एक बड़ी बाधा है। कई परिवारों के लिए रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना ही चुनौती है, ऐसे में बच्चों को स्कूल भेजना उनके लिए अतिरिक्त बोझ बन जाता है। बच्चों, खासकर लड़कियों, को घर के कामों और मजदूरी में लगना पड़ता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार भारत में बाल मजदूरी की समस्या का एक बड़ा हिस्सा प्रवासी और घुमंतू परिवारों से आता है, जहां लगभग 10 मिलियन बच्चे किसी न किसी रूप में काम कर रहे हैं। यह आंकड़ा बताता है कि शिक्षा और आजीविका के बीच बच्चों को अक्सर कठिन चुनाव करना पड़ता है।

कोविड महामारी ने इस स्थिति को और खराब कर दिया। इस दौरान स्कूल बंद हो गए और ऑनलाइन शिक्षा का विकल्प उन बच्चों के लिए लगभग असंभव था, जिनके पास न तो स्मार्टफोन थे और न ही इंटरनेट की सुविधा। वर्ल्ड बैंक के अनुसार महामारी के कारण भारत में लगभग 247 मिलियन बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई और इनमें से बड़ी संख्या प्रवासी और गरीब परिवारों की थी। इस पूरी स्थिति को देखते हुए यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा पर कई स्तरों पर समस्याओं का पहरा है, जिनमें पहचान की कमी, आर्थिक तंगी, असुरक्षित माहौल, सामाजिक सोच और कमजोर शैक्षिक ढांचा प्रमुख है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# 'साइलेंट किलर' बन रही है लू

भारत में लू अब एक गंभीर मौसमी आपदा के रूप में उभर रही है, जिसे विशेषज्ञ 'साइलेंट किलर' का नाम दे रहे हैं, क्योंकि यह बिना शोर मचाए शरीर का पानी सोख लेती है और जीवन पर भारी पड़ जाती है। इस अदृश्य आफत का सबसे क्रूर वार बुजुर्गों, मासूम बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बीमार व्यक्तियों, दिहाड़ी मजदूरों, झोपड़ी-पट्टी में रहने वाले परिवारों और बेघर लोगों पर होता है।

असंगठित क्षेत्र में खुले आसमान के नीचे पसीना बहाने वाले श्रमिकों के लिए तो हर दोपहर जानलेवा साबित हो सकती है। लगातार बढ़ता तापमान शरीर की कार्यप्रणाली को झकझोर देता है और समय पर उपचार न मिले तो स्थिति कुछ ही पलों में गंभीर हो जाती है। गर्मी सहने की भी एक सीमा होती है और जब पारा उस सीमा को लांघता है, तो इंसानी सेहत के साथ-साथ देश की उत्पादकता भी झुलसने लगती है, इसलिए हीट वेव से बचाव और जोखिम न्यूनीकरण की तैयारी अब विलासिता नहीं, जीवन की अनिवार्य शर्त बन चुकी है।



डॉ. नंद किशोर
लेखक

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कानपुर की कार्यशाला में विशेषज्ञों ने साफ किया कि तेज बुखार, लगातार उल्टी और दस्त लू के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसी स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल राहत के उपाय करें। भीगे गमछे या तौलिए को सिर पर रखें, चेहरे को ठंडे पानी से बार-बार पोछें। आम का पना, सत्तू का घोल, नारियल पानी, ओआरएस और ग्लूकोज का नियमित सेवन शरीर में खोए हुए लवण और पानी की भरपाई करता है। लू के प्रकोप को थामने का सबसे सरल मंत्र है कि प्यास न लगे तब भी थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहें।

तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी जैसे फलों और बेल, सौंफ, पुदीना, धनिया के शर्बत, छाछ, लस्सी, नींबू पानी को दिनचर्या में शामिल करें। हल्के रंग के, ढीले सूती कपड़े पहनें और दोपहर 12 से तीन बजे के बीच सीधी धूप में निकलने से बचें। बाहर जाना जरूरी हो तो छाता, गमछा, पानी की बोतल और टोपी को अपना सुरक्षा कवच बना लें। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं पर विशेष नजर रखना बेहद जरूरी है।

अगर बच्चे के पेशाब का रंग गहरा हो रहा है, तो यह डिहाइड्रेशन का स्पष्ट संकेत है। उन्हें लगातार पानी पिलाएं। पास में पानी होने पर हम अनजाने में भी घूंट-घूंट पीते रहते हैं। किसी भी हालत में बच्चों या पालतू जानवरों को धूप में खड़ी गाड़ी में अकेला न छोड़ें। लगातार धूप और लू के थपेड़े किडनी तक को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

खेतों में काम करने वाले किसानों और खुले में काम करने वाले श्रमिकों के लिए खतरा दोगुना है। कार्यस्थल पर ठंडा जल उपलब्ध कराना, भारी काम सुबह या शाम के ठंडे पहर में कराना और दोपहर में छायादार विश्राम सुनिश्चित करना मालिकों की नैतिक जिम्मेदारी है। शराब, चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक और बासी-भारी भोजन से परहेज करें, क्योंकि ये शरीर को निर्जलित करते हैं। खाना पकाने के लिए हवादार जगह चुनें। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# राजनीति की दशा-दिशा बदलने की युवा सोच

शरीर के मुकाबले सोच युवा हो तो जमाना कभी नहीं गुजरता। हर दिन नया करना और सीखना ही जिंदगी जीने का दूसरा नाम है। इंजीनियरिंग, चिकित्सा, कानून, उद्यम से अलग राजनीतिक में भी भविष्य बनाने का जज्बा युवाओं में कम नहीं है। सोच राजनीति की दशा और दिशा बदलने की है। वैसे, दक्षिण एशिया के दो प्रमुख युवाओं के नाम इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में टाइम मैगजीन की 2026 की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में दक्षिण एशिया के दो प्रमुख युवा नेताओं को शामिल किया गया। दोनों अपने-अपने देशों में सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में उभरे हैं। एक हैं बालेन शाह और दूसरे हैं तारिक रहमान। बीते दिनों जहां बालेन शाह नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने, वहीं तारिक रहमान ने भी बतौर सबसे युवा प्रधानमंत्री बांग्लादेश का नेतृत्व संभाला है।

> युवा वर्ग करप्शन फ्री इंडिया चाहता है और इन्हीं में से एक समूह वर्तमान राजनीतिक हालात पर असंतोष जताता है, तो हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि उसे राजनीति की अच्छाई से अभी अवगत कराया जाए। कुछ अलग पॉजिटिव-क्रिएटिव करने को उत्साहित करें।

जमीनी हकीकत यह है कि लोकतांत्रिक देशों में राजनीतिक दलों के बिना सरकार का कोई अस्तित्व नहीं है। युवा नेतृत्व से राजनीति की दशा और दिशा बदल सकती है। कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता युवा वर्ग की पहचान कराती है। अपने देश में अगर युवा वर्ग करप्शन फ्री इंडिया चाहता है और इन्हीं में से एक समूह वर्तमान राजनीतिक हालात पर असंतोष जताता है, तो हमारी यह जिम्मेदारी है कि उसे राजनीति की अच्छाई से अभी अवगत कराया जाए। राजनीति में परिवारवाद एवं जातिवाद के ही पहलू से अलग कुछ पॉजिटिव-क्रिएटिव कर गुजरने को उत्साहित करें।



अजय दयाल
हल्द्वानी

आंकड़ों पर गौर करें, तो पाएंगे कि भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा जनसांख्यिकी (15-29 वर्ष) वाला देश है, जिसमें लगभग 35 करोड़ से अधिक युवा आबादी है। हालिया रिपोर्ट (2025-26) के अनुसार, मेरा युवा भारत पोर्टल पर 35 लाख से अधिक युवा पंजीकृत हैं। यह युवा शक्ति देश के लगभग 36 प्रतिशत सकल राष्ट्र आय में योगदान भी दे रही है।

अगर राजनीतिक और सामाजिक सहभागिता पर चर्चा करें तो पाते हैं कि लगभग 30 प्रतिशत युवा सक्रिय राजनीति से दूरी बनाए हुए हैं, जबकि 25 प्रतिशत बिना किसी दल से जुड़े राजनीतिक चर्चाओं में भाग लेते हैं। केवल 11 प्रतिशत ही किसी राजनीतिक दल के सक्रिय सदस्य हैं। राजनीति के मुकाबले उद्यमशीलता में दिलचस्पी रखने वाले युवाओं की गणित भी समझिए। 49 प्रतिशत युवा सामाजिक उद्यमी बनना चाहते हैं, लेकिन 58 प्रतिशत को फंडिंग और 39 प्रतिशत को सही मार्गदर्शन की आवश्यकता महसूस होती है। जनसांख्यिकीय आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2021 में कुल जनसंख्या में 15-29 वर्ष के युवाओं की हिस्सेदारी 27.2 प्रतिशत थी, जो 2036 तक घटकर 22.7 प्रतिशत होने का अनुमान है। सर्वेक्षण कहते हैं कि युवा पारंपरिक राजनीति के बजाय मुद्दों पर आधारित राजनीति में अधिक रुचि रखते हैं। इसके अतिरिक्त, बेरोजगारी और सरकारी नौकरियों में अनियमितताएं युवाओं में बैठी चिंताएं हैं, जो उन्हें मुख्यधारा की राजनीति से दूर करती हैं।

वैश्विक राजनीति में युवा नेतृत्व एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है, जहां युवा अब केवल वोटर नहीं, बल्कि नीति-निर्माता और परिवर्तन के वाहक के रूप में भी आगे आ रहा है। यह परिदृश्य पारंपरिक राजनीति से आधुनिक और नवीन दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहा है। वैश्विक परिदृश्य का आकलन करें, तो देखेंगे कि युवाओं की राजनीतिक भागीदारी तो बढ़ी है और बतौर जनप्रतिनिधि ऐसे युवा जलवायु परिवर्तन, शिक्षा, रोजगार और सतत विकास जैसे मुद्दों पर सक्रिय रूप से काम भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में यह जोड़ना आवश्यक है कि दुनिया भर में 30-40 वर्ष की आयु वाले युवा शीर्ष पदों पर पहुंच रहे हैं।

उदाहरण के लिए, फिनलैंड में सना मरीन (34 वर्ष में पीएम), न्यूजीलैंड में जसिंडा आर्डन (37 वर्ष में पीएम) और डेनमार्क में मेटे फ्रेडरिकसन (41 वर्ष में पीएम) ने युवा नेतृत्व की क्षमता को दर्शाया है। इतना ही नहीं, संयुक्त राष्ट्र ने भी शासन और नीति-निर्माण प्रक्रियाओं में युवाओं की भागीदारी को औपचारिक रूप से मान्यता दी है, जो 2030 के एजेंडे को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। गहराई से देखें तो, 15-25 वर्ष की आयु के लोग दुनिया की आबादी का पांचवां तो हैं, फिर भी वैश्विक स्तर पर सांसदों की औसत आयु 53 वर्ष है।

# 'परहित सरिस धर्म नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई'

'मनुष्य के रूप में जन्म क्यों मिला?' इस विषय पर प्राचीन से लेकर अद्यतन विमर्श होते चले आ रहे हैं। शास्त्रों से लेकर व्याख्यान-कार्यक्रमों में अलग-अलग ढंग से इस विषय पर प्रकाश डाले जाते हैं। मूलतः हर कोई 'परहित सरिस धर्म नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई' के आसपास ही अपना मत रखता है। पर-पीड़ा का अर्थ तो एक सीमित दायरे तक रखा जाता है, जिसमें दूसरों के साथ छल-कपट न करना, असत्य न बोलना, पराई संपत्ति एवं पराए ढंग का संबंध न स्थापित करना तथा अनुचित आहार न ग्रहण करना आदि तक ही है, लेकिन पर-हित की अनन्त व्याख्याएं की जाती हैं, जिसमें दूसरों की मदद करना, असक्षम लोगों को धन, वस्त्र, अनाज आदि का दान करना, संतों की सेवा करना, मंदिर आदि का निर्माण करना।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

वर्ष पर्यंत जितने तीज-त्योहार पड़ते हैं, सब में दान को मुख्य स्थान दिया गया है। मौसम के अनुसार दान की वस्तुओं का उल्लेख भी है। गर्मी के दिनों में शीतलता वाले पदार्थों के दान एवं शीत-ऋतु में गर्म कपड़े दान करने से पुण्य मिलने की बात कही गई है। इसी कड़ी में 'वसुधैव कुटुंबकं' का जिक्र किया गया है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि 'कुटुंब' शब्द का अर्थ बहुत गहरा है। कुटुंब में पेड़-पौधे, नदी-ताल-तलैया, धरती-आकाश, पर्वत-झरने सब आते हैं। कुटुंब शब्द की व्यापकता को देखते हुए यहां 'परिवार' शब्द का प्रयोग नहीं किया गया, क्योंकि परिवार में रक्त-संबंधों से जुड़े लोग ही आते हैं।

इसे थोड़ा और व्यापक इतना ही किया जा सकता है कि यदि परिवार में कोई अन्य ऐसा व्यक्ति जो काफी घनिष्ठ हो गया हो, उसके लिए 'परिवार जैसे सदस्य' का प्रयोग तो किया जा सकता है लेकिन विधि-सम्मत स्थानों में तो माता-पिता, पुत्र, पुत्रवधू तथा अविवाहित पुत्री को ही परिवार के सदस्य के रूप में माना जाता है। इस तरह परिवार से ज्यादा बड़ा दायरा कुटुम्ब का होता है। कुटुंब की गहराई को देखा जाए, तो प्रकृति को भी कुटुंब की श्रेणी में लिया जाएगा, इसीलिए हर धार्मिक अनुष्ठानों में पृथ्वी, जल, अग्नि, औषधियों, सूर्य, चंद्रमा, तारे-सितारे, नदी-झरने, ग्रह-नक्षत्र यदि की अनुकूलता के लिए मंत्र पढ़े जाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# हर साल एक अरब टन खाना बर्बाद कर डालते हैं हम

विश्व में हम हर साल करीब एक अरब टन खाने योग्य भोजन को बर्बाद कर डालते हैं। इस भोजन से करोड़ों लोगों का पेट भर सकता है, लेकिन हमारी लापरवाही से यह बर्बाद हो जाता है। भोजन की बर्बादी का यह आंकड़ा हाल में संयुक्त राष्ट्र ने जारी किया है, जो बेहद चिंताजनक और सोचने पर मजबूर करने वाला है। दुनिया भर में जब लोग भोजन को बर्बाद कर रहे होते हैं, तब करोड़ों लोग रात को भूखे पेट सोने पर मजबूर होते हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या इन हालात में हमें भोजन की बर्बादी रोकने के लिए संकल्पबद्ध हो कर काम नहीं करना चाहिए?



कहते हैं कि इंसान की असली पहचान उसकी थाली से होती है। एक इंसान क्या खाता है और कितना बचाता है, लेकिन आज हमारी थालियां हमारी संवेदनहीनता का आईना बनती जा रही हैं। हम जरूरत से ज्यादा परोस लेते हैं, फिर आधा खाकर छोड़ देते हैं। ऐसा करते हुए हम यह भूल जाते हैं कि जो रोटी हम छोड़ रहे हैं, वह किसी और की भूख मिटा सकती है।



अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

अगर हमारे देश भारत के संदर्भ में इसे देखें, तो विरोधाभासी तस्वीर सामने आती है। एक ओर जहां हम 'अन्न को देवता' मानने की बात कहते नहीं थकते, वहीं दूसरी ओर विवाह-शादियों, धार्मिक आयोजनों, जन्मदिन की पार्टियों और अन्य अवसरों पर बड़े आयोजनों में भोजन को बर्बाद करते हैं। बड़े-बड़े पंडालों में बचे हुए खाने के ढेर हम प्रायः रोजाना ही देखते हैं। हम लोग प्लेट में जरूरत से ज्यादा खाना लेते हैं, थोड़ा खाते हैं और बाकी यूं ही छोड़ देते हैं, जैसे उसका कोई मूल्य ही न हो।

गांवों और कस्बों में किसी कार्यक्रम के बाद खाना कूड़े में फेंक दिया जाता है, जबकि उसी गांव-कस्बों में कुछ घर ऐसे भी होते हैं, जहां रात का चूल्हा नहीं जलता। इससे हमारी सोच परिलक्षित होती है। आंकड़े बताते हैं कि बर्बाद हुए भोजन का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा हमारे घरों से आता है। जाहिर है, हम अपनी थाली में अनजाने या लापरवाही से भोजन को बर्बाद कर रहे हैं। भोजन की बाकी 40 प्रतिशत बर्बादी खराब प्रबंधन और योजना की कमी के कारण बाजार, होटल, रेस्टोरेंट और सप्लाई सिस्टम में होती है।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के आंकड़ों के अनुसार भारत में सालाना करीब 7.82 करोड़ टन खाना बर्बाद कर दिया जाता है। देश का हर व्यक्ति साल में 55 किलोग्राम खाना बेकार कर देता है, जिसकी कीमत करीब 10.69 लाख करोड़ रुपये होती है। हमें सोचना चाहिए कि भोजन की बर्बादी का दर्द केवल भूख तक सीमित नहीं है। जब हम खाना फेंकते हैं, तो हम उस किसान की मेहनत को भी अनदेखा कर रहे होते हैं, जिसने तपती दुपहरी में खून-पसीना एक किया होता है। साथ ही, उस पानी को भी बर्बाद करते हैं जो सिंचाई में लगता है और उस ऊर्जा की भी अनदेखी कर देते हैं, जो इसे हमारी थाली तक लाने में खर्च होती है। इतना ही नहीं, जब यही खाना कचरे में सड़ता है, तो वह पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाता है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर साल 30 मार्च को 'शून्य भोजन बर्बादी दिवस' मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि भोजन केवल उपभोग की वस्तु नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। इस मौके पर हम रस्म अदायगी करते हैं, लेकिन इसके तुरंत बाद अप्रैल में होने वाली शादियों के मौके पर भोजन को बर्बाद करने में जुटे दिखते हैं। सवाल उठता है कि हम लोग आखिर क्यों इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेते हैं? हममें से कितने ही लोग घर पर भोजन मांगने आए व्यक्ति को दुत्कार कर भगा देते हैं, मगर थाली में भोजन बेकार करके फेंकते हुए हमारा मन विचलित नहीं होता।

सवाल उठता है कि एक गंभीर मुद्दे के प्रति हम उदासीन क्यों हैं? आखिर हमें भोजन को बर्बाद करके मिलता क्या है? क्या यह इतना कठिन काम है, जिसे हम कर ही नहीं सकते? इन सवालों का एक ही जवाब है-हमारी सोच की कमी। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## ब्रीफ न्यूज

### 46वीं वाहिनी पीएसी व आईआरबी फाइनल में

**हल्द्वानी :** गौलापार खेल मानसखण्ड अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम हाकी मैदान में चल रही 23वीं प्रादेशिक जनपद/वाहिनी पुलिस हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। दिन के पहले मैच में आईआरबी प्रथम ने आईआरबी द्वितीय को 6-4 से हराया। इसके बाद पहले सेमीफाइनल में 46वीं वाहिनी पीएसी ने जनपद ऊधमसिंह नगर को 6-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में आईआरबी प्रथम ने 31वीं वाहिनी पीएसी को 5-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सभी मैचों में खिलाड़ियों ने अच्छा खेल दिखाया और दर्शकों ने भी उत्साह के साथ मुकाबलों का आनंद लिया। तीसरे स्थान के लिए मैच जनपद ऊधमसिंह नगर और 31वीं वाहिनी पीएसी के बीच सुबह 7:30 बजे खेला जाएगा। वहीं फाइनल मुकाबला 46वीं वाहिनी पीएसी और आईआरबी प्रथम के बीच दोपहर 3 बजे खेला जाएगा, जिसमें विजेता टीम को खिताब मिलेगा।

### प्रतियोगिता के जरिए बच्चों ने सीखी मातृभाषा

**हल्द्वानी :** सौहार्द जन सेवा समिति ने कुमाऊनी भाषा के संरक्षण व संवर्धन की मुहिम के तहत सरस्वती शिशु मंदिर, लामाचौड़ में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष विद्या महतोलिया और प्रधानाचार्य मोहन सिंह नयाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बच्चों ने कुमाऊनी भाषा में वंदना प्रस्तुत की और प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में अंशुमन मनराल प्रथम, कविता आर्या द्वितीय और प्रियांसी राज व गुंजन पडलिया तृतीय रहे। तनिश खाती को बाल रत्न और रोशनी मठपाल को बालिका रत्न चुना गया। कार्यक्रम में डॉ. भगवती पनेरू और योगेश बहुगुणा निर्णायक रहे।

### कार्बेट ने कालाढूंगी को 104 रनों से हराया

**कालाढूंगी :** देवभूमि कप क्रिकेट टी20 टूर्नामेंट में कार्बेट 11 ने कालाढूंगी 11 को 104 रनों से पराजित किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्व. बलवंत सिंह कन्याल की स्मृति में यह क्रिकेट टी20 टूर्नामेंट कॉर्बेट एकेडमी में आयोजित किया जा रहा है। शनिवार को कार्बेट 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाए। टीम की ओर से दुर्गेश भट्ट ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 40 गेंदों में 57 रन बनाए और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। गेंदबाजी में कालाढूंगी 11 का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। टीम का कोई भी गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका।

# सीसीटीवी कैमरे व एआई की निगरानी में संपन्न होगी स्नातक स्तरीय परीक्षा

## उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया ने बैठक में दिए निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**



कैंप कार्यालय में बैठक करते अधीनस्थ सेवा चयन अयोग के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया ने 17 मई को प्रस्तावित स्नातक स्तरीय परीक्षा की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की।

अध्यक्ष मर्तोलिया ने कहा कि अभ्यर्थियों को समान अवसर, योग्य अभ्यर्थियों के चयन, जनता में आयोग व सरकार के प्रति विश्वास तथा बेहतर प्रशासनिक व्यवस्थाओं के लिए पारदर्शी और नकलविहीन परीक्षा कराना सबकी जिम्मेदारी है। किसी भी स्तर पर कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस, कक्ष निरीक्षकों सहित परीक्षा में ड्यूटी पर लगाए जाने वाले सभी व्यक्तियों के लिए नई एसओपी जारी की गई है, हर व्यक्ति को अपने काम का पता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार का सामान रखने की व्यवस्था नहीं की जाएगी। सभी परीक्षा कक्षों के लिए जैमर की व्यवस्था की जा रही है। सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरे, एआई आधारित निगरानी और बायोमैट्रिक उपस्थिति ली जाएगी। परीक्षा से एक दिन पूर्व पुलिस, एसडीएम तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्र की व्यवस्थाओं का अवश्य निरीक्षण लें। परीक्षा के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखी जाए।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में समय सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखने, किसी भी संदिग्ध सेंटर को प्रस्तावित नहीं करने को कहा। साथ ही कहा कि यह भी देख लिया जाए कि उक्त केंद्र में 17 मई को कोई अन्य परीक्षा नहीं हो। परीक्षा में तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी आपस में समन्वय बनाएं, जिसका जो दायित्व है वह उसका पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। संबंधित अधिकारी परीक्षा के लिए नामित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ परीक्षा तिथि से पूर्व बैठक कर आयोग की ओर से जारी एसओपी की संपूर्ण जानकारी देंगे ताकि गड़बड़ी नहीं हो।

आयोग के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया ने अभ्यर्थियों से अपील करते हुए कहा कि परीक्षाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता नकलविहीन कराने के लिए आयोग वचन बद्ध है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी किसी भी दलाल के झांसे में न आये बल्कि स्वयं पर विश्वास करते हुए एक्ज़ाम की तैयारियां करते हुए एक्ज़ाम दें।

बैठक में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, अपर जिलाधिकारी विवेक राय, एसपी सिटी मनोज कत्याल सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## निजी स्कूलों ने उड़ाई समयसारिणी के आदेश की धज्जियां

**हल्द्वानी :** जिले के शहरी क्षेत्रों में भीषण गर्मी और हीटवेव को ध्यान में रखते हुए एहतियतान स्कूलों की समयसारिणी में बदलाव किया गया है। जिसमें सुबह 6:45 बजे प्रार्थना का समय निर्धारित है और दोपहर 1 बजे तक स्कूल संचालित होगा। डीएम के निर्देश पर मुख्य शिक्षाधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने बीते शुक्रवार को इसके लिए आदेश जारी किया था, जिसमें तत्काल प्रभाव से आदेश को लागू करने के लिए कहा गया था। हैरानी की बात है कि उनके आदेश के बावजूद भी कई निजी स्कूलों

ने इस आदेश को दरकिनार करते हुए पुरानी समयसारिणी के अनुसार ही स्कूल संचालित किए। एक दिन पूर्व आदेश जारी होने के बाद भी स्कूलों ने अभिभावकों के व्हाटसएप ग्रुप या अन्य माध्यम से कोई जानकारी नहीं दी। जबकि कई अभिभावकों को अन्य स्त्रोतों से समय सारिणी में बदलाव की जानकारी मिल गई थी। इधर, सीईओ गोविंद राम जायसवाल ने बताया कि स्कूलों के संचालन में समय सारिणी में बदलाव किया गया है। ताकि विद्यार्थियों को दिक्कतें न हो। उन्होंने बताया कि सभी स्कूलों को इसका पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नहर कवरिंग से बंद हो गया सिंचाई का पानी



सिंचाई ईई को ज्ञापन सौंपते वार्ड 48 के क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** मल्ली बमौरी में नहर कवरिंग के नाम पर पानी डायवर्जन की दिशा ही बदल दी गई जिससे किसानों को नहरों से सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है। गुस्साए किसानों ने जनता के साथ सिंचाई विभाग के बाहर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपकर पानी आपूर्ति सुचारू करने की मांग की।

वार्ड-48 के पार्षद मुकुल बल्यूटिया के नेतृत्व में जनता ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि मां भवानी बैंक्वेट हॉल के समीप ताश नंबर-2 में नहर कवरिंग की जा रही है। यह कवरिंग गलत ढंग से की गई है, इसकी वजह से ताश की दशा और दिशा बदल गई है। इस वजह से किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। वार्ड में लगभग 80 किसान हैं जिन्हें सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में किसानों की फसलें सूखने की कगार पर हैं। उन्होंने नहर कवरिंग दुरुस्त करवा कर सिंचाई के लिए पानी की मांग की है। उन्होंने कहा कि लगातार गर्मी बढ़ रही है, तापमान भी 40 डिग्री के पास पहुंच गया है ऐसे में किसानों की फसल को नहीं मिला तो खासा नुकसान हो सकता है। इसके बाद गुस्साए लोगों ने प्रदर्शन भी किया। इस दौरान दलीप सांगुड़ी, सोमपाल सिंह, खीमचंद्र, नितिन बल्यूटिया, कैलाश सांगुड़ी, सुमन दुर्गापाल, कल्याण कश्यप, भास्कर सांगुड़ी, प्रदीप बल्यूटिया, प्रकाश रैकुनी, गोपाल बिष्ट आदि रहे।

# इंस्पेक्टर के घर के बाहर चली गोली बाल-बाल बचे टहल रहे दादा-पोता

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

- **सुभाषनगर में देर रात सनसनी, कर्ज विवाद में आया था आरोपी, गलती से दूसरी दिशा में कर दी फायरिंग**

**अमृत विचार :** सुभाषनगर इलाके में शनिवार रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब नगर निगम में कार्यरत एक इंस्पेक्टर के घर के बाहर अचानक गोली चल गई। घटना के समय इंस्पेक्टर अपने पोते के साथ घर के सामने टहल रहे थे। गोली उनके घर की खिड़की का शीशा टूट गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस आरोपी को हिरासत में ले लिया है और पिस्टल बरामद कर ली है।

जानकारी के अनुसार, सुभाषनगर स्थित कपूर आटा चक्की के पास रहने वाले डुंगर सिंह परमार नगर निगम में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि रात के समय वह अपने पोते के साथ घर के बाहर टहल रहे थे, तभी सामने की ओर से आए एक व्यक्ति ने अचानक उनकी दिशा में गोली चला दी।

शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके से ही पकड़ लिया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी का पास के ही एक युवक से पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि उसी तनाव में वह हथियार लेकर आया था और फायरिंग करने का इरादा भी उसी युवक पर था, लेकिन गलती से निशाना बदल गया और गोली इंस्पेक्टर के घर की ओर चल गई। कोतवाली प्रभारी के मुताबिक आरोपी से पूछताछ जारी है और यह भी जांच की जा रही है कि बरामद हथियार लाइसेंसी है या नहीं। पीड़ित परिवार की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## नैनीताल की अंजलि ने श्रीलंका में जीते दो स्वर्ण

**हल्द्वानी:** धारी के तल्ली दीनी चौलेख गांव की अंजलि आर्या ने श्रीलंका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय जु-जुत्सु प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। अंजलि ने -44 किलोग्राम अंडर-18 वर्ग में श्रीलंका की खिलाड़ी टिरोमिका प्रमोदिया को हराकर देश का नाम रोशन किया। उन्होंने फाइटिंग और निवाजा दोनों श्रेणियों में गोल्ड मेडल जीतकर तिरंगा लहराया। खास बात यह है कि खेल के साथ-साथ अंजलि ने पढ़ाई में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में 83 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। अंजलि ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और कोच विनय कुमार जोशी को दिया। उन्होंने बताया कि उनकी खेल यात्रा हल्द्वानी स्टेडियम से शुरू हुई।

# एनएएफआईएस ट्रेनिंग का समापन

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**



एनएएफआईएस ट्रेनिंग के समापन पर प्रमाण पत्र के साथ पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नैनीताल पुलिस द्वारा आयोजित एनएएफआईएस/एमसीयू प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हो गया। 21 से 25 अप्रैल तक चले इस प्रशिक्षण में करीब 250 पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षण का आयोजन आधुनिक पुलिसिंग को मजबूत बनाने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें उपनिरीक्षक, अपर उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल, मालखाना मोहर्रिर और सीसीटीएनएस कर्मचारी शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को फिंगरप्रिंट संग्रह, डिजिटल साक्ष्य संरक्षण और फॉरेंसिक तकनीकों के उपयोग की जानकारी दी गई। नोडल अधिकारी रेवाधर मठपाल के समन्वय में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि आज के दौर में डिजिटल साक्ष्य अपराधों के खुलासे में बेहद अहम भूमिका निभा रहे हैं। बेहतर विवेचना और मजबूत पैरवी के लिए इन तकनीकों में दक्षता जरूरी है।

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को एनएएफआईएस और मोबाइल क्राइम यूनिट से जुड़ी तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान भी दिया। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इस प्रशिक्षण से पुलिस जांच की गुणवत्ता में सुधार आएगा और न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत करने की क्षमता और मजबूत होगी। प्रशिक्षण देने वालों में राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो पुलिस मुख्यालय से निरीक्षक राशिदा, एमसीयू मास्टर ट्रेनर हेड कांस्टेबल कमल कुमार, हेड कांस्टेबल भगवान सिंह और कांस्टेबल नितिन कुमार थे।

# जनगणना ड्यूटी को लेकर शिक्षकों का धरना- प्रदर्शन

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** जनगणना और शिक्षण कार्य एक साथ कराए जाने के विरोध में शनिवार को बड़ी संख्या में शिक्षकों ने नगर आयुक्त कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया।

शिक्षकों ने डबल ड्यूटी के आदेश को अव्यावहारिक बताते हुए मानवाधिकारों का उल्लंघन करार दिया। धरने का नेतृत्व पूर्व प्रांतीय महामंत्री डॉ. सोहन सिंह माजिला ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों से 15-20 घंटे तक लगातार कार्य कराना संभव नहीं है। उन्होंने मांग की कि शिक्षण कार्य प्रभावित किए बिना ही जनगणना जैसे कार्य कराए जाएं। धरने में मंडलीय उपाध्यक्ष डॉ. प्रीति मजगईं, पूर्व मंडलीय उपाध्यक्ष कृष्णा बिष्ट, जिला संयुक्त मंत्री गिरीश कनवाल, पूर्व जिला मंत्री नमिता पाठक, पूर्व जिला अध्यक्ष पान सिंह मेहता (चंपावत), ब्लॉक अध्यक्ष हरीश पाठक, ब्लॉक मंत्री गणेश जोशी, भुवन चंद्र पांडे समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। धरने के बाद शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त से वार्ता की। वार्ता के दौरान नगर आयुक्त ने शिक्षकों की समस्या को जायज मानते हुए कहा कि दोनों कार्य एक साथ कराना संभव नहीं है।

# 'ऑपरेशन प्रहार' अभियान को तेज करें: एसएसपी

**संवाददाता, अल्मोड़ा**



अल्मोड़ा में शनिवार को मासिक अपराध गोष्ठी में मौजूद पुलिस अधिकारी।

**अमृत विचार:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने शनिवार को पुलिस लाइन अल्मोड़ा सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी के तहत अपराधों की कार्रवाई की समीक्षा की। एसएसपी ने ऑपरेशन प्रहार के तहत मफरुर, वांछित, फरार, पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

एसएसपी ने बीते माह के अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं, मुकदमों, शिकायतों, वारंट, नोटिस आदि का समय पर निस्तारण करने और वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गठित टीम के अधिकारियों को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों को चिह्नित करने के निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने नशे के विरुद्ध जीरो टालरेन्स नीति अपनाते हुए अवैध मादक पदार्थो की तस्करी, बिक्री व भण्डारण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने, समय-समय पर बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन करने, जनपद के प्रवेश मार्गों व संदिग्ध स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने समेत साइबर शिकायतों को गंभीरता से लेकर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी किए सम्मानित

अपराध गोष्ठी के दौरान एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 पुलिस कार्मिकों को सम्मानित किया। वहीं, ऑपरेशन स्माइल टीम में नियुक्त रहते हुए विगत कई वर्षों से लापता, गुमशुदा व्यक्तियों को खोजने में अत्यंत लगन, मेहनत एवं समर्पण के साथ कार्य कर प्रदेश के विभिन्न जनपदों तथा बाहरी राज्यों में जाकर अथक प्रयासों करते हुए उनके परिजनों से मिलाने में सराहनीय योगदान देने वाले हेड कांस्टेबल प्रकाश चन्द्र को माह मार्च का कार्मिक ऑफ द मंथ चुना गया। साथ ही 30 अधिकारी, कर्मचारी गणों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

# कर्मियों से अभद्रता पर हंगामा गैस की आपूर्ति रही बाधित

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** शहर में गैस सिलेंडर वितरण के दौरान विवाद का मामला सामने आया है। सात नंबर क्षेत्र में गैस वितरण के लिए पहुंचे वाहन को महिलाओं ने घेर लिया, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई।

इंडेन गैस एजेंसी के ठेकेदार जगदीश सिंह कन्याल के अनुसार, शुक्रवार को हनुमान मंदिर क्षेत्र में गैस वितरण के बाद 10-15 महिलाओं ने वाहन रोक लिया और चालक व मुंशी के साथ अभद्रता की। एक महिला द्वारा वाहन की चाबी भी छीन ली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चाबी वापस लेकर वाहन को कोतवाली पहुंचाया।

घटना से आक्रोशित एजेंसी कर्मियों ने शनिवार को वाहन कोतवाली के बाहर खड़ा कर विरोध जताया, जिससे शहर में गैस आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं, संबंधित महिला ने बताया कि क्षेत्र में तीन सप्ताह से गैस आपूर्ति नहीं हो रही थी, जिससे वह आक्रोशित हो गई। एसआई आशा बिष्ट ने बताया कि भावना देवी के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई। लिखित माफीनामे के बाद दोनों पक्षों में सुलह हो गई।

**सफलता** | **हाईस्कूल और इंटर में शानदार प्रदर्शन कर बढ़ाया क्षेत्र का मान, अभिभावकों के साथ ही शिक्षकों में भी खुशी का माहौल**

# बाजपुर की पांच बेटियों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान पाया

**संवाददाता, बाजपुर**



बाजपुर में शनिवार को आदर्श कन्या इंटर कालेज में जश्न मनातीं छात्राएं एवं शिक्षिकाएं।






**अमृत विचार:** उत्तराखंड बोर्ड के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में बाजपुर विकासखंड की पांच बेटियों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इन छात्राओं की सफलता ने न सिर्फ बाजपुर का गौरव बढ़ाया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों, खासकर लड़कों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।

प्रदेश की मेरिट सूची में राइंका हरिपुरा हरसान की छात्रा कंचन जोशी ने हाईस्कूल में 484 अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान हासिल किया। वहीं आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा मुर्शिदा ने इंटरमीडिएट में नौवां स्थान प्राप्त किया। कंचन जोशी, जो शिक्षक तारादत्त जोशी की बेटी हैं, ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता और निर्धारित लक्ष्य के साथ की गई पढ़ाई को दिया। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा वंशिका वर्मा ने 478 अंकों के साथ प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनमोला शर्मा ने छात्रा को मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया। आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा कनिष्का ने 466 अंकों के साथ 19वां स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अपने तहेरे भाई आशीष को प्रेरणा स्रोत बताते हुए भविष्य में बीटेक कर इंजीनियर बनने की इच्छा जताई। लाल बहादुर शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा स्नेहा गौतम ने 461 अंक प्राप्त कर 24वां स्थान हासिल किया। साधारण परिवार से आने वाली स्नेहा की इस सफलता ने सभी को प्रेरित किया है। इंटरमीडिएट परीक्षा में आदर्श कन्या इंटर कॉलेज बाजपुर का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा मुर्शिदा ने मेरिट में स्थान प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा.नरेंद्र खत्री, प्रबंधक सुनील खन्ना, सत्यप्रकाश ग्रोबर, गौरव हांडा, नरेश गोयल, गुरप्रताप सिंह आदि द्वारा बच्चों व उनके अभिभावकों को मिठाई खिलाकर बच्चों का अभिवादन किया। साथ ही बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए प्रधानाचार्या प्रीति रस्तोगी व अध्यापिकाओं का भी आभार व्यक्त किया गया।

### मुर्शीदा ने प्रदेश की मेरिट में पाया 9वां स्थान



**बाजपुर :** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा 2026 के घोषित परिणामों में बाजपुर के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। नगर के आदर्श कन्या इंटर कॉलेज और राधा कृष्ण सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने प्रदेश स्तर पर मेरिट सूची में स्थान बनाकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा मुर्शीदा ने इंटरमीडिएट की प्रदेश मेरिट में 9वां स्थान प्राप्त कर अभूतपूर्व सफलता हासिल की। इसी विद्यालय की पलक ने इंटर मेरिट में 25वां और हाईस्कूल में कनिष्का ने 22वां स्थान पाया। विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। वहीं, राधा कृष्ण सरस्वती विद्या मंदिर में हाईस्कूल का परिणाम 100% और इंटर का 95.5% रहा। इंटर में इकवीर सिंह (452 अंक) और हाईस्कूल में भूमि सागर (443 अंक) विद्यालय टॉपर रहे।


## विद्या मंदिर के देवेश व कशिश मेरिट में




**खटीमा:** रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के दो विद्यार्थियों ने उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल परीक्षा में देवेश सिंह ने 94.8 प्रतिशत के साथ मेरिट में 14वां और इंटरमीडिएट की छात्रा कशिश पांडे ने 93.2 प्रतिशत अंक के साथ वरीयता सूची में 18वां स्थान प्राप्त किया है। हाई स्कूल में 30 और इंटरमीडिएट में 40 छात्र-छात्राओं ने विशेष योग्यता हासिल की तथा 110 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। परीक्षा में विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, प्रबंधक डॉ. आनंद मोहन रतूड़ी, प्रधानाचार्य डॉ. भगत सिंह बोरा ने बच्चों को बधाई दी।

# छात्र आयुष सक्सेना ने मेरिट में बनाया स्थान

**संवाददाता, किच्छा**



**अमृत विचार:** उत्तराखंड विद्यालयीय शिक्षा परिषद द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में नगर के श्री कृष्णा मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट, दोनों ही वर्गों में विद्यार्थियों ने शानदार अंक अर्जित किए हैं।

हाईस्कूल परीक्षा में आयुष सक्सेना ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया और प्रदेश की मेरिट सूची में 24वां स्थान हासिल किया। मोहम्मद अरमान (86.8%) दूसरे और नेहा (84.2%) तीसरे स्थान पर रहीं। इंटरमीडिएट में विज्ञान वर्ग के कौशल गंगवार ने 91.2 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कला वर्ग में उषा (86.8%) दूसरे और मोहम्मद रिहान व सचिन (86.2%) संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार अग्रवाल और प्रबंधक जयवर्धन सिंह ने मेधावियों को बधाई देते हुए इस सफलता का श्रेय छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।








**एक्सिस बैंक का लाभ घटकर 7,071 करोड़ रुपये**
**मुंबई।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 7,071 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है जो सालाना आधार पर 0.6 प्रतिशत कम है। बैंक के निदेशकमंडल की शनिवार सुबह हुई बैठक में वित्तीय परिणामों को मंजूरी प्रदान की गयी। प्रति इक्विटी शेयर एक रुपये के लाभांश के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की।

अमृत विचार
हल्द्वानी, रविवार, 26 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन-** तुलसी 2550, राज श्री 1960, फ़ॉर्चून कि. 2680, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2360, जय जवान 2095, सचिन 2300, सूरज 2095, अवसर 2065, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2130, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2300, चक्र टिन 2520, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2505
**किराना-** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150
**चावल-(प्रति कु0)-** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400
**दाल दलहन-** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600
**चीनी-** पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम-** सोना पक्के आभूषण 154000, सोना गिन्नी 150000, चांदी (पक्की) 2470 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### पेमेंट बैंक पर कार्रवाई का पेटीएम पर असर नहीं

**नयी दिल्ली।** भारत की अग्रणी भुगतान ऐप पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई का कंपनी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि पीपीबीएल स्वतंत्र रूप से काम करता है और इसमें पेटीएम का कोई बोर्ड या प्रबंधन हस्तक्षेप नहीं है। पेटीएम और उसकी सेवाएं निर्बाध रूप से जारी है और आगे भी रहेंगी।

# शेयर बाजार का सफर लंबा व विश्वस्तरीय

## सेबी के स्थापना दिवस में बोलीं वित्त मंत्री- बिखरी निगरानी से रीयल-टाइम पर्यवेक्षण तक पहुंची बाजारों की यात्रा

मुंबई, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत के प्रतिभूति बाजार की विकास यात्रा में बड़ी उपलब्धियों को को रेखांकित करते हुए कहा कि यह यात्रा उल्लेखनीय रही है और भारतीय बाजार आज एक मजबूत, प्रौद्योगिकी-आधारित और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र में सबसे अच्छे बाजारों में एक है।

वित्त मंत्री ने विश्वास और ईमानदारी को बाजार की अदृश्य लेकिन सबसे अहम अवसंरचना बताते हुए बाजार विनियामक सेबी से कदाचार के विरुद्ध बहुत कठोर रुख अपनाने को कहा।

श्रीमती सीतारमण ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के 38वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते कहा कि भारतीय बाजारों की यात्रा पारंपरिक ट्रेडिंग रिंग से निकल कर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक ऑर्डर बुक तक, भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों से पूर्ण डीमैटेरियलाइजेशन तक, और बिखरी हुई निगरानी से रीयल-टाइम नियामकीय पर्यवेक्षण तक पहुंच गयी


मुंबई में सेबी के 38वें स्थापना दिवस समारोह में अभियान 'जागरूक' का शुभारंभ करती वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण। साथ खड़े हैं सेबी के चेयरमैन तुहिनकांत पांडेय।

है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय वित्तीय बाजारों का विकास विभिन्न चुनौतियों और अस्थिरता के दौर से हुआ है, जिसने नियमन और बाजार अवसंरचना को मजबूत बनाया। इन अनुभवों से सीखते हुए देश ने बेहतर संस्थान और परिपक्व वित्तीय प्रणाली विकसित की है। उन्होंने बताया कि सेबी की प्रभावशीलता उसके अधिकारों से अधिक उनके अनुशासित क्रियान्वयन में निहित है।

भारत ने जनवरी 2023 में सभी सूचीबद्ध प्रतिभूतियों के लिए टी 1 (ट्रेड प्लस वन) सेटलमेंट चक्र लागू कर वैश्विक नेतृत्व दिखाया, जिससे लेनदेन एक कार्यदिवस में पूरा हो जाता है। इसे अमेरिका ने 2024 में अपनाया।

इसके अलावा, एएसबीए प्रणाली ने आईपीओ प्रक्रिया को सरल बनाते हुए निवेशकों के धन को केवल आवंटन तक ही ब्लॉक रखने की सुविधा दी। सेबी और एनपीसीआई के सहयोग से यूपीआई के माध्यम से आईपीओ आवेदन संभव हुआ, जिससे खुदरा निवेशकों की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

उन्होंने कहा कि देश की डिपॉजिटरी प्रणाली भी अत्यंत उन्नत है, जहां बड़ी मात्रा में डीमैट प्रतिभूतियाँ सुरक्षित हैं। सेबी की कानूनी मजबूती उसके उच्च सफलता दर से भी स्पष्ट होती है। वित्त वर्ष 2025-26 में 366 आईपीओ के माध्यम से लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए, जो मजबूत नियामकीय ढांचे का परिणाम है।

हालांकि, मंत्री ने चेतावनी दी कि बढ़ती निवेशक भागीदारी के साथ जागरूकता भी जरूरी है। बिना समझ के निवेश जोखिमपूर्ण हो सकता है, इसलिए निवेशक संरक्षण को और सशक्त बनाना होगा। उन्होंने कहा कि नियमन अत्यधिक कठोर न होकर पारदर्शी और पूर्वानुमानित होना चाहिए।

उन्होंने विश्वास और ईमानदारी को वित्तीय बाजारों की आधारशिला बताते हुए कहा कि निष्पक्षता, पारदर्शिता और प्रभावी प्रवर्तन से ही निवेशकों का भरोसा कायम रहता है। साथ ही, अपंजीकृत वित्तीय सलाहकारों और भ्रामक इन्फ्लुएंसर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा मजबूत शिकायत निवारण तंत्र की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

### किया आगाह-साइबर सुरक्षा को लेकर अत्यंत सतर्क रहें वित्तीय संस्थाएं

**मुंबई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्तीय क्षेत्र में विनियमित संस्थाओं से साइबर सुरक्षा जोखिमों के प्रति अत्यंत सतर्क रहने का आग्रह किया। सीतारमण ने कहा कि किसी भी शेयर बाजार या अभिरक्षक संस्था (डिपॉजिटरी) पर एक भी साइबर हमला आर्थिक गतिविधियों को बाधित कर सकता है और आम लोगों के विश्वास को प्रभावित कर सकता है। कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित नए और उन्नत उपकरणों के आने से स्वचालित साइबर हमलों का खतरा बढ़ा है, जिससे साइबर सुरक्षा की आवश्यकता और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। सीतारमण ने कहा कि केवल सेबी ही नहीं, बल्कि सभी विनियमित संस्थाओं को अत्यंत सतर्क रहना होगा। हमले के तरीके तेजी से विकसित हो रहे हैं और बचाव के साधनों को उससे भी अधिक तेजी से विकसित करना होगा।

# आयोग ने उठाया रोजगार कौशल में वृद्धि का बीड़ा

कारोबार डेस्क, कानपुर




- विकसित भारत-2047 के लिए शिक्षा से रोजगार और उद्यम की उच्चस्तरीय स्थायी समिति गठित
- कंपनियों के ऑटोमेशन व एआई से छंटनी के खतरे के साथ नए तकनीकी कौशल की बढ़ी मांग

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार ने शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता के बीच संबंध मजबूत करने के लिए नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में 'शिक्षा से रोजगार और उद्यम (ईईई) की जिस उच्च स्तरीय स्थाई समिति का गठन किया है, उससे बेरोजगारी दर में कमी आने की संभावना है।

यह समिति शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटने के लिए, समग्र और समन्वित उपायों की सिफारिश करेगी। सरकार का यह कदम उस चिंता के बीच आया है, जिसमें स्नातकों की बेरोजगारी बढ़ने के साथ उद्योग जगत के पास कौशल की कमी की शिकायत की गई थी। इसके साथ ही जिस तरह इस समय कंपनियां तेजी से ऑटोमेशन और आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस की ओर बढ़ रही हैं, उससे बड़े तरह के पदों में छंटनी के साथ नए तकनीकी कौशल की मांग बढ़ रही है।

मोदी सरकार ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बनाए गए पैनल को विकास दर में वृद्धि, रोजगार व निर्यात को बढ़ावा देने वाले प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने का काम सौंपा था।

इस पैनल की रिपोर्ट के बाद ही 'शिक्षा से रोजगार और उद्यम' के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस उच्चस्तरीय स्थाई समिति में फेडरेशन ऑफ इंडियन माइक्रो एंड स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (एफआईएसएमई) को भी नामित किया गया है।

समिति में श्रम और रोजगार, कौशल विकास व उद्यमिता, सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन और इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी जैसे केंद्रीय मंत्रालयों के सचिवों के अलावा वाणिज्य, आर्थिक मामले, उच्च शिक्षा, स्कूली शिक्षा और साक्षरता सहित प्रमुख विभागों के सचिवों के साथ आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव भी शामिल किए गए हैं। समिति में नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज (नैसकॉम), भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की), भारतीय सूक्ष्म व लघु और मध्यम उद्यम परिसंघ (एफआईएसएमई), सेवा निर्यात संवर्द्धन परिषद (एसईपीसी) और तिरुपुर निर्यातक संघ को भी स्थान दिया गया है। शिक्षा क्षेत्र से इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) और और शिव नादर यूनिवर्सिटी के संकाय को जगह मिली है।

समिति को उन चुनौतियों की पहचान करने का काम सौंपा गया है जो रोजगार और उद्यमिता की राह में बाधक हैं। समिति सेवा उपक्षेत्रों में आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और निर्यात आय की उच्च क्षमता वाले क्षेत्रों में मौजूद कमियों का भी आकलन करेगी। साथहीउभरती प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से एआई के कारण रोजगार और कौशल पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन करके उपाय सुझाएगी।

## वैश्विक तनाव से उत्तराखंड के उद्योगों पर गंभीर प्रभाव

# आयात-निर्यात की बाधाओं से प्रभावित हो रहे उद्योग, बढ़ रही अनिश्चितता

कुंदन बिष्ट, काशीपुर

**अमृत विचार:** अमेरिका-ईरान युद्ध जैसे अंतर्राष्ट्रीय तनावपूर्ण हालातों का असर जहां देश के कई हिस्सों में अलग-अलग हिसाब से पड़ रहा है तो प्रदेशीय स्तर पर पर्वतीय राज्य उत्तराखंड भी इससे अछूता नहीं है। विशेष रूप से उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों-काशीपुर, रुद्रपुर, सितारगंज, हरिद्वार और देहरादून के उद्योग अनिश्चितता, महंगे कच्चे माल, परिवहन लागत में वृद्धि और निर्यात-आयात बाधाओं से प्रभावित हैं।

कुमाऊं गढ़वाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (केजीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष एवं उद्योगपति राजीव घई ने इस संबंध में शनिवार को 'अमृत विचार' से बातचीत में कहा कि, मध्य पूर्व क्षेत्र में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आता है, जिससे डीजल, पेट्रोल, बिजली, परिवहन एवं उत्पादन लागत सीधे बढ़ जाती है। इसका सबसे अधिक असर लघु, मध्यम एवं निर्यात आधारित उद्योगों पर पड़ता है, जो पहले से ही प्रतिस्पर्धा



- सरकार को उद्योगों के लिए राहत पैकेज देना चाहिए : राजीव घई

और वित्तीय दबाव झेल रहे हैं। क्रूड आयल की कमी से उद्योगों के लिए आवश्यक ग्रीस, लुब्रिकेंट, ट्रांसफार्मर तेल आदि की कीमतें बहुत बढ़ गई। साथ ही, उनकी उपलब्धता में भी बहुत कमी आ गई है। विदेश से निर्यात होने वाले मेटल, केमिकल की उपलब्ध बहुत महंगाई के साथ हो पा रही है। दवाईयों से संबंधित फैक्ट्रियां बहुत प्रभावित हैं।

उद्योगपति घई कहते हैं कि उत्तराखंड के उद्योगों में ऑटो पार्ट्स, फार्मा, पैकेजिंग, खाद्य प्रसंस्करण, प्लास्टिक, पेपर एवं इंजीनियरिंग इकाइयां प्रमुख हैं। इन क्षेत्रों में कच्चे माल की लागत बढ़ने, कंटेनर भाड़ा महंगा होने और विदेशी बाजारों में मांग घटने से उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

यदि स्थिति लंबी चली तो रोजगार पर भी असर पड़ना स्वाभाविक है।

उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग की कि उत्तराखंड के उद्योगों को राहत देने के लिये बिजली दरों में स्थिरता, ब्याज सहायता, निर्यात प्रोत्साहन, परिवहन सब्सिडी और एमएसएमई इकाइयों के लिए विशेष पैकेज घोषित किया जाए, ताकि उद्योगों का मनोबल बना रहे और रोजगार सुरक्षित रह सके।



केजीसीसीआई के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बातचीत में कहा कि, खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध को लेकर उद्योगों के सामने गंभीर संकट पैदा हो गया है। पेट्रोलियम आधारित पदार्थों के दामों में बढ़ोतरी हुई है। कोयला खरीदना भी महंगा हो गया है। कोयले के रेट भी बढ़ गए हैं। कंटेनरों का भाड़ा बढ़ गया है। बंदरगाहों से कंटेनर आने में काफी समय लग रहा है। उनका कहना है कि केजीसीसीआई ने भारत और राज्य सरकारों से इन समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की है।

# भारत वेंचर्स शिखर सम्मेलन में स्टार्टअप ने पेश किए नए समाधान

**जयपुर, एजेंसी।** जयपुर में आयोजित भारत वेंचर्स शिखर सम्मेलन में शनिवार को स्टार्टअप ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा, बैंकिंग, वित्त और परिवहन क्षेत्रों में नए समाधान पेश किए। कार्यक्रम में 20 से अधिक स्टार्टअप ने निवेशकों के सामने अपने नवाचार के बारे में बताया। कार्यक्रम में बैंकिंग और वित्त से जुड़े स्टार्टअप ने फिनटेक मंच, डिजिटल भुगतान समाधान, ब्लॉकचेन-आधारित सुरक्षा प्रणालियों और सूक्ष्म वित्त मॉडल पर ध्यान आकर्षित किया। इनका मकसद दक्षता को और अधिक बढ़ाना है।

परिवहन क्षेत्र पर केंद्रित स्टार्टअप ने विद्युत गतिशीलता, कृत्रिम मेधा आधारित यातायात प्रबंधन और हरित परिवहन में नवाचार के बारे में बताया, जिन्हें भविष्य-उन्मुख शहरी ढांचे के लिए अहम माना जा रहा है। भारत वेंचर शिखर सम्मेलन के दौरान फेडरेशन ऑफ यूनिकॉर्न इनोवेटिव स्टार्टअप्स एंड इंडस्ट्रीज (एफयूआईएसआई) के पदाधिकारियों का स्थापना समारोह भी हुआ, जिसमें शोधकर्ताओं, नवप्रवर्तकों और उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एफयूआईएसआई के संस्थापक आनंद पोद्दार ने कहा कि संस्था का लक्ष्य 10,000 स्टार्टअप को सलाह, अनुदान और ज्ञान-साझाकरण पहलों के माध्यम से सहयोग देना है।

संगठन का ध्यान नवीकरणीय ऊर्जा, मीडिया तकनीक, हरित अर्थव्यवस्था और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों पर है। भारत वेंचर के चेयरमैन डॉ. संजय खंडेलवाल ने कहा कि स्टार्टअप भारत की आर्थिक वृद्धि के प्रमुख इंजन हैं। एफयूआईएसआई के माध्यम से निवेश, मार्गदर्शन और तकनीकी समर्थन देकर युवाओं के विचारों को वास्तविकता में बदलने का प्रयास किया जा रहा है।

### गर्मी से 252 गीगावाट पर पहुंची बिजली की मांग

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच कूलिंग उपकरणों, जैसे एयर कंडीशनर और कूलर के बढ़ते उपयोग के कारण देश में बिजली की अधिकतम मांग शुक्रवार को रिकॉर्ड स्तर 252.07 गीगावाट पर पहुंच गई, जो अब तक का सर्वाधिक स्तर है। बिजली मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले मई 2024 में अधिकतम बिजली मांग 250 गीगावाट दर्ज की गई थी। मंत्रालय के अनुसार, 24 अप्रैल को देश की अधिकतम बिजली मांग 252.07 गीगावाट रही, जबकि 23 अप्रैल को यह 240.12 गीगावाट और 22 अप्रैल को 239.70 गीगावाट दर्ज की गई थी। सरकार ने इस गर्मी के मौसम में अधिकतम बिजली मांग 270 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान लगाया था।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# दूसरे राज्यों में भी फैल रहे बंगाल में घुसने वाले घुसपैठिये : हिमंत

## इससे खतरे में पड़ती है पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा : मुख्यमंत्री

कोलकाता, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका परिणाम देश के सभी पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा पर प्रभाव डालेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता बिस्वा सरमा ने कहा कि घुसपैठ जानी-मानी समस्या है, जो पश्चिम बंगाल को परेशान कर रही है। श्री सरमा ने कहा कि ये अवैध घुसपैठिये जो बेरोकटोक पश्चिम बंगाल की सीमा पार कर लेते हैं, वे अक्सर असम, त्रिपुरा और झारखंड जैसे पड़ोसी राज्यों में फैल जाते हैं। इसके बावजूद, तृणमूल कांग्रेस सरकार इस बारे में कुछ नहीं करती। श्री सरमा के अनुसार, यह स्थिति देश की सुरक्षा, विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा को गंभीर खतरे में डालती है। उन्होंने कहा कि बंगाल की ममता बनर्जी सरकार अपनी वोट बैंक की


एक जनसभा के दौरान असम के सीएम। (फाइल फोटो)

राजनीति के कारण सीमा पर बाड़ लगाने (फेंसिंग) की परियोजना को जानबूझकर धीमा कर रही है। उन्होंने बताया कि नियोजित 456 किलोमीटर के हिस्से में से केवल 77 किलोमीटर के लिए ही जमीन उपलब्ध करायी गयी है।

# बंगाल में गरीबों की नहीं, अमीरों की मदद कर रहीं ममता : राहुल गांधी

## बोले-स्वयं को देशभक्त कहते हैं लेकिन देश बेच रहे मोदी

**कोलकाता/श्रीरामपुर, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक ही श्रेणी में रखने का प्रयास करते हुए दोनों पर सत्ता के लालच में गरीबों के बजाय अमीरों की मदद करने का आरोप लगाया। गांधी ने हुगली जिले के श्रीरामपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी स्वयं को देशभक्त कहते हैं, लेकिन वह देश को बेच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गरीबों के बजाय अमीरों की मदद कर रही हैं, वहीं मोदी पूरे देश में यही कर रहे हैं... दोनों का रोजगार के अवसर पैदा करने से कोई लेना-देना नहीं है। दोनों को सत्ता चाहिए, लेकिन जनता के लिए काम नहीं करते। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री जहां भी जाते हैं, लोगों में नफरत और डर फैलाते हैं। देश दो विचारधाराओं के बीच टकराव देख रहा है।


कोलकाता के शहीद मीनार में एक जनसभा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी। फोटो : शुभंकर चक्रवर्ती

### मेरे खिलाफ कई मामले दर्ज लेकिन ममता के खिलाफ नहीं

**हुगली** जिले के सेरामपुर में में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने उनके खिलाफ कई मामले दर्ज किए हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के खिलाफ कोई मामला नहीं है। दावा किया कि ऐसा इसलिए है, क्योंकि वह भाजपा से सीधे मुकाबला नहीं करती हैं। यह बताते हुए कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनसे लगातार पांच दिनों तक 55 घंटे पूछताछ की, कांग्रेस नेता ने पूछा-ममता बनर्जी से कितने घंटे पूछताछ की गई? लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के खिलाफ ईडी या सीबीआई द्वारा कोई जांच नहीं की जा रही है। इस संबंध में टीएमसी की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में कहीं भी पुनर्मतदान का आदेश नहीं

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** र्विाचन आयोग के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए किसी भी मतदान केंद्र पर पुनर्मतदान की सिफारिश नहीं की गई है। दोनों राज्यों में बृहस्पतिवार को मतदान हुआ था। तमिलनाडु में एक ही बार में सभी 234 विधानसभा सीटों पर चुनाव संपन्न कराया गया। इसके लिए 75064 मतदान केंद्र बनाए गए थे। पश्चिम बंगाल में 152 सीटों के लिए 44376 मतदान केन्द्रों पर152 सीट पर वोट डाले गए। दोनों ही राज्यों में मतदान के नये रिकॉर्ड स्थापित हुए हैं।

### तृणमूल उम्मीदवार ने घोषित की संपत्ति

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मंत्री एवं टॉलीगंज विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार अरूप बिस्वास ने अपने चुनावी हलफनामे में लगभग 2 .09 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति घोषित की है, जो पांच साल पहले उनके द्वारा घोषित 1.5 करोड़ रुपये से अधिक है। नामांकन पत्रों के साथ दाखिल किए गए हलफनामे के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस नेता बिस्वास की चल संपत्ति 1.83 करोड़ रुपये है।

# तमिलनाडु में मतदान के सटीक आंकड़े जारी करेगा चुनाव आयोग

चेन्नई, एजेंसी

भारत निर्वाचन आयोग तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के दौरान मताधिकार का इस्तेमाल करने वाले मतदाताओं का सटीक आंकड़ा जारी करेगा। मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में पुरुष, महिला और ट्रांसजेंडर मतदाताओं का अलग-अलग विवरण भी शामिल होगा। तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक चरण में 23 अप्रैल को मतदान हुआ था और मतगणना चार मई को होगी। इसके अलावा, यहां आयोग के प्राधिकारी उन सभी सुरक्षित कक्षों का निरीक्षण करेंगे जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीन रखी गई हैं। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां कहा कि मतदान के दिन जारी 85.15 प्रतिशत मतदान का आंकड़ा अंतिम नहीं है और यह कुछ मतदान केंद्रों से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित था।

**आंकड़ों में पुरुष, महिला और ट्रांसजेंडर वोटरों का विवरण भी शामिल होगा**

### कोडईकनाल रवाना हुए मुख्यमंत्री स्टालिन

**चेन्नई, एजेंसी।** मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन शनिवार को कोडईकनाल की संक्षिप्त यात्रा पर रवाना हो गए। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष स्टालिन एक निजी विमान से मदुरै पहुंचे और फिर वहां से सड़क मार्ग से कोडईकनाल के लिए रवाना हुए। राज्य का यह लोकप्रिय पर्यटन स्थल अपनी सुंदर झीलों, पहाड़ी क्षेत्रों और हरे-भरे मैदानों के लिए जाना जाता है। उनकी पत्नी दुर्गा और परिवार के अन्य सदस्य भी उनके साथ हैं। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के 23 अप्रैल को संपन्न होने के बाद उनके बेटे एवं उपमुख्यमंत्री उदयनिधि अपनी पत्नी और बेटी के साथ पहले ही दुबई की संक्षिप्त यात्रा पर हैं।

# प. बंगाल : चुनाव आयोग ने निलंबित किए 5 पुलिस अधिकारी

कोलकाता, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान निष्पक्षता बनाए रखने में विफल रहने और 'गंभीर कदाचार' के मामले में राज्य सरकार को डायमंड हार्बर के पांच पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने तथा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में कहा कि यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) द्वारा पुलिसकर्मियों के आचरण को लेकर सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर की गई है। जिन अधिकारियों को निलंबित किया जाना है, उनमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप गराई, अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) सजल मंडल, डायमंड हार्बर थाना प्रभारी मौसम चक्रवर्ती, फाल्टा थाना प्रभारी अजय बाग और उस्ती थाना प्रभारी अधिकारी सुभेच्छा बाग शामिल हैं। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने अपने आदेश में कहा कि आयोग मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करने के बाद निर्देश देता है कि इन अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नौका पर अमेरिकी हमले में दो की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत महासागर में मादक पदार्थों को ले जा रही एक और नौका पर हमला किया जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी सेना ने यह जानकारी दी। लातिन अमेरिकी जलक्षेत्र में कथित रूप से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाली नौकाओं को नष्ट करने का अमेरिकी अभियान सितंबर की शुरुआत से जारी है और इसमें अब तक कम से कम 183 लोगों की मौत हो चुकी है। अन्य हमले कैरेबियाई सागर में किए गए हैं। सेना ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया है कि इनमें से किसी भी नौका पर मादक पदार्थ थे। यूएस सदर्न कमांड ने शुक्रवार को किए हमले की जानकारी देते हुए अपने पहले के बयानों को दोहराया और कहा कि उसने ज्ञात तस्करी मार्गों पर कथित मादक पदार्थ तस्करों को निशाना बनाया।

### न्यूयॉर्क में परमाणु-5 विशेषज्ञों की बैठक

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्रालय के विशेष दूत आंद्रेई बेलौसोव ने कहा है कि न्यूयॉर्क में 2026 परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन के इतर पांच परमाणु-संपन्न देशों (एन-5) के विशेषज्ञों की एक बैठक की योजना बनायी गयी है। रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख श्री बेलौसोव ने स्पूतनिक से बातचीत में यह पूछे जाने पर कि क्या न्यूयॉर्क में एनपीटी समीक्षा सम्मेलन के इतर परमाणु-5 प्रारूप में विशेषज्ञ स्तर के संपर्कों की योजना है, तो उन्होंने कहा, संबंधित समन्वय चल रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि परमाणु-5 प्रारूप शुरू में एनपीटी समीक्षा प्रक्रिया के एजेंडे के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बनाया गया था। बेलौसोव ने कहा, इसलिए संधि समीक्षा सम्मेलन पांच परमाणु शक्तियों के बीच संपर्कों के लिये एक स्वाभाविक मंच है।

### वैकल्पिक ईंधन की सिफारिश करेगा ईयू

**मास्को।** यूरोपीय संघ की विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) कमी होने की स्थिति में मानक यूरोपीय जेट ईंधन जेट ए-1 के विकल्प के तौर पर जेट ए के इस्तेमाल की अनुमति देने के लिए सिफारिश करने पर विचार कर रहा है। नियामक ने रूस की न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को यह जानकारी दी। फिलहाल इन सिफारिशों को जारी करने के लिए कोई समय-सीमा तय नहीं है। ईएएसए ने कहा कि ज्यादातर ईयू विमानों को जेट ए-1 और जेट ए दोनों पर उड़ान भरने के लिए प्रमाणित किया गया है और अमेरिका से आने वाली उड़ानों में इन दोनों को मिलाकर इस्तेमाल किया जा रहा है।

# महारानी गायत्री देवी के सुपर कंप्यूटर की होगी नीलामी

लंदन, एजेंसी

- 17वीं शताब्दी में पीतल से बनाया गया था यह दुर्लभ कंप्यूटर

जयपुर की महारानी गायत्री देवी के संग्रह से प्राप्त 17वीं शताब्दी में पीतल से बने एक दुर्लभ खगोलीय सुपरकंप्यूटर (एस्ट्रोलैब) को अगले सप्ताह लंदन में सोथबी नीलामीघर में नीलाम किया जाएगा। बुधवार को होने वाली नीलामी में यह सुपरकंप्यूटर 'इस्लामिक जगत एवं भारत की कला' का मुख्य आकर्षण है।

इसे इस सप्ताहांत प्रदर्शित किया गया था और इसकी अनुमानित कीमत 15 से 25 लाख पौंड के बीच है। वर्ष 1612 का यह सुपर कंप्यूटर अपनी तरह का सबसे बड़ा कंप्यूटर माना जाता था और इसे लाहौर के एक मुगल रईस के लिए दो भाइयों ने बनाया था। यह जटिल उपकरण महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय के शाही संग्रह का हिस्सा था और बाद में उनकी पत्नी गायत्री देव के पास रहा और फिर निजी संग्रह में चला गया। गायत्री देवी जयपुर की राजमाता थीं।

नीलामी के विवरण में बताया गया, इसे आगा अफजल ने बनवाया था, जो मुगल साम्राज्य के एक बेहद शक्तिशाली सरदार थे और उस समय सम्राट जहांगीर के अधीन लाहौर का प्रशासन संभाल रहे थे।

# गेमिंग एप्स का मायाजाल: मनोरंजन की आड़ में ठगी

डिजिटल क्रांति के इस दौर में अब स्मार्टफोन संचार के साथ ही मनोरंजन के बड़े केंद्र बन चुके हैं। इसी मनोरंजन की दुनिया का एक काला पक्ष ऑनलाइन गेमिंग एप्स के रूप में उभर रहा है। गेमिंग एप्स केवल खेल तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि वे एक ऐसे संगठित जाल में बदल चुके हैं जो लोगों को बेवकूफ बनाकर मोटी कमाई कर रहे हैं। मनोरंजन के नाम पर शुरू होने वाला यह सिलसिला कब एक गंभीर लत में बदल जाता है, इसका अहसास तक नहीं होता। यह ठगी केवल बैंक खातों से पैसे साफ करने तक सीमित नहीं है, यह आपके निजी डेटा की चोरी, बैंकिंग विवरणों के साथ खिलवाड़ और आपकी मानसिक शांति को पूरी तरह से दांव पर लगा रही है। लोग अमीर बनने के लालच में अपनी जीवन भर की जमा-पूंजी इन खेलों में झोंक रहे हैं।




### कैसे काम करते हैं गेमिंग एप्स

- भ्रामक विज्ञापन और सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट : बड़े-बड़े सितारे इन एप्स को प्रमोट करते हैं, जिससे इनकी विश्वसनीयता बढ़ जाती है। टीवी और सोशल मीडिया पर करोड़पति बनो जैसे विज्ञापन युवाओं को आकर्षित करते हैं।
- डेटा की सेंधमारी : गेम इंस्टॉल करते समय ये एप्स संपर्कों, लोकेशन और गैलरी तक की एक्सेस मांगते हैं। यह डेटा बाद में डार्क वेब पर बेचा जाता है या ब्लैकमेलिंग के लिए इस्तेमाल होता है।
- बैंकिंग डिटेल्स का जाल : डिपॉजिट और विथड्रॉल के नाम पर आपकी बैंकिंग डिटेल्स ली जाती हैं। कई फर्जी एप्स पैसा जमा होने के बाद अकाउंट ब्लॉक कर देते हैं या सर्वर डाउन का बहाना बनाकर गायब हो जाते हैं।

### सरकारी नियम और नियंत्रण के उपाय

- ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 : सरकार ने 'प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025' पेश किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य रियल मनी गेम्स पर लगाम लगाना है।
- रियल मनी गेम्स पर प्रतिबंध : लोकसभा में पारित नए बिल के अनुसार, अब पैसों वाले खेलों को पूरी तरह प्रतिबंधित या बेहद कड़ा विनियमित करने का प्रावधान है।
- भारी जुर्माना और सजा : अवैध गेमिंग एप चलाने या प्रमोट करने पर 3 साल तक की जेल और एक करोड़ तक के जुर्माने का नियम है।
- टैक्स व्यवस्था : सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28% जीएसटी लागू किया है ताकि इसकी अनियंत्रित वृद्धि को रोका जा सके।
- ब्लॉकिंग की शक्ति : आईटी मंत्रालय के पास अब उन सभी एप्स और वेबसाइटों को ब्लॉक करने का अधिकार है जो नियमों का उल्लंघन करती हैं।


### साइबर कानून, आंकड़े

- धारा 66डी : संचार उपकरण का उपयोग करके धोखा देने पर सजा का प्रावधान।
- धारा 420 : धोखाधड़ी से संपत्ति हड़पने के मामलों में लागू होती है।
- भारत में पिछले 24 महीनों में ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड से लगभग 20,000 करोड़ सालाना का नुकसान हुआ है। कर्नाटक में 31 महीनों में कर्ज के कारण 32 आत्महत्याएं हुईं।

# जिस भी देश में आप रहते हैं उसके प्रति पूरा वफादार बनें : होसबाले

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह ने भारतीय प्रवासियों को दिया संदेश

वाशिंगटन, एजेंसी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि विदेशों में बसे भारतीय प्रवासियों को उस देश के प्रति पूरी तरह वफादार रहना चाहिए जहां वर्तमान में वे रह रहे हैं। होसबाले ने कहा कि विदेशों में बसे भारतीय न सिर्फ अपने वर्तमान देश का बेहतर नागरिक बनने का प्रयास करें बल्कि यह भी सिद्ध करें कि हिंदू समाज स्थानीय जीवन के हर क्षेत्र में-चाहे वह नेतृत्व हो, समाजसेवा हो या कोई और दायित्व-सार्थक योगदान देने में सक्षम है।

अमेरिका की यात्रा पर आए होसबाले ने कहा कि यहां उनकी बातचीत का केंद्र मुख्यतः संघ के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर करना रहा। उन्होंने कहा कि पिछले कई दशकों से संघ के विरुद्ध जारी दुष्प्रचार के कारण अमेरिकियों के मन में इस सौ साल पुराने संगठन की एक विकृत छवि बन गई है। होसबाले ने कहा कि इन तमाम वर्षों में संघ इस विश्वास के साथ चुपचाप काम करता रहा कि हमारा काम ही हमारा संदेश है। लेकिन अब हमने सोचा कि लोगों तक सीधे पहुंचना बेहतर होगा। हमारा संदेश अब कार्यों से ही नहीं बल्कि हमारी कथनी से भी लोगों तक पहुंचना चाहिए।

होसबाले पिछले हफ्ते ब्रिटेन के दौरे के बाद अमेरिका पहुंचे। ब्रिटेन में उन्होंने शैक्षणिक जगत, विचारकों, नीति विशेषज्ञों और भारतीय प्रवासी समुदाय के विभिन्न वर्गों से मुलाकात की। यह सब संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे संपर्क अभियान का हिस्सा है। संघ के सरकार्यवाह ने कहा कि संगठन के बारे में, खासतौर पर पश्चिमी देशों में कई भ्रांतियां फैली हुई हैं, जहां संघ को हिंदू वर्चस्ववादी संगठन के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि यह दुष्प्रचार दशकों से चला आ रहा है कि संघ हिंदू वर्चस्ववादी है, अल्पसंख्यक विरोधी है, महिला विरोधी है- ऐसी तमाम भ्रांतियां फैलाई गई हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका यात्रा का मकसद इन्हीं भ्रांतियों को दूर करना है।

### अमेरिका में बसे भारतीय अच्छे नागरिक बनें मेहनत करके स्थानीय लोगों का दिल जीते

अमेरिका में बसे भारतीय प्रवासियों को होसबाले ने संदेश दिया कि वे अच्छे नागरिक बनें, मेहनत से स्थानीय लोगों का दिल जीतें और यह साबित करें कि हिंदू समाज हर क्षेत्र में योगदान और नेतृत्व देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि संघ का मानना है कि जो भारतीय यहां अपना करियर बनाने आए हैं- चाहे शैक्षणिक क्षेत्र में हो या किसी और में, उन्हें इस देश के प्रति वफादार रहना चाहिए क्योंकि यहीं से उनकी रोजी-रोटी चलती है। उन्हें यहां बेहतर नागरिक बनना चाहिए और यह दिखाना चाहिए कि हिंदू जहां भी जाते हैं, वहां के समाज में योगदान देते हैं - नेतृत्व करते हैं और उस देश के राष्ट्र-निर्माण में भागीदार बनते हैं।

### भारत के साथ हिंदू संस्कृति के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर किया जाए शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

शताब्दी वर्ष में संघ के सामने एक अहम जिम्मेदारी यह भी है कि भारत और हिंदू संस्कृति के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर किया जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि संघ किन मूल्यों के लिए खड़ा है। होसबाले ने कहा कि भारत और हिंदू संस्कृति के बारे में जो आख्यान गढ़ा गया है, वह दशकों से-देश के भीतर भी और बाहर भी-विकृत रहा है। इसे सुधारना जरूरी है। उन्होंने कहा कि संघ की पृष्ठभूमि से नहीं आने वाले भी बड़ी संख्या में लोग भारत और हिंदू संस्कृति की सही तस्वीर पेश करने में जुटे हैं। समाज में इन्हीं बातों को फैलाने की जरूरत है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां संघ और अधिक ध्यान देना चाहता है।

# पश्चिम बंगाल में गेहूं घोटाले में ईडी ने की छापेमारी

**नई दिल्ली।** ईडी ने पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत गेहूं घोटाले से जुड़े मामले में कोलकाता, बर्दवान और हाबरा स्थित नौ ठिकानों पर तलाशी ले रही है। यह कार्रवाई निरंजन चंद्र साहा और अन्य आरोपियों से जुड़े आपूर्तिकर्ताओं तथा निर्यातकों के परिसरों पर की जा रही है। ईडी ने यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत शुरू की है, जो पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा बशीरहाट थाने में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की गयी है। यह मामला घोजाडांगा भूमि सीमा शुल्क केंद्र के उप आयुक्त की शिकायत पर दर्ज हुआ था, जिसमें कल्याणकारी योजनाओं के लिए निर्धारित गेहूं की बड़े पैमाने पर हेराफेरी का आरोप लगाया गया था। जांच एजेंसी के अनुसार, आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से लाभार्थियों के लिए निर्धारित गेहूं को अवैध रूप से आपूर्ति श्रृंखला से बाहर निकालकर कम कीमत पर प्राप्त किया और फिर उसे खुले बाजार में ऊंची कीमत पर बेच दिया।

# बांग्लादेश में आतंकी हमले की आशंका, अलर्ट जारी

ढाका, एजेंसी

- पुलिस ने की राष्ट्रव्यापी सुरक्षा अलर्ट की घोषणा

बांग्लादेश पुलिस ने शनिवार को संसद परिसर समेत प्रमुख प्रतिष्ठानों पर संभावित आतंकवादी हमलों के मद्देनजर राष्ट्रव्यापी सुरक्षा अलर्ट की घोषणा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस मुख्यालय के एक अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया, खुफिया रिपोर्ट के आधार पर अलर्ट जारी किया गया है। अधिकारी ने अलर्ट को अत्यावश्यक और गोपनीय बताया।

बांग्ला दैनिक 'प्रथम आलो' की खबर के अनुसार, पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक पत्र में संसद परिसर, इबादत स्थलों, मनोरंजन स्थलों और सैन्य एवं पुलिस प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर संभावित समन्वित हमलों की चेतावनी दी गई है, जिनमें शस्त्रागारों को संभावित लक्ष्य माना जा रहा है। 'डेली स्टार' और अन्य समाचार पत्रों की खबर के मुताबिक, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के एक सदस्य इस्तियाक अहमद सामी उर्फ अबू बक्र की हालिया गिरफ्तारी के बाद अलर्ट जारी किया गया था। बक्र, कथित तौर पर दो बर्खास्त सैन्य कर्मियों के संपर्क में था। खबरों के अनुसार, पत्र में संभावित हमलों के पीछे दो कथित प्रमुख षड्यंत्रकारियों के नाम भी शामिल थे। हालांकि, किसी संगठन का नाम नहीं लिया गया।

पत्र में संदिग्ध हमलावरों को 'देश की समग्र सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक' बताया गया है। कानून लागू करने वाले अधिकारियों के हवाले से समाचार पोर्टल 'टीबीएसन्यूज डॉट नेट' ने बताया कि आतंकवादी समूह हमले करने के लिए कई तरीके अपना सकता है। पुलिस मुख्यालय ने अपराध जांच विभाग (सीआईडी), विशेष शाखा और आतंकवाद रोधी एवं अंतर्राष्ट्रीय अपराध इकाई सहित विशेष पुलिस इकाइयों को सतर्कता बढ़ाने का निर्देश दिया है, जबकि देश भर की पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है।

# तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, दो श्रमिकों की मौत

**थेनी।** थेनी जिले में कुंबम के पास शनिवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में हुए एक शक्तिशाली विस्फोट में दो श्रमिकों की मौत हो गई। यह हादसा कट्टुपल्लीवासल रोड पर स्थित एक पटाखा निर्माण इकाई में हुआ। मुथुलक्ष्मी के स्वामित्व वाली यह इकाई चुनाव की वजह से अवकाश के कारण चार दिनों से बंद थी और शनिवार सुबह ही फिर से खुली थी। विस्फोट तब हुआ जब सूर्या और दिनेश उर्फ दीना नामक दो श्रमिकों ने उस कमरे का दरवाजा खोला जहां कच्चा माल और रसायन रखे हुए थे। विस्फोट से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# नहीं बढ़ेगी रूस और ईरान से तेल खरीदारी की अवधि

- अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने किया दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका, रूस और ईरान से तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीदारी के लिए दी गई छूट की अवधि को नहीं बढ़ाएगा। यह बात अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कही। उन्होंने कहा, ईरानियों के लिए नहीं... हमने नाकेबंदी कर रखी है और वहां से कोई तेल बाहर नहीं आ रहा है। हमें लगता है कि अगले दो-तीन दिनों में उन्हें अपना उत्पादन बंद करने की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि वह रूस से पेट्रोलियम पदार्थों की खरीदारी के लिए दी गयी छूट को एक बार फिर बढ़ाने की कल्पना भी नहीं कर सकते। अमेरिका के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने मार्च में आम लाइसेंस जारी किए थे, जिनके तहत रूस और ईरान के उस तेल से जुड़े सभी लेन-देन को मंजूरी दी गयी थी, जो क्रमशः 11 अप्रैल और 19 अप्रैल तक जहाज़ों पर लादा जा चुका था। एनबीसी न्यूज़ ने 21 मार्च को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि इससे ईरान को 14 अरब डॉलर से ज़्यादा की कमाई हो सकती है। बेसेंट ने हालांकि बाद में इस अनुमान को मनगढ़ंत बात कहकर खारिज कर दिया था। अमेरिका के वित्त विभाग ने 14 अप्रैल को कहा था कि वह ईरान के तेल पर लगी पाबंदियों में दी गयी छूट की समय-सीमा को खत्म होने देगा।

# ईरान के तेल नेटवर्क और चीनी रिफाइनरी पर अमेरिकी प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के ऊर्जा और समुद्री नेटवर्क पर प्रतिबंधों को और कड़ा करते हुए इकोनॉमिक फ्यूरी अभियान के तहत नई कार्रवाई की घोषणा की है। अमेरिका ने चीन स्थित हेंगली पेट्रोकेमिकल रिफाइनरी सहित लगभग 40 शिपिंग कंपनियों और जहाजों पर प्रतिबंध लगाए हैं। इन पर ईरानी तेल के निर्यात में मदद करने का आरोप है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, हेंगली रिफाइनरी ईरानी कच्चे तेल की बड़ी खरीदार रही है और इसने अरबों डॉलर के तेल उत्पाद खरीदकर ईरान की ऊर्जा आय को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्रवाई में ईरान के तथाकथित शैडो फ्लीटको भी निशाना बनाया गया है, जिसमें ऐसे टैंकर शामिल हैं जो प्रतिबंधों के बावजूद गुप्त रूप से तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का परिवहन करते हैं।

# ईरान ने फिर शुरू कीं अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवाएं

**तेहरान।** ईरान ने 28 फरवरी से बंद अपनी अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक उड़ानों को फिर से शुरू कर दिया है। यह कदम अमेरिकी हमलों के कारण लगभग दो माह तक हवाई क्षेत्र में बाधा के बाद उठाया गया है। ईरानी नागरिक उड्डयन संगठन ने शनिवार को पुष्टि की कि मदीना और इस्तांबुल सहित प्रमुख स्थलों के लिए उड़ानें शुरू हो गई हैं।

# माली में राजधानी और कई शहरों में गोलीबारी

बामाको, एजेंसी

- आतंकी समूहों ने कुछ स्थानों और बैरकों को बनाया निशाना

माली की राजधानी बामाको और अन्य शहरों में शनिवार सुबह बंदूकधारियों ने कई स्थानों पर हमले किये। अधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने यह जानकारी दी। माली की सेना ने एक बयान में कहा कि अज्ञात सशस्त्र आतंकवादी समूहों ने राजधानी में कुछ स्थानों और बैरकों को निशाना बनाया।

सैनिक फिलहाल हमलावरों से निपटने में लगे हुए हैं। माली की राजधानी बामाको में स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास शनिवार सुबह गोलीबारी की आवाज सुनी गई।बामाको में मौजूद एक पत्रकार ने सिटी सेंटर से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित मोदिबो कीता अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगातार गोलीबारी की आवाज सुनी, और साथ ही हवाई अड्डे के आसपास एक हेलीकॉप्टर को गश्त करते देखा। यह हवाई अड्डा माली वायुसेना द्वारा उपयोग किए जाने वाले एक एयर बेस के निकट स्थित है। हवाई अड्डे के पास रहने वाले एक निवासी ने इलाके में गोलियों की आवाज सुनाई देने की जानकारी दी। उसने बताया कि आसमान में तीन हेलीकॉप्टर भी गश्त करते दिखाई दे रहे हैं। माली के अन्य शहरों के निवासियों ने भी शनिवार सुबह गोलीबारी और विस्फोटों की सूचना दी, जिससे सशस्त्र समूहों द्वारा समन्वित हमले की आशंका जताई गई। किदाल के पूर्व महापौर ने बताया कि बंदूकधारी शहर में घुस गए और कुछ इलाकों पर कब्जा कर लिया, जिसके परिणामस्वरूप सेना के साथ उनकी मुठभेड़ हुई है।

# किंग चार्ल्स तृतीय से ईरान-नाटो मुद्दे पर चर्चा करेंगे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय के अमेरिका के दौरे पर उनके साथ नाटो और ईरान के खिलाफ अमेरिकी अभियान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ट्रंप ने एक न्यूज एजेंसी को फ़ोन पर बताया, मैं हर चीज़ के बारे में बात करूँगा। वे मेरे दोस्त हैं, और वे बहुत अच्छे इंसान हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन का डिजिटल सेवा कर भी चर्चा के विषयों में शामिल होगा। गौरतलब है कि बकिंघम पैलेस ने 31 मार्च को घोषणा की थी कि किंग चार्ल्स तृतीय और रानी कैमिला अप्रैल में अमेरिका की राजकीय यात्रा पर जाएँगे। ट्रंप ने बताया कि ब्रिटेन का शाही जोड़ा 27 से 30 अप्रैल के बीच अमेरिकी दौरे पर रहेगा। सोमवार से शुरू हो रही किंग चार्ल्स की चार-दिवसीय राजकीय यात्रा, ब्रिटेन से अमेरिका की आज़ादी की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर होगी।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आप तेजी से निर्णय लेने की कोशिश करेंगे, लेकिन हर स्थिति में जल्दबाजी सही नहीं होगी। थोड़ा रुककर सोचना बेहतर रहेगा।

**तुला** – आज मित्रों और संपर्कों से लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी के साथ मिलकर किया गया काम सफल हो सकता है।

**वृष** – आज घर और निजी जीवन से जुड़ी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। काम और परिवार के बीच संतुलन बनाना जरूरी रहेगा।

**वृश्चिक** – आज काम को लेकर जिम्मेदारी बढ़ सकती है। आपको खुद को साबित करने का मौका मिलेगा। धैर्य और मेहनत से सफलता मिल सकती है।

**मिथुन** – आज बातचीत और संपर्क आपके लिए अवसर लेकर आएंगे। किसी से हुई चर्चा आगे चलकर लाभ दे सकती है। अपनी बात स्पष्ट तरीके से रखें।

**धनु** – आज आपका नजरिया सकारात्मक रहेगा। कुछ नया सीखने या समझने का मौका मिल सकता है। दिन आपके लिए प्रगति का संकेत दे रहा है।

**कर्क** – आज धन और खर्च को लेकर सजग रहना होगा। अनावश्यक खर्च से बचें और जरूरी कामों को प्राथमिकता दें।

**मकर** – आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। किसी बात को लेकर मन अस्थिर हो सकता है। जल्दबाज़ी में निर्णय लेने से बचें।

**सिंह** – आज आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और आप अपने फैसलों पर टिके रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने का मन बन सकता है।


**कुंभ** – आज संबंधों और सहयोग पर ध्यान देना जरूरी रहेगा। किसी के साथ मिलकर काम करने से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

**कन्या** – आज थोड़ा शांत रहकर काम करना बेहतर रहेगा। हर बात में प्रतिक्रिया देने से बचें। अपने काम पर ध्यान देंगे तो बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**मीन** – आज काम का दबाव बढ़ सकता है और आपको लगातार सक्रिय रहना पड़ेगा। सही प्राथमिकता तय करेंगे तो दिन आपके पक्ष में रहेगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 26 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- शुक्ल पक्ष, दशमी 18 .06 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-मघा 08 .27 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

### सुडोकू - 130 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 8 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 1 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 3 |
| 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |

### सुडोकू -131

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | | | 2 |
| 9 | | 1 | | | | 8 | | |
| | | 2 | | | 1 | | | |
| | | 5 | | | 6 | | 3 | |
| | 7 | | | | 8 | | 2 | |
| | 1 | | | | | 6 | | |
| 1 | | | 6 | | | 9 | | |
| 8 | | | | | | 2 | | 6 |
| 4 | | | | | 2 | | 7 | |

# यूक्रेन के निप्रो में रूसी हमलों में चार नागरिक मारे गए

**कीव।** यूक्रेन के निप्रो शहर पर रूस के ड्रोन और मिसाइल हमलों में कम से कम चार लोग मारे गए और 21 घायल हो गए। निप्रॉपेत्रोवस्क के क्षेत्रीय प्रमुख अलेक्ज़ेंडर गैंज़ा ने कहा कि रात भर हुए हमलों में नष्ट हुए एक घर के मलबे में चार शव मिले। उन्होंने कहा कि मलबे में और भी लोग दबे हो सकते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि रूसी हमले के बाद निप्रो के अस्पतालों में 11 लोग भर्ती हैं। वहीं, रूस के बेलगोरोद सीमावर्ती क्षेत्र में ड्रोन हमले में एक महिला की मौत हो गई।

**बयान** | पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे ने विवाद में अपना नाम घसीटने पर जताई आपत्ति

# अप्रकाशित पुस्तक के लिए मेरा हवाला देना उचित नहीं था

नई दिल्ली, एजेंसी



पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे ने अपने अप्रकाशित संस्मरण 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' को लेकर इस साल की शुरुआत में हुए विवाद के संदर्भ में कहा है कि अनावश्यक रूप से उनका हवाला देना और पुस्तक के लिए उन्हें सुर्खियों में लाना उचित नहीं था।

जनरल नरवणे ने कहा कि वह उस विवाद से आगे बढ़ चुके हैं और तब से दो पुस्तकें लिख चुके हैं तथा तीसरी पुस्तक जल्द आने वाली है। उन्होंने हाल में अपनी पुस्तक 'द क्यूरियस एंड द क्लासीफाइडः अनअर्थिंग मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीज' का विमोचन किया था। नरवणे ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने प्रकाशक से कहा था कि जब तक पुस्तक का निरीक्षण न हो जाए, इसे रोककर रखा जाए। जहां तक मेरा सवाल है, मामला वहीं खत्म हो गया था और मैं आगे बढ़ चुका हूं... इसलिए वह अध्याय बंद हो चुका है। मुझे लगता है कि अनावश्यक रूप से मेरा हवाला देना और अप्रकाशित पुस्तक को एवं परोक्ष रूप से मुझे भी सुर्खियों में घसीटना उचित नहीं था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इस साल फरवरी में लोकसभा में इस संस्मरण के अंशों का उल्लेख करने से रोक दिया गया था, क्योंकि यह अभी प्रकाशित नहीं हुआ है। रूपा पब्लिकेशंस द्वारा प्रकाशित नरवणे की हालिया पुस्तक 'द क्यूरियस एंड द क्लासीफाइडः अनअर्थिंग मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीज' में भारतीय थलसेना, नौसेना और वायु सेना से जुड़े किस्सों, कहानियों और रोचक पहलुओं का जिक्र किया गया है। नरवणे ने अपनी पुस्तक में बताया है कि सैन्य अभिवादन 'जय हिंद' को अपनाए जाने की शुरुआत कैसे हुई।

### वायुसेना ने किया सबसे पहले जयहिंद का इस्तेमाल

जनरल नरवणे ने कहा कि 'जय हिंद' का इस्तेमाल सबसे पहले भारतीय वायु सेना ने किया और बाद में थलसेना एवं नौसेना ने भी इसे अपनाया। उन्होंने कहा कि सलामी देने की मानक प्रथा मूल रूप से मौन रहना थी और विभिन्न रेजिमेंट ने 'सत श्री अकाल' या 'राम राम' जैसे अभिवादन के अपने-अपने तरीकों को जोड़ा। नरवणे ने कहा कि शुरुआत में 'जय हिंद' कहना वायु सेना ने शुरू किया था और अब हम तीनों सेनाओं में इसका पालन करते हैं। सलामी के साथ हम जय हिंद कहते हैं और व्याख्यानों में भी जय हिंद कहकर अभिवादन करते हैं।



> विकेट को देखते हुए, अगर आप अपने बॉलर्स को सपोर्ट नहीं करते हैं और इतने सारे मौके गंवाते रहते हैं, तो मुझे लगता है कि हम हारने के लायक थे। यही मेन पॉइंट है। यह एक अच्छी पिच और छोटा ग्राउंड था, इसलिए छक्के तो लगने ही थे।
> –अक्षर पटेल, दिल्ली के कप्तान


# स्टेडियम

हल्द्वानी, रविवार, 26 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

गुजरात टाइटंस **बनाम** चेन्नई सुपर किंग्स
**समय** - दोपहर 3:30 बजे

लखनऊ सुपर जायंट्स **बनाम** कोलकाता नाइट राइडर्स
**समय** - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप



- वैभव सूर्यवंशी राजस्थान–357 रन
- केएल राहुल दिल्ली–357
- विराट कोहली बेंगलुरु –328 रन


### पर्पल कैप



- अंशुल कंबोज चेन्नई – 14 विकेट
- इशान मलिंगा हैदराबाद– 14 विकेट
- प्रिंस यादव गुजरात – 13 विकेट

# रनों की बारिश में पंजाब ने रचा इतिहास

## आईपीएल-2026 : दिल्ली कैपिटल्स के 265 रनों के विशाल लक्ष्य को आसानी से किया हासिल



जीत दर्ज करने के बाद पैवेलिए लौटते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर। एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रनों का लक्ष्य हासिल कर इतिहास रच दिया है। पंजाब की टीम अब सिर्फ आईपीएल में ही नहीं बल्कि टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे बड़ा टारगेट हासिल करने वाली टीम बन गई है। पंजाब की जीत के हीरो सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर रहे। प्रभसिमरन सिंह ने 26 गेंदों पर 76 रनों की धमाकेदार पारी खेल पंजाब को धमाकेदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद अय्यर ने 36 गेंदों पर नाबाद 71 रन बनाए। करुण नायर ने अय्यर के दो कैच छोड़े जो मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुए।

प्रभसिमरन ने पहले विकेट के लिए प्रियांश आर्य के साथ 42 गेंदों में 128 रन की साझेदारी कर पंजाब को तेज शुरुआत दिलाई। तीन गेंदों के अंदर करुण नायर से मिले दो आसान जीवनदान का फायदा उठाते हुए अय्यर ने चौथे विकेट के लिए नेहाल वढेरा (25) के साथ 31 गेंदों में 51 और पांचवें विकेट के लिए शशांक सिंह (नाबाद 19) के साथ 26 गेंदों में 64 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी।

'प्लेयर ऑफ द मैच' प्रभसिमरन ने 26 गेंदों की पारी में नौ चौके और पांच छक्के लगाए, जबकि अय्यर ने 36 गेंदों की पारी में तीन चौके और सात छक्के जड़े। राहुल ने नीतीश राणा के साथ दूसरे विकेट के लिए 96 गेंदों में 220 रन की साझेदारी कर जिससे कैपिटल्स ने आईपीएल इतिहास का अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। आईपीएल में अपने छठे शतक के दौरान राहुल ने 67 गेंदों की पारी में 16 चौके और नौ छक्के लगाए, जबकि राणा ने 44 गेंदों की पारी में 11 चौके और चार छक्कों की मदद से 91 रन बनाए। दोनों की 220 रन की साझेदारी आईपीएल की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड विराट कोहली और एबी डिविलियर्स के नाम है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की इस जोड़ी ने गुजरात लायंस के खिलाफ 2016 में दूसरे विकेट के लिए 229 रन की साझेदारी की थी। राहुल का यह स्कोर किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा आईपीएल में सबसे बड़ा, जबकि ओवरऑल तीसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। उन्होंने 226 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रियांश आर्य ने पहले ही ओवर में अजमतुल्लाह उमरजई की गेंद पर छक्का जड़कर तेवर दिखाए, वहीं प्रभसिमरन ने ओवर का अंत छक्के से किया। इस जोड़ी ने मुकेश कुमार के दूसरे ओवर से 21 और अक्षर पटेल के तीसरे ओवर से 20 रन बटोरे। तीसरे ओवर के दौरान दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के सिर और कंधे में गंभीर चोट लगने के बाद उन्हें एंबुलेंस की मदद से मैदान से बाहर ले जाया गया। प्रभसिमरन ने चौथे ओवर में तीन छक्के लगाए, जबकि आर्य ने भी इस ओवर में एक छक्का लगाकर कुल 27 रन बटोरे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 18 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

### दिल्ली कैपिटल्स

**264/2** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| पथुम निसंका का प्रभसिमरन बो अर्शदीप | 11 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 152 |
| नीतीश राणा का अय्यर बो बार्टलेट | 91 |
| डेविड मिलर नाबाद | 03 |

**अतिरिक्त** :07, **विकेट पतन** : 1–28, 2–248, **गेंदबाजी** : अर्शदीप 4–0–49–1, बार्टलेट 4–0–69–1, यानसेन 4–0–44–0, वैशाख 3–0–48–0, चहल 4–0–42–0, स्टोइनिस 1–0–11–0

**152** रन केएल राहुल का आईपीएल में सर्वाधिक रनों का व्यक्तिगत रिकॉर्ड है, उन्होंने ऋषभ पंत के 128 रन का रिकॉर्ड तोड़ा


### पंजाब किंग्स

**265/4** (18.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का रिजवी बो अक्षर | 43 |
| प्रभसिमरन सिंह पगबाधा कुलदीप | 76 |
| कूपर कोनोली बो कुलदीप | 17 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 71 |
| नेहाल वढेरा का नायर बो निगम | 25 |
| शशांक सिंह नाबाद | 19 |

**अतिरिक्त** :14, **विकेट पतन** : 1–126, 2–132, 3–145, 4–201

**गेंदबाजी** : औकिब नबी 2–0–41–0, मुकेश 3–0–55–0, अक्षर 4–0–44–1, नटराजन 3.5–0–54–0, कुलदीप 4–0–46–2, निगम 2–0–24–1



शतक के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते केएल राहुल। एजेंसी

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 7 | 6 | 0 | 1 | 13 | 1.333 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 1.101 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 0.790 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | 0.820 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | 0.118 |
| 6. | दिल्ली कैपिटल्स | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | –0.184 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | –0.790 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | –0.736 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | –1.277 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | –0.879 |



## कैच पकड़ने के प्रयास में लुंगी एंगिडी चोटिल, हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच शनिवार को यहां आईपीएल मैच के दौरान गंभीर चोट लगने के बाद एंबुलेंस से स्थानीय अस्पताल ले जाया गया लेकिन अब उनकी हालत स्थिर है और उन्हें जल्द ही छुट्टी मिल जाएगी। जीत के लिए 265 रन का पीछा कर रही पंजाब किंग्स की पारी के तीसरे ओवर में कप्तान अक्षर पटेल की गेंद पर प्रियांश आर्या के शॉट पर मिड-ऑफ पर खड़े एनगिडी कैच लेने के लिए पीछे की ओर भागे, लेकिन गेंद का सही अनुमान नहीं लगा सके और संतुलन बिगड़ने के कारण गिर पड़े। इस दौरान उनका कंधा और सिर जोर से जमीन से टकराया। मैदान पर गिरते ही एनगिडी ने तुरंत अपना सिर पकड़ लिया और कुछ समय तक जमीन पर ही स्थिर रहे। वह कुछ मिनट तक मैदान पर लेटे रहे, जिसके बाद टीम के फिजियो और डॉक्टर तुरंत मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच के दौरान उनकी गर्दन को स्थिर रखने के लिए नेक ब्रेस लगाया गया। उन्हें मेडिकल जांच के लिए तुरंत यहां पूसा रोड स्थित मैक्स अस्पताल ले जाया गया। आईपीएल ने बताया कि 30 वर्षीय दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने सिरदर्द और गर्दन में दर्द की शिकायत की थी।

### हाईलाइट

## कर्नाटक की कप्तानी करने से बल्लेबाजी में मिली मदद : पडिक्कल

**बेंगलुरु।** शानदार फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल ने कहा कि कर्नाटक क्रिकेट टीम की कप्तानी करने और कुछ रणनीतिक बदलाव के कारण उन्हें एक संपूर्ण टी20 बल्लेबाज बनने में मदद मिली। पडिक्कल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की तरफ से अर्धशतक जमाकर उसकी गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने मैच के बाद पत्रकारों से कहा निश्चित तौर पर मुझे लगता है कि कप्तान बनने से मुझे खेल के प्रति एक अलग दृष्टिकोण मिला है।

## ओलंपिक पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी गुरबख्श सिंह का निधन

**चंडीगढ़।** ओलंपिक हॉकी पदक विजेता गुरबख्श सिंह ग्रेवाल का यहां जीरकपुर में शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। गुरबख्श 1968 के मैक्सिको सिटी ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। उन्होंने अपने भाई बलबीर सिंह ग्रेवाल के साथ एक ही ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इस तरह से वे उन कुछ भाईयों की जोड़ी में शामिल हैं जो एक साथ ओलंपिक में खेले। गुरबख्श ने अपने खेल करियर के अलावा पश्चिमी रेलवे में खेल अधिकारी के रूप में काम किया, जहां उन्होंने राजस्थान की कई प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें रेलवे हॉकी टीम में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कोलकाता और लखनऊ के बीच मैच में कप्तानों की होगी परीक्षा

- दोनों कप्तान ऋषभ पंत और अजिंक्य रहाणे नहीं कर पाए अपेक्षित प्रदर्शन





**लखनऊ, एजेंसी**

कहा जाता है कि कप्तान उतना ही अच्छा होता है जितनी अच्छी उसकी टीम होती है तथा ऋषभ पंत और अजिंक्य रहाणे के लिए यह कड़वी सच्चाई साबित हो रही हैं जिनकी टीम लखनऊ सुपर जाएंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स रविवार को यहां आईपीएल के मैच में आमने-सामने होंगी।

आईपीएल 2025 के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भी केकेआर ने रहाणे को कप्तान बनाए रखकर साहसिक फैसला किया लेकिन उनकी अगुवाई में टीम इस सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। केकेआर को अपनी पहली जीत दर्ज करने में सात मैच लगे। यह जीत भी उसे सामूहिक प्रयास से नहीं बल्कि रिंकू सिंह के व्यक्तिगत प्रदर्शन की बदौलत मिली।

रहाणे ने अब तक कुछ मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन वह अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए हैं जो कि इस प्रारूप में जरूरी है। उनकी उम्र लगभग 38 वर्ष है और ऐसे में उन्हें लंबी अवधि तक टी20 टीम का कप्तान बनाए रखना इस प्रारूप की मांगों के अनुरूप नहीं लगता है। कमजोर तेज गेंदबाजी आक्रमण और स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के नहीं चल पाने से भी रहाणे की मुश्किलें बढ़ी। यही नहीं टीम अभी तक सही संयोजन भी तैयार नहीं कर पाई है।

रचिन रविंद्र को अभी तक एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला है जबकि उनके देश न्यूजीलैंड के फिन एलन और टिम सीफर्ट के बीच बिना किसी स्पष्टता के अदला-बदली का खेल चल रहा है। रहाणे के कप्तान के रूप में कुछ फैसले भी टीम के लिए सही नहीं रहे। पिछले कुछ मैच में वह स्वयं भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे उन पर दबाव बढ़ गया है। केकेआर भले ही इकाना स्टेडियम में कुछ हद तक लय में उतरें, लेकिन उसके अभी केवल तीन अंक हैं और उसे अपने शेष सात मैचों में से कम से कम छह में जीत हासिल करनी होगी जो उसके प्रदर्शन को देखकर असंभव लगता है। एलएसजी का अभियान भी अब तक अच्छा नहीं रहा है।


ऋषभ पंत की अगुवाई वाली इस टीम ने केवल दो मैच जीते हैं और उस पर जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। लगातार चार हार और कप्तान के कई फैसलों ने स्थिति को और भी बदतर बना दिया है। पंत स्वयं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर का रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नाबाद 67 रन की पारी के बाद से उन्होंने पांच पारियों में केवल 72 रन बनाए हैं, जिसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ तीन गेंदों पर शून्य पर आउट होना भी शामिल है।

## सीएसके व गुजरात अपनी स्थिति मजबूत करने उतरेंगे

**चेन्नई।** पिछले कुछ मैचों शानदार प्रदर्शन करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ यहां होने वाले आईपीएल के मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। दूसरी तरफ लगातार दो हार का सामना करने वाली गुजरात टाइटंस की टीम अच्छा प्रदर्शन करके अपने अभियान को पटरी पर लाने के लिए बेताब होगी।

सीएसके ने इस सत्र की शुरुआत अच्छी नहीं की थी लेकिन इसके बाद उसने शानदार वापसी करके अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत हासिल की है। इसमें मुंबई इंडियंस पर 103 रन की जीत भी शामिल है, जिसमें संजू सैमसन ने सत्र का अपना दूसरा शतक लगाया था। रुतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली सीएसके के अभी छह अंक हैं और वह प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए आगे किसी भी तरह की गलतियों से बचने के लिए प्रतिबद्ध होगी। सीएसके अच्छी स्थिति में नजर आ रही है।

# सूर्यवंशी के आतिशी शतक से राजस्थान ने बनाए 228 रन




शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते वैभव सूर्यवंशी। एजेंसी

**जयपुर, एजेंसी**

वैभव सूर्यवंशी (103 रन) के 36 गेंद में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास के तीसरे सबसे तेज शतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को यहां टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ छह विकेट पर 228 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सूर्यवंशी ने सवाई मानसिंह स्टेडियम में 32 रन पर मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए लीग का अपना दूसरा और इस सत्र का पहला शतक जड़ा। इस सत्र में इससे पहले वह तीन तूफानी अर्धशतक भी जड़ चुके हैं।

पंद्रह साल के इस खिलाड़ी ने एक बार फिर अपने शानदार स्ट्रोक-प्ले का प्रदर्शन किया जिसमें जबरदस्त ताकत और बेहतरीन टाइमिंग का मेल देखने को मिला। यह मैच राजस्थान का इस सत्र का पहला घरेलू मैच था। सूर्यवंशी ने अपनी 37 गेंद की पारी के दौरान पांच चौके और 12 छक्के जड़े। सूर्यवंशी ने अपनी 36वीं गेंद पर साकिब हुसैन (62 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर छक्का जड़कर अपना शतक पूरा किया। इसके साथ ही उन्होंने आईपीएल के इतिहास का तीसरा सबसे तेज शतक अपने नाम किया। इससे आगे उनका खुद का पिछले साल बनाया गया 35 गेंद का शतक और अप्रैल 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए क्रिस गेल का 30 गेंद का शतक मौजूद है।

सूर्यवंशी ने पारी की शुरुआत ही जोरदार अंदाज में की। उन्होंने पहले ओवर की आखिरी चार गेंदों पर प्रफुल हिंगे (49 रन देकर एक विकेट) को ऑन-साइड में दो छक्के और विकेट के पीछे (डाउन द विकेट) दो छक्के जड़े। इस तेज शुरुआत के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। शानदार लय में दिख रहे सूर्यवंशी ने रन बनाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ा। उन्होंने विकेट के दोनों ओर रन बटोरे और पारी की शुरुआत में दो मजबूत साझेदारियां निभाते हुए तेज रन गति बनाए रखी।

उनकी तेज शुरुआत की बदौलत पहले विकेट के लिए महज 14 गेंदों में 40 रन जुड़ गए। इसके बाद उन्होंने दूसरे विकेट के लिए ध्रुव जुरेल (51 रन) के साथ 112 रन की साझेदारी करके टीम को और मजबूत किया। जुरेल ने भी 35 गेंद में आठ चौके और दो छक्के जड़ित अर्धशतकीय पारी से अहम योगदान दिया।

सूर्यवंशी की तूफानी पारी उनका शतक पूरा करने के तुरंत बाद ही खत्म हो गई। वह हुसैन की गेंद पर स्कूप शॉट खेलने से चूक गए और गेंद सीधे उनके स्टंप्स के सामने उनके पैरों पर लगी जिसके बाद उन्हें पगबाधा आउट दे दिया गया। इस बीच जुरेल भी दो बार भाग्यशाली रहे। सनराइजर्स हैदराबाद खतरनाक यशस्वी जायसवाल (10) को जल्दी ही आउट करने में कामयाब रही। पांचवें ओवर में ईशान मलिंगा (38 रन देकर दो विकेट) ने सूर्यवंशी को आउट करने का मौका बनाया लेकिन टीम ने मौका गंवा दिया।

### राजस्थान रॉयल्स

**228/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का क्लासेन बो मलिंगा | 10 |
| वैभव सूर्यवंशी पगबाधा बो हुसैन | 103 |
| ध्रुव जुरेल का अनिकेत वर्मा बो नीतिश रेड्डी | 51 |
| रियान पराग बो कमिंस | 07 |
| डोनोवन फरेरा का क्लासेन बो मलिंगा | 33 |
| हेटमायर का नीतिश रेड्डी बो हिंगे | 11 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 04 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 02 |

**अतिरिक्त** : 07, **विकेट पतन** : 1–40, 2–152, 3–170, 4–191, 5–214, 6–225

गेंदबाजी : हिंगे 4–0–49–1, कमिंस 4–0–27–1, मलिंगा 4–0–38–2, हुसैन 4–0–62–1, शिवांग 2–0–31–0, नीतिश रेड्डी 2–0–20–1

### झटका

**विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस पूरी नहीं कर पाएंगे खिताबी हैट्रिक**

# मौजूदा चैंपियन अल्काराज चोट के कारण फ्रेंच ओपन से हटे

**मैड्रिड, एजेंसी**



विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताबी हैट्रिक पूरी नहीं कर पाएंगे क्योंकि वह दाहिनी कलाई में चोट के कारण वर्ष की इस दूसरी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता से हट गए हैं। अल्काराज़ ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया कि वह रोम में होने वाले इटालियन ओपन में भी भाग नहीं लेंगे, जहां उन्होंने पिछले साल जीत हासिल की थी। स्पेन का यह खिलाड़ी इस महीने बार्सिलोना ओपन में अपने पहले दौर के मैच में जीत हासिल करने के दौरान चोटिल हो गए था और अगले दिन टूर्नामेंट से हट गए था।

उन्होंने इस सप्ताह के मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था। उन्होंने जब सोमवार को मैड्रिड में लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स समारोह में हिस्सा लिया तो उनकी कलाई में पट्टी बंधी हुई थी। उन्हें इस समारोह में विश्व का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। अल्काराज़ ने कहा कि चिकित्सा परीक्षणों के बाद उन्होंने फ्रेंच ओपन से हटने का फैसला किया।

उन्होंने कहा आज किए गए परीक्षणों के परिणामों के बाद हमने फैसला किया है कि सबसे समझदारी भरा कदम सतर्क रहना तथा रोम (इटालियन ओपन) और रोलां गैरां (फ्रेंच ओपन) में भाग नहीं लेना है। यह मेरे लिए मुश्किल समय है लेकिन मुझे विश्वास है कि मैं और मजबूत होकर वापसी करूंगा। अल्काराज़ ने इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराकर सत्र की शानदार शुरुआत की थी। इसके साथ ही वह चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए थे। उसके बाद से उन्होंने केवल एक ही खिताब जीता है।

उन्होंने फरवरी में दोहा में जीत हासिल की थी। इस महीने की शुरुआत में उन्हें मोंटे कार्लो के फाइनल में यानिक सिनर से हार का सामना करना पड़ा था। इस जीत से सिनर फिर से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बन गए थे।

### सिनर को उम्मीद है कि अल्काराज जल्द ही वापसी करेंगे



यानिक सिनर को उम्मीद है कि अल्काराज़ जल्द ही वापसी करेंगे। उन्होंने मैड्रिड ओपन में पहले दौर की जीत के बाद कहा टेनिस को कार्लोस की जरूरत है। उनके होने से टेनिस का खेल और भी बेहतर हो जाता है। मुझे उम्मीद है कि वह जल्द वापसी करेंगे। मुझे लगता है कि उनका अगला लक्ष्य विंबलडन (जून में) है, और मैं यही उम्मीद करता हूं। इसलिए मुझे उम्मीद है कि वह विंबलडन में वापसी करेंगे। इटालियन ओपन पांच मई से और फ्रेंच ओपन 18 मई से शुरू होगा।